PM GatiShakti
आज़ादी का अमृत महोत्सव

# छत्तीसगढ़ के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध मोदी सरकार



## राज्य में कोयला एवं यात्री परिवहन तथा स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी ₹ 6400 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं का

## राष्ट्र को समर्पण, शिलान्यास एवं वितरण

### राष्ट्र को समर्पण

**छत्तीसगढ़ ईस्ट रेल परियोजना फेज 1**
(खरसिया – धरमजयगढ़ | लंबाई – 124 किमी | लागत लगभग – ₹ 3000 करोड़ )

- मांड-रायगढ़ कोलफील्ड एवं पावर प्लांट्स के बीच आसान कनेक्टिविटी।
- आदिवासी-बहुल्य क्षेत्र को पूरे देश से जोड़ेगा यह रेल नेटवर्क।

**चांपा – जामगा के बीच तीसरी रेल लाईन**
(लंबाई – 98 किमी | लागत लगभग – ₹ 800 करोड़)

- मुंबई-हावड़ा मेन लाईन की परिवहन व्यवस्था हुई बेहतर।
- संयंत्रों में कोयला तथा उद्योगों के कच्चे माल का तीव्र परिवहन।

**पेंड्रा रोड–अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाईन**
(लंबाई – 50 किमी | लागत लगभग – ₹ 500 करोड़)

- कोयले के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण रेल लाईन।
- अंचल में बढ़ेगी रेल कनेक्टिविटी, सुगम होगा यातायात।

**तलाईपल्ली कोयला खदान से एनटीपीसी लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन एमजीआर (मेरी-गो-राउंड) सिस्टम**
( लंबाई – 65 किमी | लागत लगभग – ₹ 2100 करोड़ )

- तलाईपल्ली कोयला खदान को जोड़ेगा देश के किसी भी पावर स्टेशन से।
- विद्युत उत्पादन के लिए लैंडेड कोल की लागत में कमी।

### शिलान्यास

**छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में 9 क्रिटिकल केयर ब्लॉक**

- छत्तीसगढ़ राज्य में आधारभूत स्वास्थ्य संरचनाओं का होगा विकास।
- मरीजों को जिला स्तर पर ही क्रिटिकल केयर यूनिट की सुविधा।

### वितरण

**1 लाख सिकल सेल काउंसलिंग कार्ड**

- राज्य में सिकल सेल बीमारी से प्रभावित मरीजों को सहूलियत।
- राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन (एनएसएईएम) को मजबूती।

## नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के कर-कमलों द्वारा

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री विश्वभूषण हरिचन्दन**
राज्यपाल, छत्तीसगढ़

**श्री भूपेश बघेल**
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय मंत्री
रेल, संचार, एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

**श्रीमती रेणुका सिंह सरुता**
केन्द्रीय राज्य मंत्री
जनजातीय कार्य मंत्रालय

**श्री टी. एस. सिंह देव**
उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्रीमती गोमती साय**
सांसद

CBC 04101/13/0003/2324

गुरुवार, 14 सितंबर 2023, दोपहर 3:15 बजे कोडातराई, रायगढ़, छत्तीसगढ़

DD News डीडी न्यूज़ पर सीधा प्रसारण

# जिला कांग्रेस ने रेल सुविधा की मांग पर पेंड्रा रोड स्टेशन का किया घेराव





**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 13 सितंबर (देशबन्धु)।** केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा लगातार ट्रेनों के परिचालन बंद किए जाने तथा रेलवे को निजी हाथों में बेचने का जो षड्यंत्र किया जा रहा है उसके खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा पेंड्रा रोड रेलवे स्टेशन का घेराव किया गया जहां पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। सबसे पहले रेलवे ग्राउंड में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसमें बहुत से वक्ताओं ने केंद्र की सरकार और रेल मंत्रालय के खिलाफ जमकर विरोध दर्ज कराया। जहां पर हजारों कांग्रेस जन उपस्थित थे उसके पश्चात सभी कांग्रेस जनों के द्वारा रेलवे स्टेशन का घेराव करते हुए रेलवे ट्रैक पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया गया साथ ही स्टेशन मास्टर को ज्ञापन भी सोपा गया।

पिछले तीन वर्ष में 67000 ट्रेनों को रद्द किया गया है साथ ही वरिष्ठ जनों, विकलांग, छात्रों को मिलने वाली रियायत को बंद कर दिया गया है। प्रतिवर्ष 20000 करोड रुपए की आए देने वाले बिलासपुर जोन की लगातार उपेक्षा की जा रही है जिस पर कांग्रेस जनों ने विरोध दर्ज कराया है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उत्तम वासुदेव ने कहा कि वर्तमान मोदी सरकार के द्वारा अडानी के हाथो में रेल्वे को बेचने का कार्य किया जा रहा है आम जनता को मिलने वाली रियायत को खत्म कर दिया गया है, मरवाही विधायक डॉक्टर के.के. ध्रुव ने कहा कि आम जनता के लिऐ कांग्रेस हमेसा सड़क से लेकर ससंद तक लड़ाई लड़ेगी। धरना प्रदर्शन को बुंद कुंवर मास्को, अर्चना पोर्ते, मोहन लाल शुक्ला, शिवनारायण तिवारी, अजीत सिंह पेंद्रों, शंकर पटेल, ड्रा. नरेंद्र राय, मुद्रिका सिंह, गुलाब अग्रवाल, ममता पावले, गुलाब राज, जिला महामंत्री पुष्पराज सिंह, प्रमोद परस्ते, वीरेंद्र बघेल, नारायण शर्मा, ममता पैकरा, रमेश साहू, ओम प्रकाश बंका, ने संबोधित किया। आज के धरना प्रदर्शन में प्रमुख रूप से गिरिजा केशरवानी, वेद कुमार तिवारी, अजीत सिंह श्याम, अवधेश गुर्जर, जीवन राठौर, अरुण जयसवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, विजय केडिया, पवन दुबे, अजय राय, अमन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अमोल पाठक, बेचू सिंह अहिरेश, प्रशांत श्रीवास, मनीष दुबे, श्रीकान्त मिश्रा, कृपाल सिंह, अफ़सर ख़ान संजय सिंह, भारत राजपूत, राकेश मसीह, हरीश राय, वैभव तिवारी, ओमप्रकाश बंका, दया वाकरे, अजय शुक्ला, लक्ष्मण राजपूत, शंकर कंवर, शहाना बेगम, गिरजारानी पोट्टाम, विद्या राठौर, श्रीमती स्वेता मिश्रा, सुनीता तीमोथी, मालती वाकरे, राहुल तिवारी, निलेश गुर्जर, उमा पाव, रहतुम निशा, अनसर जुनजानी, आलोक शुक्ला, मदन सोनी, अर्पित राय, आशीष केशरी, राजकमल गुप्ता, अनुज ताम्रकार, समीर अहमद, रवि गुप्ता, संजय सिंह, इंद्रीश अंसारी, मोहम्मद इरशाद, सुभाष मित्तल, बाला कश्यप, सुफियान अंसारी, संतोष ठाकुर, शुभम पेंद्रो, अमित पाठक, भोला नायक, संदीप शर्मा, शंकर साहू, चंदा साहू, अनिल ठाकुर, वीरेंद्र मिश्रा, राकेश अग्रवाल, यश शर्मा, रामानन्द सिंह, जगदीश यादव, रामरतन पेंद्रों, चन्द्रभान मलैया, मनोज यादव, संतोष मलैया, निलेश साहू, कौशल राठौर, संदीप साहू, निलेश मिश्रा, विक्की वासुदेव, अर्पित दुबे, मनोज साहू, सार्थक गुप्ता, गुरुदत्त मिश्रा, सोहम गौतम, गौरव तिवारी, शिवा राठौर व अन्य सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**बिलासपुर जोन की लगातार हो रही उपेक्षा**

## छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल सरकार से हर वर्ग प्रताड़ित- विजय बघेल

- प्रदेश में कानून व्यवस्था चरमराई, शराब की नदियां बह रही, जुआ सट्टा चल रहा खुलेआम
- मरवाही में धरना प्रदर्शन में शामिल हुए विजय बघेल

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 13 सितंबर (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार से हर वर्ग प्रताड़ित है। प्रदेश में कांग्रेस द्वारा शराब बंदी की घोषणा की गई थी परंतु हालत यह है कि प्रदेश में शराब की नदियां बह रही है। शराब जुआ सत्ता का अवैध कारोबार खूब फल फूल रहा है। प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमराई हुई है। उक्त बातें भाजपा चुनाव घोषणा पत्र समिति छत्तीसगढ़ के सदस्य एवं पाटन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल ने मीडिया से बात करते हुए कही। 13 सितंबर बुधवार को प्रदेश सरकार के खिलाफ मरवाही में भाजपा द्वारा आयोजित महाधरना में शामिल होने आए विजय बघेल ने आगे कहा कि प्रदेश में भाजपा स्थानीय एवं प्रदेश स्तरीय मुद्दों पर चुनाव लड़ने जा रही है। घोषणा पत्र में जिन बातों को शामिल किया जाना है उसके लिए आम जनों से सुझाव मांगे जा रहे हैं ताकि जनता के अनुरूप भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र तैयार हो सके। पाटन विधानसभा क्षेत्र से स्वयं को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर श्री बघेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में जिस भी कार्यकर्ता को जहां से जो जिम्मेदारी दी जाती है उसे निभाना पड़ता है। मुख्यमंत्री से चुनाव लड़ रहा हूं यह पार्टी का आदेश है उन्होंने इस बात से इनकार किया कि वह मुख्यमंत्री के दावेदार हैं पार्टी जो भी आदेश देगी वह उसे मानते हैं हमारे यहां भाजपा में पार्टी चुनाव लड़ती है। इसी के साथ उन्होंने नूरा कुश्ती के आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि पाटन विधानसभा क्षेत्र से वे पहली बार उम्मीदवार नहीं है। मुख्यमंत्री उनके रिश्तेदार जरूर है परंतु उनकी तो कभी मुख्यमंत्री से बातचीत तक नहीं होती इसलिए नूरा कुश्ती का आरोप गलत है। इसके पूर्व वर्ष 2008 में उन्होंने भूपेश बघेल को पाटन विधानसभा क्षेत्र से चुनाव हराया है तथा पिछले लोकसभा चुनाव में पाटन विधानसभा क्षेत्र से भाजपा 23000 मतों से आगे रही है। विजय बघेल ने आगे कहा कि पाटन विधानसभा क्षेत्र से वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं पाटन विधानसभा क्षेत्र की जनता चुनाव लड़ रही है तथा इस बार वहां की जनता भूपेश बघेल को सबक सीखाने का मन बन चुकी है। मैं केवल दो दिनों के लिए पाटन विधानसभा क्षेत्र गया हूं। श्री बघेल ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही द्वारा भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव के आव्हान पर मरवाही विधानसभा क्षेत्र की ज्वलन्त समस्याओं के निराकरण एवं कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, वादा खिलाफी एवं शराब घोटाले के मुद्दे पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के लिए मैं आया हूं तथा इसी तरह दूसरे विधानसभा क्षेत्र में भी जा रहा हूं मैं पाटन विधानसभा क्षेत्र में बिल्कुल चुनाव प्रचार नहीं कर रहा हूं वहां की जनता खुद उनके साथ हुए छल फरेब का बदला



# सार-संक्षेप

## आयुष्मान कार्ड बनाने 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष अभियान



**मुंगेली, 13 सितंबर (देशबन्धु)।** आयुष्मान भवः योजनांतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें आयुष्मान के तृतीय चरण में छुटे हुए परिवारों के सदस्यों का कार्ड बनाया जाएगा एवं पी.वी.सी. कार्ड का वितरण किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आज विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया गया। आयुष्मान भवः योजनांतर्गत आयुष्मान मेला का आयोजन समस्त समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों एवं स्वास्थ्य शिविरों में किया जाएगा और सभी प्रकार की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जाएगा। इसी तरह आयुष्मान सभा के अंतर्गत समस्त ग्राम में ग्राम सभा के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी, आयुष्मान कार्ड, गैर संचारी रोग, सिकल सेल, टीकाकारण और टी.बी. मरीजों का चिन्हांकन किया जाएगा। योजना के शुभारंभ अवसर पर विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एम. के. राय सहित जिला चिकित्सालय मुंगेली के अन्य स्टॉफ एवं हितग्राही उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता के लिए मैत्री फुटबाल मैच का आयोजन 14 को

**मुंगेली, 13 सितंबर (देशबन्धु)।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला स्वीप समिति और खेल एवं युवा कल्याण विभाग मुंगेली के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में 14 सितम्बर को दोपहर 03 बजे से मैत्री फुटबाल मैच का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ खेल अधिकारी श्री संजय पॉल ने बताया कि मैत्री फुटबाल मैच में जिला फुटबाल संघ मुंगेली सीनियर वर्ग एवं खेलो इंडिया फुटबाल केन्द्र मुंगेली सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों के बीच आयोजित कराया जाएगा। मैच के बाद शत-प्रतिशत मतदान हेतु खिलाड़ियों को

प्रथम पृष्ठ का शेष

## कांग्रेस ने प्रदेश भर में ...

ब्याह के सीजनों मे रेल्वे बिना बताए बिना कारण के यात्री ट्रेनों को रद्द कर देती है। रेल्वे द्वारा ट्रेनों को रद्द किये जाने का कारण मेंटेनेंस बताया जाता है। जबकि उन्ही ट्रेको पर यात्री ट्रेनों से 50गुना अधिक क्षमता की मालवाहक ट्रेनों को चलाया जाता है। छत्तीसगढ़ से निकलने वाले कोयले का परिवहन कर दूसरे प्रदेश को भेजने के लिए भी छत्तीसगढ़ की यात्री सुविधाओं को बाधित किया गया।

रेल्वे द्वारा जिस प्रकार से यात्री ट्रेनों के संचालन मे लगातार कोताही बरती जा रही उससे स्पष्ट हो रहा की रेल्वे यात्री सुविधाओं की अपेक्षा मालवाहक गाड़ियों को ज्यादा प्राथमिकता दे रही, यह जानबूझ कर किया जाने वाला षड़यंत्र है ताकि जनमानस मे रेल अलोकप्रिय हो और मोदी सरकार रेलवे को निजी हाथो विशेषकर अडानीसमूह को सौप सके रेल देश के नागरिकों की सबसे सुलभ और लोकप्रिय सुविधा है आजादी के पहले और बाद मे भी सभी सरकारों नें घाटा उठा कर भी जनहित मे रेल्वे का संचालन अनवरत जारी रखा। रेल्वे को बेचने का कोई भी प्रयास देश की जनता के साथ धोखा है कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करेगी। कांग्रेस पार्टी मांग करती है की केंद्र सरकार यात्री ट्रेनों को नियमित चालन की व्यवस्था सुनिश्चित करें साथ ही यात्री सुविधाओं विकलांग, बुजुर्ग, रिटायर्ड, सैनिकों, छात्रों, बच्चों को पूर्व में मिलने वाली रियायते बहाल की जाए।

## 75 लाख महिलाओं को ...

की जानकारी की। उन्होंने कहाकि उज्ज्वला योजना के तहत अभी तक 9.60 करोड़ एलपीजी सिलेंडर वितरित किए जा चुके हैं। अधिक से अधिक गरीब महिलाओं को इस योजना का लाभ मिले, इसके लिए अब 75 लाख और गैस कनेक्शन महिलाओं को दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत मई 2016 में की थी। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की महिलाओं को इस योजना के तहत मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए जाने का प्रावधान है। माना जाता है कि 2019 में मोदी सरकार की सत्ता वापसी में इसे योजना से काफी अहम भूमिका रही। अब फिर से चुनावी साल में इस योजना की दूसरी सीरीज की घोषणा की गई है।

# अविवादित राजस्व प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश

### क्षतिपूर्ति के प्रकरणों में त्वरित रूप से हो मुआवजा भुगतान

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 13 सितंबर (देशबन्धु)।** साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा के दौरान अविवादित राजस्व प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट के अरपा सभा कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर प्रियंका ऋषि महोबिया ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पेंड्रारोड और मरवाही को तहसीलदारों एवं पटवारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के साथ की अविवादित नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, डायवर्सन, अतिक्रमण आदि प्रकरणों को एक सप्ताह के भीतर निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जमीन विवाद से संबंधित शिकायत पंजी बनाने, प्रकरणों की सुनवाई करने और गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने प्राकृतिक आपदा सहित क्षतिपूर्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने और मुआवजा दिलाने के भी निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी निर्माण विभागों को शासकीय भवनों आदि के निर्माण में रीपा उत्पादित सीएलसी ब्लॉक एवं फ्लाई एश ब्रिक का उपयोग अनिवार्य रूप से करने के साथ ही कार्यालयीन उपयोग हेतु रीपा उत्पादित स्टेशनरी का उपयोग करने कहा। उन्होंने कहा कि सी-मार्ट द्वारा विक्रय किए जा रहे सामग्रियों का दर बाजार दर के बराबर या उससे कम होना चाहिए, ताकि महिला स्व सहायता समूहों एवं रीपा द्वारा उत्पादित गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों की बिक्री अधिक से अधिक हो सके। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ एवं निर्माण एजेंसियों को पंचायतों में पूर्ण होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यो का उपयोगिता प्रमाण पत्र नियमित रूप से भेजने और सांसद-विधायक मद से स्वीकृत कार्यो का तकनीकी स्वीकृति भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु नॉमिनी सुविधा के तहत किसानों को आधार नंबर के साथ नॉमिनी फॉर्म भरने और अपना पंजीयन अद्यतन कराने हेतु मुनादी कराकर किसानों को जानकारी देने कहा। उन्होंने बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे लाभार्थियों का काउंसिलिग करने तथा उन्हे निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के भी



**NECC**

| 14.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.00 | 100 | 195 |

डिलीवरी 5.20 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं चाहत खत्री पति पंकज खत्री निवासी गली नंबर 02, कश्यप कॉलोनी वार्ड नंबर 24 बिलासपुर (छ.ग.) 495001 अपना पुराना नाम अलका रामचंदानी पति पंकज खत्री को त्यागकर नया नाम चाहत खत्री पति पंकज खत्री रख लिया है अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **चाहत खत्री पति पंकज खत्री** के नाम से जाना और पहचाना जावे।

**चाहत खत्री**
**गली नंबर 02, कश्यप कॉलोनी वार्ड नंबर 24**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**495001**

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा**
**जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..../बी-121/20
ग्राम- किरारी

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक- कमल प्रसाद पिता- खोलबहरा जाति गोड़ ग्राम किरारी के द्वारा ग्राम किरारी में अपने स्वयं कमल प्रसाद की जन्म दिनांक 01/01/1995 को हो जाने पर आवश्यक कार्य कराये जाने हेतु जन्म प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक19/09/2023 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार
अकलतरा,
जिला-जांजगीर
-चांपा (छ.ग.)

सील

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोरबा (छ.ग.)**

प्रो.नं.15/23
प्रकरण क्रमांक-28/2023
पेशी तारीख-05/10/2023

**ईश्तहार**

श्रीमती रेखा शर्मा
बनाम
महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. कोरबा छ.ग.

उपरोक्त वादी श्रीमती रेखा शर्मा के द्वारा प्रतिवादी महाप्रबंधक एस.ई.सी.एल. कोरबा छ.ग. के विरूद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत माननीय न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कोरबा में प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक 05/10/2023 की तिथि नियत है।

अतः प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे संबंध हो) को उक्त आवेदन पत्र के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक को सुबह 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा- आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 31/08/2023 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(अश्वनी कुमार चतुर्वेदी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक
जिला कोरबा (छ.ग.)

सील

**कार्यालय नगरपालिका परिषद खरसिया, जिला- रायगढ (छ.ग.)**

palikakharsia@gmail.com
Tel Phone No. 07762- 272277
क्रमांक/745/न.पा.प./लो.नि.वि./2023
**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**
खरसिया, दिनांक 11.09.2023

एकीकृत प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत टी.डी.आर./ एफ.डी.आर. राशि के रूप में | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 147152 | Construction of Shed, Electrification work, rain water pipe work, drilling of tube well (under U.I.P.A.project) at Kharsia | 122.96 | 92300.00 | 04.10.2023 समय सायं 5.30 बजे तक) | फिजीकल सबमिशन करने की अंतिम तिथि 05.10.2023 सायं 3.30 बजे तक एवं निविदा खोलने की तिथि 06.10.2023 सायं 5.30 बजे |

निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्तें उल्लेखित वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है एवं निविदा ऑनलाईन भरे जाने हेतु अन्य जानकारी तथा समस्या हेतु Tollfree help desk.no.18004199140 पर संपर्क किया जा सकता है।
टीप:- 1 उक्त दिवस में निविदा खोलने संबंधित कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से संपन्न नहीं होने पर अन्य दिवस में निविदा खोलने की कार्यवाही की जावेगी।
2 अमानत राशि तथा शपथ पत्र एवं निविदा संबंधित ऑनलाईन में अपलोड अपरान्ह समस्त दस्तावेज में डी.डी.ऑफलाईन स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही लिया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद खरसिया

**ICICI Home Finance** | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, अंधेरी – कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001

खनियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | राधेश्याम देवांगन (कर्जदार), प्रभा देवांगन (सह-कर्जदार), एलएचबीएसआर 00001330025ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर 00001330025 | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति परिवर्तित भूमि शीट नंबर 31, प्लॉट नंबर 10, राजस्व सर्वे नंबर 1704/3, मौजा निरातू, पटवारी सर्किल नंबर 31/53, ग्राम पंचायत क्षेत्र की सीमांतर्गत, आरआई सर्किल सकरी, ब्लॉक तखतपुर तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) | रू. 20,13,362/- 11-09-2023 | रू. 21,26,250/- / रू. 2,12,630/- | 18-09-2023 को पूर्वा.11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक | 29-09-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – https://BestAuctionDeal.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 28-09-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 28-09-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 28-09-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में बिलासपुर में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड से 7021072869 पर अथवा हमारे सेल्स एवं मार्केटिंग पार्टनर नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया देखें : https://www.icicihfc.com/

तिथि : 14-09-2023
स्थान : बिलासपुर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**परिशिष्ट – दो (नियम 4.4.2)**
**चतुर्थ निविदा प्रकाशन बाबत्**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 8883 — दुर्ग, दिनांक 12/09/2023

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.) की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निर्माता फर्म या उनके अधिकृत विक्रेताओं से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए वर्किंग लंच हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रति निविदा फार्म रू. 1000/- (अक्षरी-रू. एक हजार मात्र) का नगद भुगतान कर निविदा प्रकाशन के दिनांक से 21/09/2023 तक सायं 5.00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं। चतुर्थ निविदा आमंत्रण में पर्याप्त संख्या में निविदा प्राप्त न होने पर प्राप्त निविदा से ही निर्णय लिया जाएगा।

| | |
|---|---|
| निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - | 21/09/2023 को शाम 5.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - | 22/09/2023 को दोपहर 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि - | 22/09/2023 को दोपहर 4.00 बजे तक |

स्थानः- कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

संवाद- 38492/1
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- दुर्ग (छ.ग.)

**देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष**

**छात्रवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित**

देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए छत्तीसगढ़ के सभी स्थानों से माध्यमिक/उच्च माध्यमिक एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से छात्रवृत्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। छात्र सादे कागज पर एक ओर साफ-सुथरे अक्षरों में अपना सम्पूर्ण विवरण, शैक्षणिक, पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति को लिखते हुए आवेदन करें। आवेदक आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंक सूची, आय, जाति प्रमाण पत्र तथा वर्तमान में अध्ययन का प्रमाण पत्र लगावें। पितृहीन, विकलांग तथा आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्ग के छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी।

न्यास द्वारा प्रतिवर्ष जरूरतमंद प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है जिसमें करीब 100 स्मृति छात्रवृत्तियां शामिल है। कोष तथा छात्रवृत्ति से संबंधित सभी मामलों में न्यास का फैसला अंतिम और मान्य होगा। अतः छात्रवृत्ति से संबंधित किसी प्रकार के पत्र व्यवहार अथवा सिफारिश करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। आवेदन पत्र भेजने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2023 है तथा आवेदन भेजने का पता है-

**सचिव**
**देशबन्धु प्रतिभा प्रोत्साहन कोष**
**दैनिक देशबन्धु**
**रामसागरपारा, रायपुर (छ.ग.)**

CMYK

www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, गुरुवार, 14 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –136 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु



**पोला तिहार आज**

■ भाषा के स्तर पर हीनता का भाव
■ खतरे में आदिवासियों का अस्तित्व
पृष्ठ 4

■ किम ने रूस के साथ संबंधों को बताया उ. कोरिया की पहली प्राथमिकता
■ वियतनाम की आवासीय इमारत में लगी आग, 10 की मौत
पृष्ठ 9

आईसीसी वनडे रैंकिंग में बाबर के करीब गिल, टॉप-10 में कोहली-रोहित
पृष्ठ 10

### इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की हुई बैठक

# भोपाल में होगी गठबंधन की पहली रैली

**नई दिल्ली**, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। विपक्षी इंडिया गठबंधन की 14 सदस्यीय समन्वय समिति की पहली बैठक बुधवार को नई दिल्ली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार के आवास पर हुई। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे। गठबंधन की पहली सार्वजनिक सभा अक्तूबर के पहले सप्ताह में भोपाल में होगी। बैठक से पहले समिति के सदस्य और आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा था कि इसमें लोगों तक पहुंचने, संयुक्त रैलियों की योजना बनाने और घर-घर अभियान चलाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी।



■ शरद पवार के आवास पर हुई बैठक

■ अक्टूबर के पहले हफ्ते में रैली होगी, सीटों के बंटवारे पर भी हुई चर्चा

समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे : केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस महासचिव

**अभिषेक बनर्जी शामिल नहीं हो पाए**

तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी बैठक में शामिल नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने आज ही उन्हें पेश होने के लिए बुलाया था। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह खराब स्वास्थ्य के कारण इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक में शामिल नहीं हुए। उनकी जगह जेडीयू नेता और बिहार के मंत्री संजय कुमार झा बैठक में शामिल हुए।

**बैठक से पहले उद्धव-पवार की मुलाकात**

शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की समन्वय समिति की पहली बैठक से पहले मंगलवार की शाम मुंबई में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की। दक्षिण मुंबई स्थित पावर के 'सिल्वर ओक' आवास पर दोनों नेताओं के बीच लगभग 90 मिनट तक बैठक चली। एनसीपी नेता जयंत पाटिल और शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत भी बैठक में मौजूद थे। उन्होंने मीडिया को बताया कि इस मुलाकात के दौरान इंडिया गठबंधन के समन्वय पैनल की बैठक और महाराष्ट्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई।

**उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन ने दिखाया दम**

इंडिया गठबंधन का सात सीटों पर हुए उपचुनाव में बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा है। गठबंधन के नेताओं को कहना है कि इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ एकजुट हो रहा है। आने वाले समय में हम और भी सीटें जीतेंगे।

**राज्य स्तर पर सीट बंटवारे पर बातचीत करेंगे : डी राजा**

समन्वय समिति की बैठक के बाद सीपीआई नेता डी राजा ने कहा कि ये समन्वय समिति की पहली बैठक थी और हमने कई मुद्दों पर चर्चा की। सदस्य दल आगामी चुनावों के लिए राज्य स्तर पर सीट बंटवारे पर बातचीत करेंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी का छत्तीसगढ़ दौरा आज

## देंगे 6,350 करोड़ की नई रेल परियोजनाओं की सौगात

**रायपुर**, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 सितंबर को छत्तीसगढ़ के दौरे में रहेंगे। प्रधानमंत्री के देश भर में सम्पर्क में सुधार से रायगढ़ में सार्वजनिक कार्यक्रम में लगभग 6350 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने को प्रोत्साहन मिलेगा। इन परियोजनाओं में चांपा से जामगा के बीच तीसरी रेल लाइन, पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन और अन्य परियोजनाएं शामिल है। रेल परियोजनाएं क्षेत्र में यात्रियों की आवाजाही के साथ-साथ माल ढुलाई को सुविधाजनक बनाकर सामाजिक-आर्थिक विकास को गति प्रदान करेंगी।

चांपा और जामगा रेलखंड के बीच 98 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन का निर्माण करीब 796 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। नई रेल लाइनों से क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा और पर्यटन एवं रोजगार दोनों के अवसरों में वृद्धि होगी। चाँपा से जामगा के बीच इस पूरे क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिनका लाभ इस लाइन के बनाने से इस क्षेत्र के लोगों को मिलेगा। कोसा, कांसा और कंचन की नगरी कहे जाने चांपा के कोसा सिल्क कारीगरों को नए बाज़ार से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। कृषि उत्पादों को आसानी से बाज़ार से तक पहुंचाने के लिए यह लाइन वरदान साबित होगी।



पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन 50 किमी लंबी है और इसका निर्माण लगभग 516 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह लाइन छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत नवगठित पेंड्रा-गौरेला-मरवाही जिले और मध्य प्रदेश के अनूपपुर के बीच रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी, यातायात को और सुगम बनाएगी। यह क्षेत्र कृषि प्रधान आदिवासी बहुल क्षेत्र है, यहाँ के लोगो को इसका वृहद लाभ मिलेगा। यहाँ के कृषि उत्पाद जिसमें अन्न के साथ बागवानी एवं फलों की खेती शामिल है, इन्हें बाज़ार तक पहुचने के लिए यह लाइन सहायक सिद्ध होगीं। यह लाइन कोयले के परिवहन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यह छत्तीसगढ़ से कटनी के रास्ते उत्तर एवं पश्चमी भारत तक जाने वाले महत्वपूर्ण रेल मार्ग का भी हिस्सा है। यह क्षेत्र अपनी धार्मिक तथा मनोरम प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के लिए काफी प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री अन्य परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

### रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा बिलासपुर दौरे पर, पीएम के कार्यक्रम में होंगी शामिल



**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ जया वर्मा सिन्हा बिलासपुर रेलवे जोन के दौरे पर आ रहीं है। वह पहली महिला चेयरमैन हैं। वह आज शाम 7.40 बजे नियमित विमान से रायपुर पहुंचने के बाद कार से बिलासपुर जाएंगी। जहां रात्रि विश्राम के बाद जया सिंहा, कल सुबह 8 बजे विशेष चेयरमैन केबिन से रायगढ़ रवाना होंगी। जहां वह पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होंगी। शाम 7.30 बजे बिलासपुर वापसी कर रात्रि विश्राम करेंगी। जहां, जीएम ने उनके सम्मान में डिनर का आयोजन किया है। शुक्रवार को सुबह पहले बिलासपुर में जोन स्तरीय बैठक के बाद दोपहर रायपुर आकर मंडल स्तर की बैठक कर शाम 8.55 बजे विमान से दिल्ली रवाना होंगी।

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को पोला तिहार की दी बधाई

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों विशेष रूप से किसान भाइयों को पारंपरिक पोला तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की है।

### कांग्रेस ने असम के मुख्यमंत्री को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने असम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि अपनों को कृषि भूमि देकर सरकार ने इसे बहुत कम समय में औद्योगिक भूमि में परिवर्तित करके इस भूमि के साथ अपनों को 1 करोड़ रुपए का अनुदान भी उपलब्ध कराया जाता है।

### ईडी के सामने पेश हुए अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी राज्य भर के सरकारी प्रायोजित स्कूलों में शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी के समन का जवाब देते हुए बुधवार को शहर के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के सामने पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। निर्देश के अनुसार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे बनर्जी सुबह 11 बजे के बाद साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचे।

### एडब्लूएस का इसरो और इन-स्पेस के साथ गठबंधन

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्लूएस) इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने क्लाउड कंप्यूटिंग द्वारा स्पेस-टेक इनोवेशंस में मदद करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के साथ एक रणनीतिक समझौता किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस गठबंधन द्वारा स्पेस स्टार्टअप, शोध संस्थानों एवं विद्यार्थियों को अत्याधुनिक क्लाउड टेक्नोलॉजी उपलब्ध हो सकेगी, जो अंतरिक्ष क्षेत्र में नए समाधानों के विकास में तेजी लाएगी।

# कांग्रेस ने प्रदेश भर में किया रेल रोको आंदोलन

**रायपुर**, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार द्वारा लगातार यात्री ट्रेनों को रद्द किये जाने और ट्रेनों की लेटलतीफी के विरोध में तथा यात्री ट्रेनों की सुविधाओं की बहाली की मांग को लेकर कांग्रेस ने आज रेल रोको आंदोलन प्रदेश भर में किया। राजधानी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, कोरबा दुर्ग, राजनादगांव, बालोद, कांकेर, कोंडागांव, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, बलरामपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, बेमेतरा, गरियाबंद, जशपुर, कबीरधाम, कोरिया, महासमुंद, मुंगेली, नारायणपुर, रायगढ़, राजनादगांव, सुकमा, सूरजपुर, सरगुजा, गोरेला-पेंड्रा-मरवाही, सारंगढ़, मोहला-मानपुर, सक्ति, मनेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर, बीजापुर, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में किया।

■ रेल सुविधाओं की बहाली को लेकर ज्ञापन सौंपा



इस अवसर पर कांग्रेस ने रेलमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पिछले तीन वर्षो से देश की रेल सुविधाएं पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। यात्री ट्रेनों की बिना कारण बताये रद्द कर दिए जाने का फरमान जारी कर दिया जाता है। छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली सैकड़ो यात्री ट्रेनों को अनेको बार महीनो तक के लिए रद्द किया गया है। महीनो पहले यात्रा की योजना बना कर रिजर्वेशन करवाने वाले यात्री रेलवे की इस मनमानी से परेशान होते है। त्योहारों छुट्टियों शादी ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### राजस्थान में तेज रफ्तार ट्रक ने 11 लोगों को कुचला, मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर में बुधवार सुबह एक भयावह घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक से कुचलकर 11 लोगों की मौत ह गई और 12 अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। हादसा सुबह करीब 5:30 बजे लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाईवे-21 पर हंतारा के पास उस समय हुआ जब एक खराब हो चुकी बस के यात्री नीचे बस के पास खड़े थे।

**संसद का 18 से होगा विशेष सत्र**

# सरकार ने 17 को बुलाई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली**, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। सरकार ने संसद के विशेष सत्र से पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितम्बर तक होगा और इस दौरान पांच बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि सोमवार से शुरू होने वाले विशेष सत्र के लिए संसदीय कार्य मंत्री ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं की बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने भी बुधवार को एक्स पर पोस्ट कर लिखा, इस महीने की 18 तारीख से संसद सत्र से पहले 17 तारीख को शाम 4.30 बजे सर्वदलीय फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई गई है। इसके लिए संबंधित नेताओं को ईमेल के माध्यम से निमंत्रण भेजा गया है।

**कोई एजेन्डा नहीं किया जारी**

उल्लेखनीय है कि सरकार ने विपक्षी दलों के नेताओं की मांग के बावजूद अभी तक विशेष सत्र के लिए कोई एजेन्डा जारी नहीं किया है। विपक्षी दलों की ओर से कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर विशेष सत्र का एजेन्डा सार्वजनिक करने की मांग की थी। उन्होंने विपक्ष की ओर से महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, हिन्डनबर्ग रिपोर्ट, महिलाओं पर अत्याचार जैसे ज्वलंत मुद्दों की सूची भेजकर कहा था कि विपक्षी दल इन मुद्दों पर संसद में चर्चा करना चाहते हैं।

**राजनाथ के घर अहम बैठक**

संसद के विशेष सत्र को लेकर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के घर अहम बैठक भी हुई। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, अनुराग ठाकुर, अश्वनी वैष्णव समेत तमाम केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।

**विशेष सत्र से पहले नए भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा**

अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है।

### चुनावी साल में सरकार का बड़ा ऐलान

# 75 लाख महिलाओं को मिलेगा मुफ्त गैस कनेक्शन

■ 165 करोड़ रुपए जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी

**नई दिल्ली**, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। चुनावी साल में आधी आबादी को साधने के लिए मोदी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं के लिए मुफ्त 75 लाख नए रसोई गैस कनेक्शन देने का फैसला लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। इसमें प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के तहत महिलाओं को 75 लाख नए एलपीजी गैस कनेक्शन देने के लिए सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों को 1650 करोड़ रुपए जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवादाता सम्मेलन में इस फैसले ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**ई-अदालत योजना के तीसरे चरण को मंजूरी** -केंद्र सरकार ने देश में न्यायालय की कार्यवाही को ऑनलाइन करने की महत्वाकांक्षी ई-कोर्ट (इलेक्ट्रानिक-न्यायालय) योजना के तीसरे चरण को लागू करने का निर्णय किया है जिस पर चार साल में 7210 करोड़ रुपए का वित्तीय परिव्यय किया जाएगा।

# निपाह वायरस को लेकर केरल के 4 जिलों में अलर्ट

**नई दिल्ली**, 13 सितम्बर (एजेंसियां)। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से दो लोगों की मौत के बाद 3 और जिले कन्नूर, वायनाड और मलप्पुरम में अलर्ट जारी किया गया है। यहां की 7 ग्राम पंचायतों को कंटेनमेंट जोन बनाया गया है। कंटेनमेंट जोन वाले इलाकों और अस्पतालों में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। कोझिकोड के जिला अधिकारी ने 7 पंचायतों में सभी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, आंगनबाड़ी केंद्र, बैंक और सरकारी संस्थानों को बंद रखने का आदेश दिया है। सुबह 7 से शाम 5 बजे तक सिर्फ दवाइयां और जरूरी चीजों की दुकानें ही खोलने की इजाजत है। केरल में निपाह वायरस के अब तक 4 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें दो लोगों की मौत हुई है। बुधवार को राज्य सरकार ने विधानसभा में बताया कि पुणे से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी की टीम निपाह वायरस की जांच के लिए आज केरल आएगी। केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस से हुई मौतों के बाद तमिलनाडु के सार्वजनिक स्वास्थ्य और निवारक चिकित्सा निदेशालय ने सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट जारी किया है।

■ सात कंटेनमेंट जोन बनाए, मास्क जरूरी
■ राज्य में अब तक 4

### विशेष सत्र को लेकर कांग्रेस हुई हमलावर

# अडानी मामले में जेपीसी की मांग जारी रहेगी

**नई दिल्ली**, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। संसद के विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक साफ न होने से कांग्रेस पार्टी लगातार नाराज है। कांग्रेस पार्टी ने साफ कर दिया है कि अडानी मामले में उसकी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित जांच कराने की मांग जारी रहेगी। विशेष सत्र का एजेंडा अभी तक साफ न होने पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने तंज करते हुए कहा कि यह सिर्फ दो ही लोगों पता है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, आज 13 सितम्बर है। संसद का पांच दिवसीय विशेष सत्र आज से पांच दिन बाद शुरू होगा। लेकिन सिर्फ एक व्यक्ति को (शायद वो दूसरे को भी) छोड़कर किसी को भी इसके एजेंडे की जानकारी नहीं है। जबकि पिछले प्रत्येक अवसर पर, जब विशेष सत्र या विशेष बैठकें आयोजित की जाती थी, तो कार्यसूची पहले से तय होती थी।

वहीं अडानी मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से दोहराया है कि समूह के खिलाफ जो आरोप लगें हैं, उसकी जांच जेपीसी से कराई जानी चाहिए। पार्टी का कहना है कि अगर भाजपा के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो जेपीसी के गठन के बाद ही नए संसद भवन में कामकाज शुरू होना चाहिए।

**आतंकवाद** *जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में हुई मुठभेड़, राजौरी में दो आतंकी ढेर, अनंतनाग में जंग जारी*

# आतंकियों से मुठभेड़ में कर्नल, मेजर व डीएसपी शहीद

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर में 24 घंटों के भीतर अनंतनाग में सेना के एक कर्नल व मेजर रैंक के अधिकारियों समेत और पुलिस के एक डीएसपी समेत 24 घंटों में पांच सैनिक शहीद गए हैं। इनमें से दो जवान राजौरी की मुठभेड़ में मारे गए हैं जहां दो आतंकियों को मार गिराया गया है।**

*सेना प्रवक्ता ने बताया कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। जिले के कोकरनाग हलूरा गंडूल इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हो रही है। राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग कर्नल, जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी समेत तीन अफसर शहीद हो गए हैं। शहादत पाने वालों की पहचान कर्नल मनप्रीत सिंह मेजर आशीष और जम्मू-कश्मीर पुलिस के उपाधीक्षक हुमायूं भट के रूप में हुई है।*

***घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया-*** *प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने अनंतनाग के कोकरनाग के हलूरा गंडूल इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। जैसे ही संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो वहां पहले से छिपे हुए आतंकवादियों ने बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के दौरान सेना के दो अधिकारी और एक पुलिस अधिकारी को गोली लग गई। तीनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रवक्ता का कहना था कि जैसे ही सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी, छिपे हुए आतंकवादियों ने बलों पर गोलीबारी की, जिससे गोलीबारी शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने भी आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी की पुष्टि की। दूसरी ओर राजौरी में कल से चल रही मुठभेड़ में आज दूसरे दिन एक और आतंकी को मार गिराया गया है जबकि एक एसपीओ की भी जान चली गई। इस मुठभेड़ में दो दिनों में दो आतंकी मारे गए हैं और दो जवान शहीद हो चुके हैं। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि राजौरी जिले में गोलीबारी में एक और आतंकवादी और एक पुलिस एसपीओ मारा गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में कुल मिलाकर दो आतंकवादी, सेना का एक जवान और एसपीओ मारे गए।*



बिलासपुर, गुरुवार 14 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## अपराधियों से मुक्त संसद दूर की कौड़ी

स्वस्थ लोकतंत्र का आधार साफ-सुथरे चरित्र के जनप्रतिनिधि होते हैं। प्राचीन काल से अब तक यह मान्यता है कि जो भी व्यक्ति ऊंचे ओहदे पर बैठा हो, उसका चरित्र और व्यवहार बेदाग हो। आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्तियों से न तो कानूनों के निर्माण में ईमानदारी बरतने की उम्मीद की जा सकती है और न ही उसके क्रियान्वयन की। अगर वे देश की सबसे ऊंची पंचायत यानी संसद में बैठे हों जहां से देश की तमाम गतिविधियों का संचालन होता हो, तो उनके निर्मल व उज्ज्वल चरित्र की अपेक्षा सर्वाधिक होना अपेक्षित ही है। किसी भी देश की परिस्थितियों का निर्धारण संसद में जनता की नुमाइंदगी करने वालों के चरित्र से होता है। देश व समाज को दिशा देने वाले तथा उसकी नियति तय करने वाले ही अगर भ्रष्ट हों तो, हत्यारे हों, अपहरणकर्ता हों तो वे कैसा समाज बनायेंगे, इसकी सहज ही कल्पना की जा सकती है।

भारत की मौजूदा दुर्दशा के अनेक कारण गिनाये जा सकते हैं लेकिन उनमें से एक प्रमुख कारण यह है कि हमारी संसद अपराधी तत्वों से भरी पड़ी है। दुनिया के विकसित एवं लोकतांत्रिक तौर पर परिपक्व राष्ट्रों की संसदों में चरित्रवान और कुशाग्र लोगों को भेजने की होड़ होती है। अपवाद स्वरूप कुछ लोग हो सकते हैं जो आपराधिक रिकार्ड के साथ संसद में जा बैठते होंगे, परन्तु भारतीय संसद में उनका जैसा बड़ा जमावड़ा है वह देश के लिये बहुत घातक है। कानून तोड़ने वाले और लोकतंत्र एक साथ नहीं चल सकते। जिस बड़े पैमाने पर अपराधी चुनकर संसद में बैठते हैं, अगर जनता की वही पसंद है तो कहा जा सकता है कि ऐसी जनता अपने ही पांवों पर कुल्हाड़ी मार रही है और उसे खुद के या अपनी भावी पीढ़ियों के लिये अच्छे भविष्य की उम्मीद नहीं करनी चाहिये।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) की ताज़ा रिपोर्ट जो संकेत दे रही है, उससे ऐसी चिंता होनी स्वाभाविक है। यह रिपोर्ट लोकसभा व राज्यसभा की 776 सीटों में से 763 मौजूदा सांसदों के हलफनामों का अध्ययन कर तैयार की गई है जिनमें उन्होंने अपनी जानकारी चुनावी प्रपत्र के साथ प्रस्तुत की थी। लोकसभा की चार एवं राज्यसभा की एक सीट खाली है तथा जम्मू-कश्मीर की सीटों की स्थिति अभी साफ नहीं है। इसलिये इन सीटों के सांसदों का अध्ययन इस रिपोर्ट में शामिल नहीं है। जो जानकारी इन सांसदों ने दी है, उसके मुताबिक मौजूदा 763 सांसदों में से 306 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें भी 194 के विरूद्ध प्रकरण गम्भीर किस्म के हैं जो हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध आदि से सम्बन्धित हैं। आपराधिक प्रवृत्ति के नेताओं का साम्राज्य एक तरह से देश भर में फैला हुआ है जिसके लिये राज्य और पार्टियों की कोई सीमाएं नहीं हैं। गम्भीर किस्म के आपराधिक रिकार्ड वाले सांसद अनेक राज्यों और ज्यादातर दलों के हैं। यानी हमाम में सारे नंगे हैं। पार्टीवार आपराधिक रिकार्ड के सांसद इस प्रकार हैं- भारतीय जनता पार्टी के 385 में 139 (36 प्रतिशत), कांग्रेस 81 में 43 (53 प्रश), तृणमूल कांग्रेस के 36 में 14 (39 प्रश), राष्ट्रीय जनता दल के 6 में 5 (83 प्रश), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के 8 में 6 (75 प्रश), आम आदमी पार्टी के 11 में 3 (27 प्रश), वाईएसआर कांग्रस पार्टी के 31 में 13 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के 8 में 3 (36 प्रश)।

यह किसी भी देश के लिये शुभ संकेत नहीं है। संसद को अपराधियों की शरण स्थली न बनाने के लाख दावों के बावजूद प्रमुख दल इसका पालन करते नहीं दिखते। एडीआर की ही पहले की एक रिपोर्ट में बतलाया गया था कि अपराधियों को राजनैतिक दल इसलिये टिकट देते हैं क्योंकि उनके जीतने की सम्भावना का प्रतिशत काफी अधिक होता है। फिर, यह ट्रेंड संसद तक ही सीमित नहीं है। राज्य स्तर पर विधानसभाओं और स्थानीय निकायों तक यही सिलसिला है जो ग्राम पंचायतों तक बदस्तूर कायम है। राजनीति में सारे हथकण्डों को जायज मान लेने का फैशन इस परम्परा को सघन कर रहा है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के पास बाहुबल और धनबल का अभाव न होने से पार्टियां टिकट देने के मामले में उन्हें तरज़ीह देती हैं। इससे पार्टी नेतृत्व का काम हल्का हो जाता है। ऐसे उम्मीदवारों को मदद देने के मामले में संगठन चिंतामुक्त हो जाते हैं। वे जानते हैं कि ऐसे लोग अपना इंतज़ाम स्वयं कर लेंगे।

अनेक मायनों में ये बुरे वक्त के संकेत हैं। लोकतंत्र के लिये बड़ा आवश्यक है कि प्रतिनिधि सभाएं अपराधियों से पूर्णत: मुक्त हों ताकि वे जनहित में साफ-सुथरे व निष्पक्ष निर्णय लें। आपराधिक तत्वों का संसद या विधायिका में बैठने का मतलब होता है कि वे अपने गिरोहों और गैरकानूनी कामों के लिए संरक्षण प्राप्त करते हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी ताकत बेइंतिहा बढ़ जाती है। केन्द्र की हो या राज्य की सरकार, जिला प्रशासन हो या पुलिस प्रशासन- सारे उसके रूआब तले दबे रहते हैं। इसके कारण उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होती। या तो उनके विरूद्ध मामले वर्षों लम्बित रहते हैं या फैसला उनके पक्ष में होता है। हाल के वर्षों में कई ऐसे प्रकरण सामने आये हैं जिनमें कोई बलात्कार के आरोप से बेदाग छूटता है तो किसी में रिश्तेदार हत्या करके भी जेल जाने से बच जाते हैं। कभी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि वे ऐसी न्याय व्यवस्था चाहते हैं जिसमें इन सदनों में बैठे लोगों के आपराधिक प्रकरणों का निपटारा थोड़े दिनों में अनिवार्य रूप से हो सके। ऐसा तो नहीं हुआ, उलटे आपराधिक रिकार्डधारी जनप्रतिनिधि कहीं अधिक दिख रहे हैं।

# भाषा के स्तर पर हीनता का भाव

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

8 से 10 तारीख तक जी-20 शिखर सम्मेलन कई कारणों से सुर्खियों में छाया रहा। आलीशान भारत मंडपम में एक रात की बारिश में पानी भर गया, गरीबों को छिपाने के लिए उन्हें उनके ही घरों में कैद कर, ऊपर से हरे पर्दे ढंक दिए गए, सड़क पर रहने वाले पशुओं को बेदर्दी के साथ बाड़ाबंद किया गया, सोने-चांदी के पानी चढ़े बर्तनों में मेहमानों को भोजन परोसा गया, सभी राष्ट्रों के मेहमान गांधी समाधि पर नमन करने गए और आखिर में चर्चा इस बात की भी रही कि दिल्ली घोषणापत्र पर आम सहमति बन गई। प्रधानमंत्री मोदी ने किस राष्ट्राध्यक्ष के साथ कितनी देर हाथ मिलाया, किसके साथ कैसी फोटो खिंचवाई, कौन आया, कौन नहीं आया, कोई नहीं आया तो उसके पीछे क्या कारण रहे, इन तमाम बातों पर भी चर्चाएं हुईं। इन सबके अलावा इंडिया हटाकर भारत कहने की मोदी सरकार की जिद भी जी-20 के मंच पर नजर आई। राष्ट्रपति के रात्रिभोज निमंत्रण पत्र में प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया। प्रधानमंत्री मोदी के आगे प्राइम मिनिस्टर ऑफ भारत लिखा गया। भारत रोमन लिपि में लिखा गया, क्योंकि सभी विदेशी मेहमान देवनागरी से परिचित नहीं थे। उनके लिए इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज़ भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है। हीनता अंग्रेजी और हिंदी की तुलना को लेकर, हीनता चमड़ी के रंग को लेकर। इसलिए भारत में आज भी गोरेपन की क्रीम का विज्ञापन धड़ल्ले से होता है। पहले केवल लड़कियों के गोरेपन तक बात सीमित थी, अब लड़कों को भी गोरा दिखाने की चाहत पैदा हो गई है। विवाह के विज्ञापन में शादी योग्य लड़के या लड़की में योग्यता का पैमाना सुंदर और गोरे होने से भी तय होता है। इस हीनभावना को दूर किया जा सकता है, अगर हम अपनी खासियत पर ध्यान दें और उन कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करें, जिनकी वजह से हम दुनिया के बाकी देशों से पिछड़े हुए हैं। सभी के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की अच्छी व्यवस्था। देश के गांव-शहर साफ-सुथरे होना। काम और जाति के आधार पर किसी को छोटा या बड़ा न मानना। एक नागरिक के तौर पर अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए जागरुक होना और समाज को भी जागरुक करना। इंसानों के साथ-साथ प्रकृति के अन्य जीवों, जंगलों, नदी-पहाड़ों का सम्मान करना। ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजना। ऐसी बहुत सी छोटी-छोटी बातों पर मेहनत करके हम दुनिया में आगे निकल सकते हैं। लेकिन आगे निकलने की जगह हम पिछड़ा होने की हीनता में ही उलझे हुए हैं।

> **इस देश का प्रचलित नाम इंडिया ही है, और इसमें कुछ असंवैधानिक नहीं है, क्योंकि इंडिया दैट इज़ भारत संविधान के पहले अनुच्छेद में ही लिखा गया है। लेकिन संविधान में लिखी बहुत सी बातों से भाजपा को जिस तरह आपत्ति है, उसी तरह इस बात से भी है। इंडिया को औपनिवेशिक दासता का प्रतीक बताया जा रहा है। लेकिन इस विरोध के पीछे ऐसा लग रहा है कि यह दासता का नहीं हीनताबोध का सवाल है।**

इस हीनता को कभी विश्वगुरु के तमगे से हम दूर करना चाहते हैं और कभी अपने शहरों को विदेशी शहरों जैसा बनाने की चाहत से दूर करने की कोशिश करते हैं। हीनता का एक भाव भाषा के स्तर पर भी दिखाई देता है। इसका एक उदाहरण जी-20 में नजर आया।

अमेरिकी विदेशमंत्री की प्रवक्ता मार्गरेट मैकलियोड जी-20 के लिए दिल्ली पहुंची थीं और यहां उन्होंने कई लोगों से हिंदी में ही बातचीत की। इसके बाद तो मीडिया में सुश्री मैकलियोड की चर्चाएं होने लगीं। कई चैनलों में दिखाया गया कि वे कितनी धाराप्रवाह हिंदी बोल लेती हैं। हिंदी सीखने के बारे में मार्गरेट मैकलियोड ने बताया कि उन्होंने जब दिल्ली स्कूल ऑफ इकानॉमिक्स में दाखिला लिया था तो वहां तो अंग्रेजी बोली जाती थी, लेकिन हॉस्टल में सहेलियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने हिंदी सीखी। मार्गरेट रिक्शेवालों के साथ भी हिंदी में बात करती थीं ताकि भाषा पर पकड़ मजबूत बने। मसूरी के एक संस्थान से उन्होंने हिंदी की शिक्षा ली, और व्याकरण मजबूत किया। इसके अलावा अमेरिका में हिंदुस्तानी समुदाय के बीच वे हिंदी में ही बातचीत कर अपनी भाषा को दुरुस्त करती हैं। हिंदी के अलावा मार्गरेट ने गुजराती भी सीखी थी, हालांकि अब वो अच्छे से बोल नहीं पाती हैं। इसके अलावा उर्दू और फ्रेंच भी उन्हें आती है।

मार्गरेट मैकलियोड पहली अमेरिकी नागरिक नहीं हैं, जिन्हें अच्छी हिंदी आती है या जिन्होंने शौक से हिंदी सीखी हो। न ही वे पहली विदेशी हैं, जिन्होंने हिंदी का ज्ञान प्राप्त किया है। आजादी से पहले भी और प्राचीन काल में जब हिंदी का खड़ी बोली वाला अस्तित्व नहीं था, लेकिन संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाएं चलन में थीं, तब भी विदेशी अध्येता भारत आते थे और यहां की भाषायी विविधता के सागर में डुबकी लगाते थे। कितने प्राचीन ग्रंथों का अनुवाद अंग्रेजी समेत दूसरी विदेशी भाषाओं में हुआ है और इसी तरह विश्व साहित्य के अनूठे ग्रंथ भारतीय भाषाओं में अनूदित हुए हैं। भाषा और ज्ञान इसी तरह मिलजुल कर बांटने और प्रसारित करने से ही बढ़ता है। दुनिया सभ्यता के इस मुकाम तक पहुंची है तो इसके पीछे हमारे पुरखों की उदार दृष्टि ही रही है। लेकिन अब भाषा को संकुचित दायरे में बांधा जा रहा है।

अमेरिकी महिला की फर्राटेदार हिंदी पर लहालोट होने वाले लोग अपने आसपास नजर डाल कर देखें कि उनके घर-परिवार की नयी पीढ़ी के बच्चे कितनी हिंदी जानते हैं। कड़वी सच्चाई है कि बच्चे अब केवल मजबूरी में हिंदी पढ़ रहे हैं। दसवीं के बाद हिंदी की पढ़ाई अनिवार्य नहीं होती, तो बहुत से बच्चे हिंदी छोड़ देते हैं। स्कूलों में अंग्रेजी में बात करने की बाध्यता तो रहती ही है, अब कई घरों में मां-बाप बच्चों से अंग्रेजी में ही बात करते हैं, ताकि वो फर्राटेदार अंग्रेजी बोलें और समाज में उनकी हैसियत बने। हमारे बच्चे को तो हिंदी बिल्कुल आती ही नहीं, इस बात को अभिभावक गर्व से बताते हैं। उन्हें इस बात पर जरा शर्म महसूस नहीं होती कि अपने देश की सर्वाधिक प्रचलित भाषा से उनका बच्चा अनजान है। क्योंकि उन्हें इस बात का घमंड रहता है कि बच्चा अंग्रेजी अच्छे से बोल लेता है। ऐसे बहुत से लोग भाजपा की हिंदी भाषा में शिक्षण मुहिम के समर्थक होंगे, क्योंकि मेडिकल या इंजीनियरिंग की शिक्षा हिंदी में बांध देने को वो राष्ट्रवादी कर्तव्य मानेंगे। लेकिन यह कर्तव्य केवल साधारण लोगों के बच्चों के लिए रहेगा। जैसे बहुत से भाजपा नेताओं के बच्चे अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कर, विदेश चले गए हैं, वही आकांक्षा उनके समर्थकों की भी रहती है।

बच्चों के अंग्रेजी पढ़ने या उनके बाहर जाकर उच्च शिक्षा हासिल करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन भाषा को सियासत का मसला बना देना बड़ी बुराई है। जी-20 से लेकर अब हिंदी दिवस तक यह बुराई देशप्रेम के नाम पर खूब फैलाई जाएगी। सरकारी खर्चे पर 15 दिनों का तमाशा हिंदी के विकास के नाम पर किया जाएगा। सरकारी संस्थानों में तरह-तरह के कार्यक्रम किए जाएंगे, ताकि हिंदी को बढ़ावा मिले। लेकिन एक अक्टूबर आते ही फिर हिंदी के विकास की मुहिम पटरी से उतर जाएगी।

# खतरे में आदिवासियों का अस्तित्व

■ बरखा लकडा

आज पूरे भारत में हर समाज अपनी जाति-व्यवस्था को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इनमें से एक आदिवासी समुदाय है जो खुद को हिन्दू नहीं, बल्कि आदिवासी मानता है। अगर आदिवासी खुद को हिन्दू नहीं मानते तो फिर इनका इतिहास क्या है? ये एक बड़ा सवाल है जिसका विश्लेषण तथ्यों के आधार पर किया जाना चाहिए।

जस्टिस पाजीटर का मानना है कि अनार्य तो आर्यो से भी प्राचीन हैं, उनके पहले के हैं जब भारत में आर्यों का जन्म भी नहीं हुआ था। ईसवी सन् से लगभग 2200 वर्ष पहले आर्य लोगों ने मध्य हिमालय के रास्ते से भारतवर्ष में प्रवेश किया था। आर्यों ने भारतवर्ष में आकर अनार्यों से संघर्ष किया और आर्य - अनार्य युद्ध को च्देवासुर संग्रामज् की संज्ञा दी। उन्होंने अनार्यों को असुर और भारत में पहले से रह रहे लोगों को अनार्य कहा।

आर्यों -अनार्यों में मूल भेद यह था कि यूरेशिया से मध्य भारत में प्रवेश करने वाले आर्य शीत प्रधान भू-भाग के निवासी होने के कारण शरीर से गोरे, ऊंचे कद, लंबी नाक और भूरी आंख, भूरे बाल वाले थे, जबकि अनार्यों का कद छोटा, शरीर तथा बालों का रंग काला, नाक मोटी, होंठ मोटे तथा सिर गोल था। प्रथम वैदिक काल में दो ही वर्ग थे। पहला आर्य, दूसरा अनार्य। आर्यों ने अनार्यों को अपना शत्रु माना। आर्यों -अनार्यों की शारीरिक रचना, संस्कृति एक-दूसरे से बिलकुल भिन्न थी।

> **विकास के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है, वहां आदिवासी विभिन्न भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाते हैं और उन्हें लगातार अपनी जमीन से बेदखल होना पड़ता है।**

वैदिक काल भारत का सबसे प्राचीन काल है। उससे पहले का इतिहास क्रमबद्ध रूप से उपलब्ध नहीं है। वैदिक साहित्य में असुरों का नाम मिलता है जिन्हें आर्यों ने अनार्य माना है। विद्वानों का मत है कि अनार्य और असुर एक-दूसरे के पर्यायवाची हैं। अनार्य जिन्हें आस्ट्रेलाइड, द्रविडियन कहते हैं और जिसे वर्तमान में आदिवासी कहते हैं, असुरों की ही उत्पत्ति हैं। इस प्रकार अनार्य कौन हैं? इस प्रश्न के उत्तर में इतना पर्याप्त है कि अनार्य, असुर, द्रविडियन, आस्ट्रेलाइड एक ही वंश, नस्ल के भिन्न-भिन्न नाम हैं।

पंडित रघुनंदन प्रसाद शर्मा अपनी पुस्तक 'वैदिक सम्पति' में लिखते है कि 'उस समय भारत और आस्ट्रेलिया के बीच इतना बड़ा अन्तर नहीं था। लंका और मेडागास्कर की भूमि अधिक चौड़ी थी और भारत तथा आस्ट्रेलिया को जोड़ती थी तथा समस्त टापुओं में एक ही जाति निवास करती थी। आस्ट्रेलिया वालों की और भारतीय आस्ट्रेलाइड, द्रविडियन, भील, संथाल और कोल की भाषा एक सी थी। राहुल सांस्कृत्यायन ने लिखा है कि 'मोहनजोदड़ो और हड़प्पा का अन्तिम उत्कर्ष काल 2400 ईसा पूर्व माना गया है। उसके एक हजार साल बाद आर्यों का आगमन अनार्यों के भू-भाग में हुआ और कम-से-कम 300 वर्ष बाद वशिष्ठ, भारद्वाज, विश्वामित्र आदि ने अपनी रचना की।

लाला लाजपतराय अपनी पुस्तक 'भारतवर्ष का इतिहास' में लिखते हैं कि 'मेरे विचार से इस बात को ऐतिहासिक रूप से स्वीकार कर लेना चाहिए कि हिन्दू-आर्य भारत के मूल निवासी नहीं हैं। पंडित बाल गंगाधर तिलक अपनी पुस्तक 'आर्यन' में लिखते हैं कि आर्य लोग सबसे पहले उत्तरी-ध्रुव के रहने वाले थे। नेहरू ने 'पिता के पुत्र, पुत्री के नाम' पुस्तक में लिखा है कि 'आर्यों ने उत्तर की ओर से अनार्यों पर आक्रमण किया। इन आर्यों का मध्य एशिया में अवश्य ही बहुत बड़ा समूह रहता था।'

भारत के इतिहास में 'गोंण्डहवाना लैण्ड' का जिक्र है। भूतत्वविदों और ज्योतिर्विज्ञानियों ने 'गोण्डवाना लैण्ड' का नामकरण किया था। उस समय यह विशाल समूह इस भूमिखण्ड के मध्यभाग में निवास करता था। भारत आदिवासियों का देश है इससे इन्कार नहीं किया जाता, पर वर्तमान समय में भारत में मात्र 15 प्रतिशत भू-भाग में आदिवासियों का निवास रह गया है। भारत की जनगणना 1951 के अनुसार आदिवासियों की संख्या 9,91,11,498 थी जो 2001 की जनगणना में 12,43,26,240 हो गई। यह देश की जनसंख्या का 8.2 प्रतिशत है।

भारत में दिन-प्रतिदिन जनसंख्या की वृद्धि हो रही है, पर उसी रफ्तार से आदिवासियों की जनसंख्या कम हो रही है। विस्थापन के अलावा इसका सबसे बड़ा कारण आदिवासियों का दूसरे धर्मों में विलय हो जाना है, जबकि आदिवासी न धार्मिक समूह है और न ही यह 'वर्ण एवं जाति' व्यवस्था का हिस्सा है, बल्कि यह एक अलग नस्लीय समुदाय है। स्पष्ट है कि आदिवासी जन्मजात हिंदू नहीं है, बल्कि बड़े पैमाने पर उनका हिंदूकरण हुआ है जो अब भी जारी है। अब समय आ गया है, आदिवासी को 'संगठन' से ज्यादा 'संगठित' होने की जरूरत है।

भारत सरकार ने अपनी 'राष्ट्रीय आदिवासी नीति 2006' के प्रारूप में आदिवासी समूहों की संख्या 698 बताई है। 2011 की जनगणना में आदिवासी समुदायों की संख्या 705 बताई गई है। हर आदिवासी समुदाय में लगभग 10 से 15 संगठन हैं। यानि पूरे आदिवासी समुदाय में सात हजार से लेकर 15 हजार तक आदिवासी संगठन हैं। कई संगठनों का विचार दूसरे संगठनों के विचार से बिल्कुल अलग होता है जिससे दोनों संगठनों के बीच मनभेद और मतभेद की स्थिति बनी रहती है। अब वक्त आ गया है कि कुछ ऐसी 'सर्व आदिवासी सामुदायिक शक्ति' बने जिसमें आदिवासी कार्यकर्ता सभी आदिवासी समुदायों को इकट्ठा कर शक्ति का निर्माण करायें। इसमें समुदाय के विभिन्न क्षेत्रों एवं राज्यों में निवास करने वाले, विभिन्न आदिवासी समुदाय शामिल हों।

आज पूरे भारत में आदिवासियों की स्थिति बहुत नाजुक है। मणिपुर में हाहाकार मचा हुआ है। छत्तीसगढ़, झारखंड, उड़ीसा, मध्यप्रदेश आदि राज्यों के अनुसूचित इलाकों में आदिवासियों का लगातार पलायन और विस्थापन हो रहा है। आदिवासियों के पास पांचवीं अनुसूची 244(1), छठी अनुसूची 244(2), अनुच्छेद 371, 366(25), अनुच्छेद 275 (1) और च्संयुक्त राष्ट्र संघज्द्वारा प्रदत्त 'आदिवासी दिवस 1994' हैं फिर भी पूरे भारत में 40 प्रतिशत आदिवासी विकास के नाम से विस्थापित हो चुके हैं।

विकास के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो आदिवासी शिक्षा, स्वास्थ्य, आयु, जन्म के समय मृत्युदर, सालाना आय आदि कई मापदंडों पर नीचे के पायदानों पर पाये जाते हैं। इसके कारण बहुत सी बातों में आदिवासी शोषण के सहज ही शिकार बन जाते हैं। बड़े उपक्रमों के अलावा जहां कहीं भी छोटे शहर या कस्बों का दबाव बढ़ने लगता है, वहां आदिवासी विभिन्न भूमाफियाओं द्वारा प्रताड़ित किये जाते हैं और उन्हें लगातार अपनी जमीन से बेदखल होना पड़ता है। ऐसे कितने ही मामले कोर्ट में पड़े हैं और न्याय की प्रतीक्षा में आदिवासी परिवारों को पलायन करना पड़ता है।

चूंकि उनकी स्थिति मजबूत नहीं होती, आदिवासी महिलाएं, विशेषकर बच्चियां मानव व्यापार की सहज शिकार हो जाती हैं। छल-प्रपंच और प्रलोभन देकर कई संस्थाएं या दलाल सीधे-सादे आदिवासियों को मानव व्यापार के कॉरीडोर में ला खड़ा करते हैं। अपने सीधे स्वभाव के कारण आदिवासी सहज ही दलालों के झांसे में आ जाते हैं। सुनहरा सपना दिखाकर या ज्यादा पैसा कमाने का लोभ दिखाकर आदिवासी बालाओं को शहरों की कोठियों में ढकेल दिया जाता है। घरेलू कामगार महिलाओं के रूप में आदिवासी समाज को कोई ख़ास इज्जत नहीं मिली है। इन्हीं रास्तों से होकर कईयों को देह व्यापार के धंधे में ढकेल दिया जाता है।

आदिवासी भूभागों में पाये जाने वाले खनिजों के दोहन से आदिवासी समाज के सामने विकराल समस्या उभरी है। बड़े कल-कारखानों के लिये कुशल कामगारों के रूप में अपनी भूमिका निभाने के लिये समाज एकदम तैयार नहीं है। अगर उनके लिये कोई जगह है भी, तो वह एक अकुशल मजदूर के रूप में ही है। आज हम विकास के लिए विनाश के कांधे पर बैठकर प्रतिदिन जंगलों का विनाश कर रहे हैं, खामियाजा बीमारी के रूप में भर रहे हैं। मानव ही संसार में एकमात्र ऐसा जीव है जो अपनी मूर्खता की वजह से, अपने लिए ही विनाश के गड्ढे खोदता है। इसी सबका नतीजा एक दिन प्राकृतिक आपदा के रूप में भुगतना होगा। उदास प्रकृति सब्र टूटने पर विनाश लाती है और यह आगे विनाश का कारण भी बन सकती है।

(लेखिका चर्चित आदिवासी पत्रकार, समाज कर्मी, हैं।)

## हिंदी दिवस

# हिंदी को सभा-गोष्ठियों तक सीमित न रहने दें

भारतवर्ष के बदलते परिदृश्य ने जिस कदर विदेशी भाषा के मायाजाल में युवा पीढ़ी को जकड़ रखा है, वह वास्तव में दर्दनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। स्वतंत्र भारतवर्ष में रहकर आज हम कई दशकों से अपनी हिंदी भाषा को न्याय दिलाने के लिए जुटे हुए हैं। इससे बड़ी विडंबना और क्या हो सकती है? हम वर्ष के कुछ दिन अपनी भाषा को सम्मान दिलाने पखवाड़े का आयोजन करते आ रहे हैं ! हिंदी एक ऐसी भाषा - जिसे तीन चौथाई भारतवर्ष अपनाता और समझता है, उसके लिए अपने ही लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास क्या मात्र दिखावा नहीं कहा जा सकता है? हम यह जानते हैं कि हिंदी के प्रति आस्था ही भारतीयता की पहचान है। यह हमारा दुर्भाग्य है कि स्वतंत्र भारतवर्ष पर ऐसे स्वार्थी राजनेता अपनी हुकूमत कर रहे हैं, जो विदेशों से शिक्षा लेकर आए हैं। ऐसे ही लोगों ने हमारी मातृभाषा को राजभाषा तक समेट कर रख दिया है! मैं बिना किसी संकोच के ऐसे लोगों को ही हिंदी की दुर्दशा का जिम्मेदार मानता हूं। ऐसे देशद्रोही और भाषा के दुश्मन राजनेता भी इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं , कि वे भले ही विदेशी भाषा का प्रयोग करें। बड़े-बड़े मंचों से अपनी भाषा में उद्बोधन करें, किंतु सोचते हिंदी में ही हैं।

जब-जब हिंदी दिवस आता है, हिंदी के बगुलाभगत अनुयाई सक्रिय हो उठते हैं! राजभाषा आयोग और अनुभागों की नींद भी टूट जाती है। शासकीय कार्यालय हिंदी के उपयोग को लेकर जाग उठते हैं। सामाजिक तथा राजनीतिक मंचों पर हिंदी के नाम पर समारोह का आयोजन होने लगता है साथ ही हिंदी में कामकाज की मुहिम तेज करने शपथ भी ली जाती है। यह सब छद्म ही होता है! जैसे ही हिंदी दिवस और पखवाड़ा बीतता है, हिंदी के सम्मान में लिखे गए बड़े-बड़े बैनर-पोस्टर कूड़ेदानों में पड़े अपनी किस्मत पर आंसू बहाते दिखाई पड़ते हैं! हम 1947 में आजाद हुए। 1950 में हमारे देश का संविधान बनाया गया। इतना लंबा अरसा बीत जाने के बाद भी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारने की हमारी गति इतनी मंथर क्यों है? हमारे देश के कर्णधारों ने हिंदी को सभा- गोष्ठियों, सेमिनार एवं वेबीनार तक सीमित करके रख दिया है! मुझे इतिहास के पन्ने बताते हैं कि सन् 1918 में महात्मा गांधी ने हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा बनाने की कवायद की थी। इसे महात्मा गांधी ने जनमानस की भाषा करार दिया था। बावजूद इसके उस वक्त के राजनेताओं से लेकर वर्तमान के देश चलाने वालों ने महात्मा गांधी के विचारों की भी चिता जला दी है!

एक भाषा के रूप में हिंदी न केवल भारतवर्ष की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन का प्रमाण, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, उपदेशक और परिचय भी है। इसे बहुत ही सरल, सहज एवं वैज्ञानिक भाषा का दर्जा देना भी गलत नहीं होगा। कारण यह की पूरे विश्व में इस सहज भाषा को बोलने-समझने वालों की बड़ी तादाद मौजूद है। विश्व की तीसरी बड़ी भाषा होने के साथ ही साथ हमारी हिंदी प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच सेतु का काम करती है। जब जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर अमन-चैन स्थापित किया जा सकता है, तब वह दिन दूर नहीं, जब हम सभी क्षेत्रीय भाषाओं को उनका सम्मान बरकरार रखने की गारंटी के साथ हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिला पाएंगे।

हिंदी भाषा के संबंध में कुछ गौरवशाली तत्वों को जानना भी मैं जरूरी समझता हूं। हमारी वर्तमान पीढ़ी को यह जानकर आश्चर्य हो सकता है कि हिंदी भाषा के इतिहास पर सबसे पहले साहित्य की रचना 'ग्रासिन द तैसी' एक फ्रांसीसी लेखक ने की थी। इसके साथ ही हिंदी भाषा पर पहला शोध कार्य 'थियोलॉजी ऑफ़ तुलसीदास' को लंदन विश्वविद्यालय में पहली बार एक अंग्रेज विद्वान 'के आर कारपेंटर' ने प्रस्तुत किया था। किसी भी भाषा के साथ उसकी संस्कृति जुड़ी होती है। भारत का सांस्कृतिक इतिहास बहुत ही गौरवशाली रहा है जो भी भारतवासी इस सांस्कृतिक इतिहास की जानकारी से अछूता रह जाता है, वह पूर्ण रूप से भारतीय नहीं हो सकता। अत: यह जरूरी है कि हम अपनी संस्कृति को समझने के लिए हिंदी का श्रृंगार करते हुए अब राजभाषा को 'राष्ट्रभाषा' बनाने हेतु आंदोलित को उठें।

**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# विश्व में हिंदी की बौद्धिकता के साथ व्यवसायिकता की जुगलबंदी

हिंदी के विशाल स्वरूप को मद्देनजर रख पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसादजी ने भी कहा-हिंदी चिरकाल से ऐसी भाषा रही है जिसने मात्र विदेशी होने के कारण किसी शब्द का या भाषा का बहिष्कार नहीं किया'। यह शब्द हिंदी की पवित्रता और व्यापकता को इंगित करते हैं। वर्तमान परिस्थितियों एवं समय काल मैं पूरे विश्व में 45 करोड़ लोगों द्वारा बोले जाने वाली भाषा है। इसकी सरलता एवं सहजता विश्व के लोगों को अत्यंत प्रभावित भी करती है। हिंदी के विद्वानों, शिक्षाविदों, लेखकों, रचनाकारों और युवा लेखकों द्वारा हिंदी को वैश्विक पहचान दिलाने में अहम भूमिका भी निभाई है। कई नामचीन विद्वान लेखक जिन्होंने हिंदी को वैश्विक भाषाई शिखर पर पहुंचाया है। इसी अनुक्रम में 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने एकमतेन हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का निर्णय लिया और 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का निर्णय भी लिया गया था और हिंदी दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य राजकीय कार्यालयों इसके व्यापक प्रचार प्रसार एवं पत्राचार में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने की ही है। हिंदी भाषा को पूरे विश्व में द्वितीय भाषा के रूप में माना जाता है। हिंदी नए वैश्विक स्तर पर अपने चलन के कारण अंग्रेजी भाषा को भी काफी पीछे छोड़ दिया है। आज हिंदी भाषा का कंप्यूटर, इंटरनेट ई बुक, सोशल मीडिया, विज्ञापन, टेलीविजन रेडियो आदि क्षेत्र में व्यापक स्तर पर प्रयोग किया जा रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या विदेशी व्यापारियों के लिए एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। यही कारण है कि विदेशी कंपनियां अपने सभी विज्ञापनों एवं सामानों में हिंदी भाषा का उपयोग कर भारतीय जनमानस को अपने उत्पादों के प्रति आकर्षित करना चाहती है। यही वजह है कि हिंदी का व्यापक प्रचार-प्रसार भी इसी माध्यम से हो रहा है। विदेशों में भारतीय फिल्मों ने भी हिंदी का बड़ा और वृहद प्रचार-प्रसार किया है। ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, रूस मैं निवासरत भारतीय लोग हिंदी के प्रचार में निरंतर लगे हुए हैं। वहां हिंदी बोली तथा समझी जाती है।

एनी बेसेंट ने सत्य कहा है कि भारत के विभिन्न प्रांतों में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में जो भाषा सबसे प्रभावशाली बन कर सामने आती है वह है हिंदी, जो हिंदी जानता है पूरे भारत की यात्रा कर हिंदी बोलने वाला से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकता है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा भी अपने सामानों को बेचने के लिए हिंदी भाषा का प्रयोग करना पड़ रहा है। भारत में कुछ काले अंग्रेज लोग जो सिर्फ महानगरों में अंग्रेजी को ही महत्व देते हैं, उन्हें इस बात को समझ जाना चाहिए कि भविष्य में हिंदी का भविष्य वैश्विक स्तर पर उज्जवल है और उन्हें हिंदी भाषा बोलने में शर्म नहीं आनी चाहिए। अंग्रेजी भाषा एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है वह जरूर बड़ी कंपनियों में विदेश में नौकरी दिलाने का माध्यम बन सकती है, पर हिंदी देश का गौरव और नागरिकों की आत्माओं में बसी एक पवित्र धारा है। अंग्रेजी भाषा रोजगारमूलक जरूर हो सकती है, पर केवल इसी कारण हिंदी की अवहेलना और उपेक्षा किसी भी स्तर पर तर्कसंगत नहीं है। भारतीयों को हिंदी के आत्मगौरव को विस्मृत नहीं करना चाहिए। हिंदी देश को भावनात्मक एकता के सूत्र में बांधे में सक्षम भारत की एकमात्र सशक्त भाषा है। हिंदी की गहराई तथा विशालता किसी बात से इंगित होती है कि भारतीय ग्रंथों और बड़े मूर्धन्य लेखकों की किताबों का अनुवाद विश्व की अनेक भाषाओं में किया गया है और हिंदी की रामायण, गीता, रामचरितमानस वैश्विक स्तर पर पढ़ी जाती है। इसे राष्ट्रभाषा बनाकर शीर्ष में सम्मान देने की आवश्यकता है।

भारतेंदु हरिश्चंद्र जी ने हिंदी की प्रगति के लिए कुछ पंक्तियां कही हैं जो आज भी उल्लेखनीय है-

निज भाषा उन्नति अहै सब उन्नति को मूल,
बृज भाषा ज्ञान के मिटत न हिय को शूल।

**संजीव ठाकुर**

CMYK
# देशबन्धु संस्कारधानी
5 बिलासपुर
गुरुवार 14 सितंबर 2023

**उल्टा पुल्टा**

डाकू (संता से) - हम घर लूटने आए हैं, लेकिन बंदूक घर पर ही भूल गए हैं
संता- कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो, आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।

## कांग्रेस का प्रदेशव्यापी रेल रोको आन्दोलन

# कांग्रेसियों ने मंडल रेलवे स्टेशनों पर रोकी ट्रेनें

### केंद्र सरकार और रेल प्रशासन को कोसा

### कांग्रेस छत्तीसगढ़ की जनता की लड़ाई लड़ रही - शैलेष

### हमारा टारगेट यात्री गाड़ियाँ नहीं, मालगाड़ियां रोकना - केशरवानी





**बिलासपुर** , 13 सिंतबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर ज़ोन में रेल प्रशासन द्वारा लगातार यात्री गाड़ियों को लम्बे समय तक रद्द रखने के खिलाफ बुधवार को बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी ने रेल रोको आन्दोलन का जोरदार आगाज किया . कांग्रेस ने बिलासपुर रेलवे स्टेशन सहित जिले के कोटा, बिल्हा, जयराम नगर और बेलगहना रेलवे स्टेशनों में कोयले से लदी मालगाड़ियों को रोका । कांग्रेस ने कहा है कि रेल प्रशासन की मनमानी के विरोध में आन्दोलन आगे भी जारी रहेगा।

जिला कांग्रेस, बिलासपुर से मिली अधिकृत जानकारी के अनुसार बिलासपुर जिले के करगी रोड, कोटा स्टेशन में बुधवार को तड़के 5 बजे से 7 बजे तक मालगाड़ियों को रोककर कांग्रेस ने रेल प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत की । आन्दोलन बिलासपुर जिला कांग्रेस (ग्रामीण) के अध्यक्ष विजय केशरवानी की अगुवाई में किया गया । ब्लाक अध्यक्ष आदित्य दीक्षित सहित सैकड़ों कांग्रेसजनों का रेला सुबह 5 बजे से पहले ही कोटा रेलवे स्टेशन पर जा धमका और उन्होंने केंद्र सरकार और रेल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । कांग्रेसियों ने स्टेशन में अप और डाउन, दोनों रेल लाइनों की घेराबंदी कर दी और मालगाड़ियों को रोक दिया । कांग्रेसजन नारे लगाते हुए पटरियों पर लेट गए और गाड़ियों की आवाजाही को पूरी तरह बंद कर दिया । आंदोलनकारियों ने केंद्र सरकार और रेल प्रबंधन को सख्त चेतावनी दी है कि यदि रेलवे और केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ की ट्रेनों को लेकर अपना रवैया नहीं सुधारा तो बिलासपुर और छत्तीसगढ़ से न तो कोयला व अन्य खनिज सम्पदा को बाहर जाने दिया जाएगा और न ही कोई मालगाड़ी चलने दी जाएगी । इसके बाद आन्दोलनकारी कांग्रेसजनों ने बिलासपुर का रुख किया। बिलासपुर रेलवे स्टेशन के बाहर सुबह से ही कांग्रेसजनों का धरना-प्रदर्शन जारी था । रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस ने उन्हें स्टेशन के अन्दर जाने से रोक दिया । प्रदर्शनकारियों में बिलासपुर के विधायक शैलेश पाण्डेय, जिला अध्यक्ष ग्रामीण विजय केशरवानी और शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय सैकड़ों कांग्रेसजनों के साथ स्टेशन के बाहर ही केंद्र और रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे कांग्रेसी स्टेशन के भीतर प्रवेश करने में सफल हो गए । वहां उन्होंने पटरी पर उतरकर मालगाड़ियाँ रोकने की कोशिश की । योजनाबद्ध तरीके से दो समूह बनाकर कांग्रेसियों ने दो ट्रेक पर चल रही मालगाड़ियों को रोका । इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल के सैकड़ों जवान मौजूद थे । रेलवे पुलिस ने बलपूर्वक सभी कांग्रेसियों को प्लेटफार्म की तरफ वापस खींचा । रेल प्रशासन ने चेतावनी भी दी कि आन्दोलन की वजह से रेल यातायात बाधित हुआ तो आन्दोलनकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी । दपूमरे के सीनियर डीसीएम विकास कश्यप ने सम्पूर्ण घटनाक्रम के बाद कहा कि यदि कोई व्यक्ति रेल परिचालन में बाधा डालता है तो यह रेलवे एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि आज के रेल रोको आन्दोलन में रेलवे के इंटेलिजेंस विंग ने इस संबंध में वीडियोग्राफी की है। उन्होंने कहा कि दोषी व्यक्तियों के खिलाफ उचित धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर मौजूद शहर के कांग्रेस विधायक शैलेश पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति हमारी जवाबदेही है इसलिए प्रदेश स्तरीय रेल रोको आन्दोलन किया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के रद्द होने और उनकी लेटलतीफी के कारण प्रदेश की जनता त्रस्त हो चुकी है । किसान-मजदूर-छोटे व्यापारी, छात्र और माताएं-बहनें सभी इससे प्रभावित हैं . केंद्र की मोदी सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता की परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं हैं। उन्होंने साफ़ कहा कि कांग्रेस ने रेल रोककर कोई गैर-कानूनी काम नहीं किया है । हम छत्तीसगढ़ की जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं । कांग्रेसी नेता विजय केशरवानी ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर 13 सितम्बर को पूरे छत्तीसगढ़ में रेल रोको आंदोलन प्रस्तावित था . बिलासपुर जिले में कोटा ब्लाक कांग्रेस कमेटी और रतनपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ( शहर/ग्रामीण ) कोटा स्टेशन में, बेलगहना ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेलगहना स्टेशन में, बिल्हा ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिल्हा स्टेशन में, मस्तूरी ब्लाक कांग्रेस कमेटी जयराम नगर स्टेशन में रेल रोको आन्दोलन जारी रखा। उन्होंने बताया कि तखतपुर, सकरी, बेलतरा, सीपत, रतनपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां बिलासपुर के मुख्य रेलवे स्टेशन में रेल रोको आन्दोलन में शामिल रहे । उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारा टारगेट यात्री गाड़ियाँ नहीं बल्कि मालगाड़ियाँ हैं । जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि रेल परिचालन एवं बंद ट्रेनों को पुनः आरम्भ करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी लगातार आंदोलन करती आ रही है। ज़िला कांग्रेस कमेटी ने पूर्व में भी ज़िले के प्रत्येक स्टेशन के सामने धरना प्रदर्शन, जीएम ऑफिस का घेराव-प्रदर्शन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद अरुण साव के निवास पर घेराव-प्रदर्शन किया है। केशरवानी ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार छत्तीसगढ़ की गरीब जनता के साथ लगातार दुर्व्यवहार कर रही है, उनके अधिकारों को छीन रही है।

## संपादकीय

### महिलाएं सुरक्षित हों पर्यटन स्थलों पर

*छत्तीसगढ़ में पर्यटकों के आकर्षण के कई केन्द्र हैं। प्राकृतिक छटा से भरपूर अनेक स्थान ऐसे हैं जो शहरों, गांवों या घनी बस्तियों से दूर हैं। कई स्थलों को जाने के लिये जंगलों या सूने स्थानों से होकर गुजरना पड़ता है। खूबसूरत होने के कारण इन स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग आना चाहते हैं परन्तु सूने रास्तों या वीरान होने के चलते अनेक टाल जाते हैं। आते भी हैं तो उन्हें समूहों में आना होता है। रोमांच भरी यात्राओं का शौक रखने वाले लोग आना चाहते हैं परन्तु इन्हीं कारणों से नहीं आते। ठहरने या खाने-पीने की सुविधाओं का अभाव वहां देखा जाता है। फिर, ज्यादातर जगहों को जाने के लिये वाहन उपलब्ध नहीं होते। दो पहिया वाहनों से थोड़ी दूरियां तो तय की जा सकती हैं लेकिन दूर से आना हो तो खुद का चार पहिया वाहन चाहिये। सरगुजा, बस्तर, गरियाबन्द, बलौदा बाजार, कोरबा आदि के अनेक पर्यटन स्थल हैं जो सुनसान हैं। तीसरा बड़ा कारण है सुरक्षा का अभाव। अनेक स्थलों पर मनचले समूहों में एकत्र होकर माहौल खराब करते हैं। महिलाओं के लिये यह स्थिति बहुत ही असुविधाजनक होती है। वे जगहों का खुलकर आनंद नहीं उठा पातीं। ये जगहें सूने में होने के अलावा असामाजिक तत्व स्थानीय ही होते हैं जो धमकियों, गाली-गलौज या मारपीट पर उतर आते हैं। इन जगहों पर छेड़छाड़ के प्रकरण तो होते ही रहते हैं, अब दुष्कर्म का जो समाचार मिला है वह और भी व्यथित करने वाला है। फिंगश्वर थाने के अंतर्गत आने वाला घटारानी बहुत प्रसिद्ध स्थल है। अक्सर लोग यहां तथा जतमई मंदिर घूमने-फिरने आते हैं। लौटने का रास्ता कुछ दिशाओं में सूना है। एक युवती वहां रविवार को घूमने आई थी। नज़दीकी गांव छुईया के महेन्द्र सिन्हा एवं जोगीडिपा गांव के राजू यादव ने दोस्त के साथ मारपीट की व युवती के साथ दुष्कर्म किया। किसी तरह से दोनों ने फिंगेश्वर थाने पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। बताया जाता है कि छग के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को तंग करने व उनके साथ छेड़छाड़ की वारदातें होती रहती हैं। बाहरी होने के कारण पर्यटक विवादों में पड़ना नहीं चाहते इसलिये वे अपमान का घूंट पीकर चुप रह जाते हैं तथा वहां से चले जाना ही श्रेयस्कर समझते हैं। इसके चलते बहुत से अपराध दर्ज ही नहीं हो पाते। प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना चाहिये। सभी ऐसे स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात होना चाहिये। पर्यटकों को भी चाहिये कि उनके साथ होने वाले किसी भी ऐसे अपराध की रिपोर्ट बिना डरे या संकोच किये तत्काल लिखानी चाहिये। तभी ऐसे अपराध रूकेंगे व सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।*

## सार-संक्षेप

### पोला पर्व पर बैलों की पूजा व साज-सज्जा प्रतियोगिता आज

**बिलासपुर** , 13 सिंतबर (देशबन्धु)। आदर्श युवा मंच द्वारा लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में पोला पर्व मनाया जायेगा। इस दौरान बैलों की पूजा एवं साज-सज्जा प्रतियोगिता आयोजित होगी। मंच द्वारा शाला मैदान में 14 सितम्बर की शाम 5 बजे से स्वर्गीय श्रीचंद्र मनूजा की स्मृति में बैल सजा-सज्जा प्रतियोगिता कराई जाएगी। किसानों के उत्साहवर्धन के लिए होने वाले इस कार्यक्रम में लोक कला संस्कृति मंच मनभौरा की प्रस्तुति की भी होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन मंडल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव होंगे। अध्यक्षता महापौर रामशरण यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि अरूण सिंह चैहान अध्यक्ष जिला पंचायत, प्रमोद नायक अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक, शेख नजीरूदीन सभापति, राजेंद्र शुक्ला अध्यक्ष बिल्हा मंडी, अभय नारायण राय उपाध्यक्ष अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण, पुष्पा दुबे सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी महिला, अमर बजाज सदस्य सिंधी अकादमी होंगे। इस दौरान भागीदारी निभाने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। यह जानकारी मंच के अध्यक्ष महेश दुबे एवं सचिव केशव बाजपेई ने संयुक्त रूप से दी है।



### शहर की बेटी डॉ. सना खान ने बढ़ाया मान



**बिलासपुर**, 13 सितंबर (देशबन्धु) । बिलासपुर की बेटी ने रसिया में पढ़ाई कर एमबीबीएस एमडी मेडिसिन की डिग्री हासिल कर पूरे बिलासपुर एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया है। गौरतलब है कि डॉक्टर सना खान डिप्टी रेंजर अब्दुल हफीज खान की पुत्री है उनके इस कामयाबी के लिए उसलापुर सहित बिलासपुर अंचल में हर्ष का माहौल है। आपको बता दें कि डॉक्टर सना खान 2016 में सेनथीरीपाल यूनिवर्सिटी रसिया से पढ़ने गई रसिया में रहते हुए 6 वर्ष अपनी एमबीबीएस एमडी मेडिसिन की पढ़ाई पूरी करने पश्चात 2022 में बिलासपुर वापस आने के बाद फॉरेन मेडिकल काउंसिल के पश्चात इंडियन मेडिकल काउंसलिंग एमसीआई का एक्जाम पास कर भारतीय डाक्टर की सुची में स्थान प्राप्त किया। डॉक्टर सना खान पिता अब्दुल हफीज खान ,(डिप्टी रेंजर ) उसलापुर निवासी की बड़ी पुत्री है । वे दादा मियां की नातीन है जो अपने परिवार की पहली डाक्टर बनी है। सना खान के डॉक्टर बनने पर उनके परिवार सहित पूरे बिलासपुर में हर्ष है माहौल है सभी उनके इस कामयाबी के लिए डॉक्टर सना खान को बधाई एवं शुभकामनाएं दे रहे हैं।

### कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल अमल रामबाई को मिला आयुष्मान कार्ड

**बिलासपुर** , 13 सिंतबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देश पर त्वरित अमल करते हुए आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम पड़रीपार पहुंचकर श्रीमती राम बाई को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर से ग्राम पंचायत घुटकु के अंतर्गत ग्राम पड़रीपार निवासी श्रीमती रामबाई ने पेंशन दिलाने एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए निवेदन किया था। जिस पर कलेक्टर श्री झा ने स्वास्थ्य विभाग को तुरंत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए थे।

## शिक्षा विभाग में गड़बड़ी मंत्री से की शिकायत



**बिलासपुर** , 13 सिंतबर (देशबन्धु)। बिलासपुर में जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिल्हा द्वारा जिस प्रकार की अंधेरगर्दी मचा कर रखी गई है । इसकी लिखित शिकायत एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव अर्पित केसरवानी ने स्कूल शिक्षा मंत्री से मुलाकात करके की है । उन्होंने मंत्री को बताया की न्यायधानी में अधिकारी बेलगाम है और पैसे के लिए कुछ भी करने को उतारू है । यही वजह है कि यहां पर एक सहायक शिक्षक इंद्रासन क्षत्री पिछले 6.5 साल से स्कूल से नदारद है और प्रॉपर्टी डीलिंग और ठेकेदारी जैसे व्यवसाय में लिप्त है । स्कूल से नदारत होने की सूचना स्वयं प्रधान पाठक द्वारा लिखित रूप में बार-बार बीईओ बिल्हा को दी गई । उसके बाद भी शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाय विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर माह उसका वेतन निकालते रहे । शिकायत में यह भी बताया गया है कि जिला शिक्षा अधिकारी और विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने मिलीभगत करके एक शिक्षक को पदोन्नति आदेश जारी होने के 6 माह बाद कार्यभार ग्रहण कर दिया है । जबकि उसका आदेश जारी होने के 15 दिन बाद ही निरस्त हो चुका था । इसी प्रकार जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा लगातार अलग-अलग मामलों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को बचाने की भी शिकायत हुई है । विकास का शिक्षा अधिकारी के द्वारा शिक्षकों से अपने विभागीय कार्य करवाने हेतु पैसे की उगाही की जाती है जहां उनके एजेंट सक्रिय रहते हैं। इधर मंत्री रविंद्र चौबे ने इस मामले में पूरी बात सुनने के बाद कहा है की शिकायत की जांच करवाई जाएगी और उसके बाद दोषी अधिकारी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी, किसी भी हाल में उन्हें नहीं बख्शा जायेगा । ज्ञापन देने के लिए अर्पित केसरवानी एवं गौरव सिंह परिहार उपाध्यक्ष एनएसयूआई के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने आदिवासी विकास विभाग कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### समस्त शाखाओं के पंजियों को अपडेट रखने दिए निर्देश




**बिलासपुर** , 13 सिंतबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज पुराना संयुक्त कार्यालय स्थित आदिवासी विकास विभाग कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने कार्यालय के सभी शाखाओं में विभिन्न फाईलों, पासबुक, सर्विस बुक सहित अन्य रिकॉर्ड का बारीकी से अवलोकन किया और सभी पंजियों को अपडेट रखने कहा। इसी क्रम में कलेक्टर ने सभी फाईलों एवं रिकार्ड के समुचित रख-रखाव के निर्देश दिए।

उन्होंने आदिवासी कल्याण के लिये संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर शिव कुमार बैनर्जी एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## इस तीज पर महिलाओं के हाथों में रचेगी एक मेहंदी स्वीप की

### स्वीप के तहत मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन 16 से

### सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को किया जाएगा पुरस्कृत


**बिलासपुर** , 13 सिंतबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध हरितालिका तीज पर्व को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरूकता के लिए एक मेंहदी स्वीप की प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें महिला मतदाताओं को केंद्र में रखकर एक मेंहदी स्वीप की शीर्षक से मेहंदी लगाकर मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 16 से 19 सितम्बर 2023 तक होगी।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिला मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित करने के दृष्टिकोण से बाएं हथेली पर स्वीप बिलासपुर लिखकर मेंहदी लगाने और दाहिने हथेली पर अन्य रचनात्मक आकृति बनाकर मेंहदी लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता कार्यक्रम में भागीदारी करने वाली महिलाओं एवं युवतियों को मेंहदी लगाकर व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से फोटो लेकर जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये व्हाट्सअप नंबर पर भेजना होगा। इन प्राप्त फोटोग्राफ्स में से सर्वश्रेष्ठ 20-20 प्रविष्टियों को व्यक्तिगत व सामूहिक श्रेणी में जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया में शेयर किये गए सर्वश्रेष्ठ 10 प्रविष्टियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। रिल्स तैयार कर शेयर करने वाले सर्वश्रेष्ठ 10 प्रतिभागियों को भी पृथक से पुरस्कार प्रदान किया जाएंगे। प्रतिभागियों को व्हाट्सअप नंबर 70005-44033 पर फोटो शेयर करना होगा। सोशल मीडिया पर फोटोग्राफ्स शेयर करने के दौरान प्रतिभागियों को भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़, जिला प्रशासन बिलासपुर के अधिकारिक पेजों पर टैग करना एवं निर्धारित हैश टैग के साथ शेयर करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में 19 सितम्बर तक उपलब्ध और शेयर किये गये फोटोग्राफ्स ही मान्य होंगे। जागरूकता कार्यक्रम हेतु नवाचार करने वाली निजी, गैर शासकीय संस्था अथवा संगठनों के सर्वश्रेष्ठ तीन प्रयासों को चिन्हांकित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज छत्तीसगढ़ दौरा

### छत्तीसगढ़ में 6,350 करोड़ की कई महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र परियोजनाएं देश को समर्पित करेंगे

### चांपा से जामगा तीसरी रेल लाइन व पेंड्रा रोड से अनूपपुर तीसरी रेल लाइन का लोकार्पण



**बिलासपुर** , 13 सितंबर(देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 सितंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के देश भर में सम्पर्क में सुधार से रायगढ़ में सार्वजनिक कार्यक्रम में लगभग 6350 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने को प्रोत्सा हन मिलेगा। इन परियोजनाओं में चांपा से जामगा के बीच तीसरी रेल लाइन, पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन और अन्य परियोजनाएं शामिल है। रेल परियोजनाएं क्षेत्र में यात्रियों की आवाजाही के साथ-साथ माल ढुलाई को सुविधाजनक बनाकर सामाजिक-आर्थिक विकास को गति प्रदान करेंगी।

चांपा और जामगा रेलखंड के बीच 98 किलोमीटर लंबी तीसरी रेल लाइन का निर्माण करीब 796 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। नई रेल लाइनों से क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार होगा और पर्यटन एवं रोजगार दोनों के अवसरों में वृद्धि होगी।चाँपा से जामगा के बीच इस पूरे क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं, जिनका लाभ इस लाइन के बनाने से इस क्षेत्र के लोगों को मिलेगा । कोसा, कांसा और कंचन की नगरी कहे जाने चांपा के कोसा सिल्क कारीगरों को नए बाज़ार से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा । कृषि उत्पादों को आसानी से बाज़ार से तक पहुंचाने के लिए यह लाइन वरदान साबित होगी। पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन 50 किमी लंबी है और इसका निर्माण लगभग 516 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह लाइन छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत नवगठित पेंड्रा-गौरेला-मरवाही जिले और मध्य प्रदेश के अनूपपुर के बीच रेल कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी, यातायात को और सुगम बनाएगी । यह क्षेत्र कृषि प्रधान आदिवासी बहुल क्षेत्र है, यहाँ के लोगो को इसका वृहद लाभ मिलेगा । यहाँ के कृषि उत्पाद जिसमें अन्न के साथ बागवानी एवं फलों की खेती शामिल है, इन्हें बाज़ार तक पहुचने के लिए यह लाइन सहायक सिद्ध होगीं । यह लाइन कोयले के परिवहन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है । यह छत्तीसगढ़ से कटनी के रास्ते उत्तर एवं पश्चमी भारत तक जाने वाले महत्वपूर्ण रेल मार्ग का भी हिस्सा है । यह क्षेत्र अपनी धार्मिक तथा मनोरम प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के लिए काफी प्रसिद्ध है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री अन्य परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

CMYK

# अवैध उत्खनन व परिवहन पर हो सकती है 5 वर्ष की सजा

## अवैध उत्खनन और परिवहन वाले मार्गों को किया गया है अवरुद्ध




**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। जिला खनिज अधिकारी के अनुसार विशेष सचिव छत्तीसगढ़ शासन खनिज साधन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 7-7 / 2004-12 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 06.09.2023 के तहत प्रदेश में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन / परिवहन / भंडारण पर माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ बिलासपुर के समक्ष दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी (पीआईएल) नं. 66 /2023 तथा याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी (पीआईएल) नं. 21/2023 में पारित अंतरिम आदेश दिनांक 04.08.2023 एवं 23.08.2023 के अनुसार प्रभावी रोकथाम किये जाने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये गये है।

जिला कार्यालय खनिज शाखा कोरबा द्वारा रेत एवं अन्य खनिजो के अवैध उत्खनन / परिवहन / भंडारण पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। जिले में अवैध उत्खनन प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रो का चिन्हांकन किया गया है।

भिलाईखुर्द, मोतीसागर, बरमपुर एवं राताखार में अवैध उत्खनन / परिवहन हेतु प्रयुक्त होने वाले मार्गों को अवरूध्द किया गया है। जिले में अवैध उत्खनन / परिवहन प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्रो (भिलाईखुर्द, मोतीसागर, बरमपुर, राताखार, भैसामुड़ा, तरदा, कसरेंगा एवं कुचैना) में नोटिस बोर्ड स्थापित किया गया है जिसमें खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत अवैध उत्खनन / परिवहन किये जाने पर 2 से 5 वर्ष का कारावास की सजा हो सकती है का उल्लेख किया गया है।

खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (1) एवं 21 (2) के प्रावधानों का मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं आयुक्त नगर निगम कोरबा को पत्र जारी किया गया है। खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (1) एवं 21 (2) के तहत निर्धारित अधिकतम दंड जैसे 5 वर्ष / 2 वर्ष एवं अर्थदंड रूपये 5 लाख एवं प्रत्येक दिन के लिए अर्थदंड रूपये 50,000 / - प्रावधानित है। विगत वर्षो में अवैध उत्खनन / परिवहन / भंडारण में संलिप्त एवं आदतन व्यक्तियों के द्वारा पुनः अवैध उत्खनन / परिवहन / भंडारण किये जाने पर प्रकरण धारा 22 के अनुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## बालको में समस्याओं का अम्बार, खराब सडक़ों व जाम से लोगों में आक्रोश

**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। बालको के भदरापारा रिसदा स्कूल के पास एवं चेक पोस्ट के शक्ति केंद्र में भाजपा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रत्याशी लखनलाल देवांगन ने कहा कि बालको क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। यहां कांग्रेस के विधायक व महापौर को कोई चिंता नहीं। परसाभाठा से पॉलिटेक्निक कॉलेज जाने का मार्ग में सडक़ में जाम से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खराब सडक़ों के साथ वार्डों में नाली की समस्या से लोग परेशान हैं। सार्वजनिक स्थानों पर अभी गणेश पूजा के लिए सांस्कृतिक मंच शेड निर्माण की व्यवस्था नहीं है कांग्रेस बड़े-बड़े दावा करती है लेकिन धरातल पर कुछ भी नहीं। प्रदेश सरकार अनेकों लोक लुभावने प्रलोभन देकर एक भी वादा पूरा नहीं किया। ना शराब बंदी हुआ, ना बेरोजगारी भत्ता मिला, ना पेंशन मिला और न ही 10 लाख रोजगार। केन्द्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में देश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। आज देश एवं छत्तीसगढ़ में सडक़ों का जाल बिछाया जा रहा है। चाहे रेल मार्ग हो या राष्ट्रीय राजमार्ग प्रगति का राजमार्ग बन चुका है। छत्तीसगढ़ में 33 सडक़ परियोजनाओं की सौगात मिल चुकी है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी एवं वार्ड वासी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित




**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा, दुर्ग एवं पशुधन विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वाधान में आकांक्षी जिला कोरबा के विकासखण्ड पाली के हरदीबाजार में विगत दिवस पशु प्रजनन शिविर एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर एवं प्रेमचंद पटेल सभापति पशुधन स्थायी समिति जिला पंचायत कोरबा उपस्थित थे। पशुधन जागृति अभियान के अंतर्गत आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय कृषि भवन नई दिल्ली द्वारा उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।

शिविर में डॉ एम. एस. परमार सहायक प्राध्यापक दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा एवं शिविर के ध्येय के सबंध में उपस्थित पशुपालकों को जानकारी दी गई एवं पशु प्रजनन प्रबंधन के प्रति जागरुकता लाने हेतु प्रेरित किया गया। जागरूकता कार्यशाला में विशेषज्ञों डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. डी. के सिंहदेव डॉ. एच. के. सोनी, डॉ. सोहन गुर्जर, डॉ. सतीश राठौर, डॉ उलेष तंवर द्वारा पशुओं में बांझपन की समस्या से बचने के उपायों एवं उपचार, पशुओं में गर्माने के लक्षण, कृत्रिम गर्भाधान के समय की पहचान, पशु प्रजनन प्रबंधन सहित अन्य जानकारी पशुपालकों को दी गई। शिविर में 115 पशुओं का विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क उपचार किया गया। कार्यशाला में पशुपालकों के जिज्ञासाओं का समाधान हेतु विशेषज्ञों के साथ प्रश्नोतरी का भी आयोजन किया गया, जिसमें पशुपालकों द्वारा अपने पशु संबंधी अनेक समस्याओं का विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया गया। कार्यशाला में लगभग 255 पशुपालक लाभान्वित हुए। शिविर में दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. एम. एस. परमार, पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. अमित कुमार गुप्ता, डॉ. दिलीप पैकरा एवं उपसंचालक पशुचिकित्सा सेवाएं डॉ. एस.पी. सिंह, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के सदस्य रमेश अहीर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### युवा स्वरोजगार योजना जनजागरूकता शिविर आयोजित

कोरबा, 13 सितंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं बजट विशेषज्ञ दिल्ली उमेश बाबू के मार्गदर्शन में रविवार को आदिवासी शक्ति पीठ भवन में एसटी, एससी बजट वर्किंग कमेटी कोरबा इकाई के बेनर तले युवा स्वरोजगार योजना हेतु जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

बैठक में जिले के अनेकों ब्लॉक से एसटी, एससी बेरोजगार युवक-युवतियां काफी संख्या में आये हुए थे। शिविर में सरकार की योजनाओ के बारे में जानकारी दी गई, साथ में विभिन्न सरकारी विभागों जैसे जिला उद्योग, खादीग्रामोद्योग, अन्त्यव्यवसाय, महिला समूहों को मिलने वाले लाभ, मछली पालन कृषि संबंधित लाभों की जानकारी दी गई। आरएसईटीआईकी ओर से सुरंजना बिस्वास ने आरसेटी में होने वाले ट्रेनिंग के बारे में जानकारी दी। विभिन्न व्यवसायों की ट्रेनिंग सरकार द्वारा मुफ्त में दिया जाता है। शिविर में सफल उद्यमियों ने अपने अनुभवों को साझा किया। धर्मेन्द्र (ऐश ब्रिक्स ) पनमेश्वरी, (आचार पापड़ ), उषा गौतम ( ब्युटीपार्लर), अहमद ( बिजनेस ट्रेनर ) उपस्थित थे। छोटे-बड़े उद्योगों के लिए बैंकों से लोन कैसे मिलता है इसकी भी जानकारी दी गई। आयोजनकर्ता रूप कुर्रे, नरेश खुंटे, एमबी धुर्वे, पुष्पा कंवर, नन्द किशोर साहू, रमेश कुर्रे, संतराम, महाबीर लकड़ा, मनमोहन सिंह राठिया, अमृता मिलन, पनमेश्वरी, सरजू सरोटिया, भागवत कंवर, निर्मल सिंह राज, केआर पालिया, शिवनारायण कंवर, एमपी सिंह तंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

### मतदान के प्रति जागरूक करने हुई विविध प्रतियोगिताएं

**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वीप के संयुक्त तत्वाधान में छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसके अंतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डेजी कुजूर एवं स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार साहू ने लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के बीए, बीकॉम, बीएससी संकाय की 26 छात्राओं ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर देवंतिका साहू, बीए तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर नेहा पटेल बीए प्रथम वर्ष और मनीषा कुर्रे, बीए अंतिम वर्ष तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता के संचालन में महाविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती संध्या पांडेय, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. एपी सिंह, श्रीमती मोनिका मिंज, सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान, श्रीमती वर्षा सिंह तंवर, सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान का विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

## ग्राम पंचायतों में लंबित निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये-विश्वदीप

### सीईओ ने की प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा अभिसरण कार्यों की समीक्षा



**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय आजीविका मिशन 15वें वित्त आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के तहत लंबित निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण कराये।

सीईओ ने ईई आरईएस, एसडीओ, सब इंजीनियर तकनीकी सहायक को निर्देश दिए कि सभी तकनीकी अमला प्रतिदिन पंचायतों का भ्रमण करके कार्यों निरीक्षण, मूल्यांकन करें और निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में 13 सितंबर स 15 सितंबर तक आयोजित हो रही विशेष ग्रामसभा में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के पात्र-अपात्र हितग्राहियों की सूची प्रस्तावित करने के निर्देश दिए हैं।

श्री विश्वदीप ने मनरेगा अभिसरण के तहत जिले में निर्माण किए जा रहे आंगनबाड़ी भवनों, वर्मी टांका, नाडेप को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य पूर्ण होने पर ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करके, पूर्णता प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से जमा कराने की बात कही। सीईओ ने एसडीओ, सब इंजीनीयर आरईएस, सीईओ जनपद पंचायत कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायकों, करारोपण अधिकारी, विकास विस्तार अधिकारी आदि तकनीकी अमले को निर्देशित किया कि जिले के अधूरे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास जिन्हें पहली, दूसरी या तीसरी किश्त प्राप्त चुके हैं, ऐसे अधूरे आवासों को अभियान चला कर सर्वोच्च प्राथमिकता से आवासों के निर्माण कार्य पूर्ण कराएं। इसके लिए मैदानी अमला सतत् फिल्ड में रहे तथा ग्रामीण हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में ईई आरईएस, सहायक परियोजना अधिकारी ,एसडीओ, सब इंजीनियर आरईएस, कार्यक्रम अधिकारी, तकनीकी सहायक सहित विभागीय कर्मचारी उपस्थित थे।

### समय पर हो निर्माण कार्यों का मूल्यांकन

सीईओ ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस, समयबद्ध मजदूरी भुगतान, आधार बेस्ड भुगतान, नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम, रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन, पूर्ण कार्यों की जियोटैगिंग, आधार सीडिंग, कचरा पृथककरण शेड निर्माण, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि कार्यों में प्रगति लाएं तथा शीघ्र ही निर्माण कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों का मूल्यांकन समय पर सुनिश्चित किया जाए।

## जनचौपाल में आए 138 आवेदन

**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। जिला कार्यालय में आयोजित जनचौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी मांगे व समस्याएं रखी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनचौपाल में 138 लोगों ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर अपर कलेक्टर दिनेश नाग ने सभी आवेदनों का निराकरण और आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसी प्रकार लोगों ने मुआवजा प्रकरण के निराकरण, मजदूरी भुगतान, नामांतरण, सीमांकन, सहायक उपकरण सहित अन्य आवेदन दिए।

## सप्तदेव मंदिर में नानी बाई का मायरो कार्यक्रम आज



**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। सप्तदेव मंदिर में 14 सितंबर को नानी बाई का मायरो कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कोलकोता के अनिल लाटा एंड पार्टी को आमंत्रित किया गया है जिनके द्वारा दोपहर 3 बजे से रात्रि 7 बजे तक नानी बाई का मायरो का मंचन नृत्य नाटिका के साथ किया जायेगा।

पूर्व में भी अनिल लाटा एंड पार्टी के द्वारा मंदिर में भादी अमावस्या उत्सव पर अपनी प्रस्तुति दी जा चुकी है। अनिल लाटा एवं पार्टी के द्वारा नानी बाई का मायरो के मंचन के पश्चात दूसरे दिन 15 सितंबर को सायं 4 बजे से मंदिर में राणीसती दादी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ किया जायेगा जिसमें लगभग 501 मंगलपाठी महिलाएं उपस्थित रहेंगी। सप्तदेव मंदिर परिवार के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में उपस्थित होने आग्रह किया है।

## अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराकर गड्ढे में गिरी

कोरबा, 13 सितंबर (देशबन्धु)। दीपका थाना अंतर्गत कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में प्रगतिनगर के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे डिवाइडर से टकराते हुए गड्ढे में जा गिरी। हादसे में दो युवक घायल हुए है जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के मुताबिक दीपका थाना अंतर्गत प्रगतिनगर के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर गड्ढे में गिर गई। दुर्घटना में कार में सवार दो युवक फंस गए। हादसा होते ही वहां लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने दोनों युवकों को कार से बाहर निकाला। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस की दो गई। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## राशन कार्डधारी अब 30 सितंबर तक करा सकेंगे ई-केवाईसी

**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार के निर्देश पर ''वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना'' के तहत राशनकार्डधारी हितग्राहियों का शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करने हेतु समय सीमा में वृद्धि करते हुए 30 सितंबर अंतिम तिथि निर्धारित किया है।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए राशनकार्ड के सभी सदस्यों के आधार की जानकारी प्रमाणीकृत होना आवश्यक है। जिले में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकानों को प्रदान किए गए ई-पॉस उपकरण में ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध है। जहां ई-पॉस उपकरण के माध्यम से हितग्राहियों का ई-केवाईसी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी की कार्यवाही पूर्णतः निःशुल्क है। ई-केवाईसी की कार्यवाई के लिए राशनकार्डधारी मुखिया एवं राशनकार्ड में दर्ज सभी सदस्य अपने आधार नंबर के साथ शासकीय उचित मूल्य दुकान जाकर अपना ई-केवाईसी करा सकते हैं। राशन दुकान संचालक द्वारा ई-पॉस उपकरण में प्रत्येक सदस्य के आधार नंबर की पृथक-पृथक प्रविष्टि कर उनका फिंगर प्रिंट स्कैन करवाकर ई-केवाईसी की कार्यवाई पूर्ण किया जाएगा।




### 7 लाख से अधिक ई-केवाईसी पूर्ण

जिले में राशनकार्ड हितग्राहियों की कुल संख्या 11,60,825 है। वर्तमान में 7,88,983 राशनकार्ड हितग्राहियों ने संबंधित उचित मूल्य दुकान संचालक के माध्यम से अपना ई-केवाईसी पूर्ण करा लिया है। साथ ही 3,71,842 राशनकार्डधारी सदस्यों का ई-केवाईसी होना लंबित है। जिला खाद्य अधिकारी ने ई-केवाईसी के छुटे हुए कार्डधारियों से जल्द से जल्द उचित मूल्य दुकान में जाकर ई-पॉस उपकरण के माध्यम से अपना ई-केवाईसी पूर्ण कराने का अपील किया है।

## निर्वाचन कार्य में नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाये - कलेक्टर



**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य के लिए नियुक्त नये सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षित जरूर किया जाये। इसके पहले वह अपने संबंधित मतदान केंद्रों का निरीक्षण अवश्य कर लेवे। उन्होंने समीक्षा हेतु निर्धारित एजेण्डाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ कलेक्टर ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन हेतु मतदान केंद्रो की वेब कास्टिंग, नेटवर्क की स्थिति, सेक्टर अधिकारियों के साथ मतदान केंद्रों का निरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने आई टी कालेज में बनाये जाने वाले स्ट्रॉंग रूम मे पर्याप्त पेयजल व्यवस्था, विद्युत ट्रांसफॉर्मर, आदि की व्यवस्था हेतु अधिकारियों को निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजीव आश्रय योजना, एसईसीएल की भूमि एवं वन भूमि के पट्टे, स्कूल जतन योजना, किसान पंजीयन के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में महिला बाल विकास द्वारा पोषण माह जन आंदोलन अंतर्गत विभागों को जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिये। बैठक में नगर पालिक निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, डीएफओ कटघोरा कुमार निशांत, अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## 25 सितंबर तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार

**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में 06 वर्ष से कम आयु के बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। शत-प्रतिशत बच्चों की वृद्धि निगरानी को दृष्टिगत रखते हुए वजन त्यौहार की अवधि को 25 सितंबर 2023 तक के लिए बढ़ाई गई है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने वजन त्यौहार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 1 सितंबर से 13 सितंबर तक वजन त्यौहार आयोजित किया जाना था। जिसकी समय सीमा में वृद्धि करते हुए अब 25 सितंबर तक बढ़ाई गई है। इसका उददेश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना, बच्चों का डेटाबेस तैयार करना, कुपोषण कम करने हेतु कार्ययोजना बनाना तथा लक्षित बच्चों को चिन्हांकित करना है। बच्चों के वजन तथा ऊंचाई मापन का कार्य आंगनबाड़ी केन्द्र स्तरीय दल द्वारा किया जाएगा।

## विचारों में सकारात्मकता रखेंगे, तो नहीं होगी मानसिक व्याधि -साव

**कोरबा**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। आयुष मेडिकल एसोसिएशन का चिकित्सक सम्मेलन होटल ब्लू डायमंड में आयुष मेडिकल एसोसिएशन कोरबा एवं वाल्टीन हेल्थ केयर दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रदीप जैन के मुख्य आतिथ्य में विशेष संभाषा परिषद के रूप में मनाया गया।




सम्मेलन का शुभारंभ आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवंतरी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उनके समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। उसके पश्चात मास्टर माइंड कोच इंडियन नेवी मुंबई से सेवानिवृत्त विनय साव ने हेल्थ, वेल्थ एंड हैप्पीनेस के लिये माइंड मास्टरी प्रोग्राम पर विशेष व्याख्यान देते हुये कॉनसियस एवं सबकॉनसियस माइंड के पावर के बारे मे विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि अगर हम सबकॉनसियस माइंड की ताकत को समझकर, प्रकृति के नजदीक रहकर अपने विचारों मे सकारात्मक सोंच रखेंगे तो कोई मानसिक व्याधि हमें नहीं घेर सकेगी। मोटिवेशनल स्पीकर विनय साव ने आयुष चिकित्सकों के पूरे परिवार के लिये उसमे भी विशेष बच्चों हेतु एक, एक दिवसीय विशेष कार्यशाला हेल्थ,वेल्थ एंड हैप्पीनेस के लिये, माइंड मास्टरी प्रोग्राम पर रखने की बात कही। सम्मेलन में डॉ.आर. सी.पांडे, डॉ.जे. पी. चंद्रा, डॉ.कमलेश दुबे, डॉ.अतुल धाबू, डॉ.प्रदीप देवांगन, अध्यक्ष डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, सचिव डॉ. राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. संजय वैष्णव, डॉ.उपमा नायक, डॉ.देवेंद्र कश्यप, डॉ.हेमंत पटेल, डॉ.स्वाति सिंह, डॉ.संगीता शर्मा, डॉ.सपना धाबु, डॉ.अरविन्द साहू, डॉ.मूंगावति सिदार, डॉ.बंशीधर नायक, डॉ.चांदनी साहू, डॉ.सी.के.चन्द्रा, डॉ.फरजाना रिजवी, डॉ.रामगोपाल साहु, डॉ.ललित साहु, डॉ.योगेश साहू, डॉ.प्रदीप कश्यप, डॉ.राजीव श्रीवास, डॉ.अश्विनी आर्य, डॉ.सागीर खान एवं डॉ.हिमांशु यादव के अलावा वाल्टीन हेल्थ केयर दिल्ली के रीजनल सेल्स मैनेजर सूरज प्रताप सिंह, एरिया मैनेजर गगन सिंह एवं मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव लक्ष्मी कश्यप अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप

## सुनील चौरसिया को मिली मानद डॉक्टरेट की उपाधि

**मनेन्द्रगढ़** 13 सितंबर (देशबन्धु)। अनूपपुर जिले के कोयलांचल क्षेत्र में सूचना के अधिकार, श्रमिक अधिकार एवं मानवाधिकारों को जनसामान्य के लिए सुलभ बनाने एवं इसके माध्यम से नागरिकों के मानवाधिकार एवं संबंधित संवैधानिक अधिकारों को संरक्षित करने के लिए विगत दो दशकों से कार्य कर रहे कोयलांचल क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार,सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर परिषद डूमरकछार के निर्विरोध पार्षद एवं निर्विरोध निर्वाचित अध्यक्ष सुनील चौरसिया को विश्व मानव अधिकार संरक्षण आयोग (वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन कमिशन) का राष्ट्रीय सदस्य मनोनीत किया गया है, साथ ही डॉक्टर सुनील कुमार चौरसिया के सामाजिक योगदान के लिए वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटक्शन कमिशन तथा भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर के द्वारा भाजपा सांसद एवं संसद के एचडीएसी कमेटी के चेयरमैन एवं गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री फ्रांसिसको सरदिन्हा के द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान हेतु मानद डॉक्टरेट की डिग्री प्रदान की गयी। डॉ.सुनील कुमार चौरसिया के उक्त सामाजिक योगदान एवं मानव डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त होने पर उनके शुभाचितको, मित्र, पत्रकार साथी तथा क्षेत्र की जनता ने शुभकामनाएं प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया है, साथी श्री चौरसिया के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान जागरूकता रथ को कलेक्टर ने किया रवाना

**मनेन्द्रगढ़** 13 सितंबर (देशबन्धु)। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर नरेन्द्र कुमार दुग्गा व महिला बाल विकास अधिकारी आर. के. खाती द्वारा रथ को हरी झण्डी दिखाकर कार्यालय कलेक्टर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी भरतपुर से रवाना किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं समस्त अनुविभागीय अधिकारी (रा0) सहित सभी विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी कर्मचारी, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्कूली बालिकाए उपस्थित थी। इसी कार्यक्रम अन्तर्गत स्कूली बालिकाओं द्वारा कलेक्टर एवं अन्य समस्त उपस्थित अधिकारियों को बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं से संबंधित बैन्ड बांधा गया साथ ही कलेक्टर को टी-शर्ट एवं कैंप देकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम अन्तर्गत रथ बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं से संबंधित संदेशों एवं बालक-बालिका संरक्षण से संबंधित अधिनियमों कानूनों की जानकारी से संबंधित विडियों का प्रदर्शन जिले की प्रमुख स्कूलों में भ्रमण करते हुए किया जायेगा। इसी के तहत् सभी स्कूलों आंगनबाडी केन्द्रों में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं से संबंधित सपथ ग्रहण कराया जायेगा तथा यथा संभव बेटियों के नाम से अधिकाधिक वृक्षरोपण स्कूलो तथा आंगनबाडियों में कराया जायेगा एवं लिंगभेद से संबंधित कुरिती को रोकने का प्रचार प्रसार भी किया जायेगा।

## चिरमिरी अधिवक्ता संघ के अनिल सिंह बने अध्यक्ष

**चिरमिरी** 13 सितंबर (देशबन्धु)। चिरमिरी अधिवक्ता संघ के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल सिंह अध्यक्ष निर्वाचित हुए। सचिव पद हेतु सी पी सिंह विजयी हुए। चिरमिरी अधिवक्ता संघ का चुनाव



12 सितंबर को संपन्न हुई। अध्यक्ष पद हेतु चार , सचिव हेतु दो , कोषाध्यक्ष हेतु दो , सह सचिव हेतु दो लोगों के बीच मतदान होना था वहीं उपाध्यक्ष , संस्कृत एवं क्रीड़ा सचिन , लाइब्रेरियन के पद हेतु एक-एक आवेदन होने के कारण यह लोग निर्विरोध चुन लिए गए वही संघ में संरक्षक , महिला उपाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सचिव के सात पद हेतु आवेदन न होने के कारण यह पद रिक्त रहा। चिरमिरी अधिवक्ता संघ में कुल मतदाता 92 थे,जिनमे 87 अधिवक्ताओं ने अपना अपना मतदान किया । चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता आलेख दास एवं सह चुनाव अधिकारी संतोष यादव के द्वारा संपन्न कराया गया । चुनाव परिणाम में अंततः संघर्ष के बाद अध्यक्ष पद हेतु अनिल सिंह , सचिव पद हेतु सी पी सिंह , उपाध्यक्ष पद हेतु निलेश जायसवाल , कोषाध्यक्ष पद हेतु समर सिंह , सह सचिव पद हेतु दिलीप गुप्ता , लाइब्रेरियन पद हेतु रवि शंकर रवि एवं संस्कृत एवं क्रीडा सचिव हेतु नरेंद्र कुमार आर्य के नाम की घोषणा चुनाव अधिकारी आलेख दास द्वारा किया गया । चुनाव उपरांत घोषणा के बाद अधिवक्ताओं द्वारा हर्ष मनाते हुए बधाई व मिठाइयों का दौरा चलता रहा । अंत में चुनाव अधिकारी द्वारा सभी अधिवक्ताओं को शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग हेतु सभी अधिवक्ताओं का धन्यवाद व जीतने वाले को बधाई दिया गया।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अम्बिकापुर 13 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विकासखण्ड लुण्ड्रा के खराकोना एवं बरगीडीह में छात्र-छात्राओं के द्वारा शत् प्रतिशत मतदान हेतु रैली निकाला गया,मतदाता जागरूकता शपथ दिलायी गई। इसके साथ ही शारदा विद्या निकेतन अम्बिकापुर के छात्र- छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता से संबंधित पेंटिंग बनाकर लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया, मैनपाट विकासखण्ड के शासकीय आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजापुर में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया, अम्बिकापुर विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कतकालो में शिक्षकों द्वारा 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं के साथ ही अभिभावकों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। विकासखण्ड उदयपुर में आयोजित शिक्षकों के प्रशिक्षण में शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई।

## कलेक्टर ने नेत्र बाधित दिव्यांग को दिया स्मार्ट केन छड़ी

**बलरामपुर** 13 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने ग्राम चिरकोमा निवासी दृष्टिबाधित दिव्यांग श्री भूमराज सिंह को तत्काल स्मार्ट केन छड़ी दिलाया। स्मार्ट केन छड़ी सामने दिवाल या अन्य बाधा रहने पर स्मार्ट केन वाईब्रेट (कम्पन) करती है, जिससे दृष्टिबाधित दिव्यांगों को चलने में सहायता होती है तथा दुर्घटना से बचाती है।

## राजाराम मिश्रा का निधन

सूरजपुर 13 सितंबर (देशबन्धु)। जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अनुविभागीय अधिकारी श्री राजाराम मिश्रा का निधन हो



गया है वे लंबे समय से अस्वस्थ थे जिनका उपचार नागपुर महाराष्ट्र चिकित्सालय में चल रहा था इसी दौरान उन्होंने अंतिम सांसें ली।विप्र समाज सूरजपुर के सक्रिय वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय राजाराम मिश्रा समाजसेवी होने के साथ-साथ उनका मिलनसार व्यक्तित्व रहा। पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार बुधवार को यहां मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन व स्थानीय लोग मौजूद रहे।वे अपने पीछे दो पुत्र सौरभ व मोंटू सहित भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़कर चले गए हैं। वे प्रतिष्ठित ठेकेदार बसंत मिश्रा के बड़े भाई थे।

# प्रधानमंत्री का दौरा, पार्किंग व्यवस्था निर्धारित

**रायगढ़** 13 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरूवार 14 सितंबर को रायगढ़ जिले के कोड़ातराई हेलीपैड में शासकीय कार्यक्रम एवं आमसभा कार्यक्रम का आयोजन होना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने छत्तीसगढ़ के कई जिलों से पार्टी के पदाधिकारी एवं सदस्यगण सम्मिलित होंगे। प्रधानमंत्री के प्रवास के दौरान सुगम सुरक्षित आवागमन के लिए रायगढ़ पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। वहीं सुरक्षित मार्ग एवं पार्किंग व्यवस्था के लिये यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा मार्ग डायवर्सन पॉइंट, मार्ग प्रतिबंधित पॉइंट एवं वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था निर्धारित किया गया है।


कार्यक्रम की तिथि 14 सितंबर (गुरूवार) को कोड़ातराई जाने वाला मार्ग भारी वाहनों के लिये पूर्णतरू प्रतिबंधित किया गया है। कार्यक्रम तिथि 14 सितंबर को छभ् 53 के अलावा अन्य मार्गों से रायगढ़ में प्रवेश करने वाले सभी भारी वाहन सुबह 08 बजे से रात्रि 08 बजे तक प्रवेश निषेध रहेगा।

इसी प्रकार खरसिया से रेंगालपाली मार्ग एवं खरसिया से छातामुड़ा होते हुए सारंगढ़ मार्ग भारी वाहनों के आवागमन के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

कार्यक्रम में आने वाले अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों के वाहनों के पार्किंग हेतु 13 पार्किंग स्थलों का निर्धारण किया गया है।

ऐसे समझे पार्किंग व्यवस्था

कार्यक्रम स्थल के समीप बनाये गये पार्किंग 01 एवं 02 व्हीव्हीआईपी तथा पार्किंग नं0 03 शासकीय वाहन एवं पास धारित मीडिया पार्किंग होगी। शेष पार्किंग 04 से 13 तक आमजन के लिये निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में रामपुर,कोरबा, धरमजयगढ़, लैलुंगा, खरसियां, जांजगीर, सक्ती विधानसभा की ओर से आने वाली वाहनें रायगढ़ के छातामुड़ा चैंक से होते हुए सहदेवपदली पटेलपाली होकर कोड़ातराई पहुंचकर हाई स्कूल कोड़ातराई के पीछे स्थित पार्किंग नं0




13 में पार्क होंगी।

बिलाईगढ़, सारंगढ़, चन्द्रपुर, पामगढ़, अकलतरा से आने वाली वाहनें बड़े भंडार, सूपा, चिखली, तेतला होते हुए ग्राम सुर्री के पार्किंग स्थल 09, 10 एवं कोड़ातराई के पार्किंग स्थल 11 एवं 12 पर पार्क होंगे। बसना, सराईपाली, बरमकेला, सरिया की ओर से आने वाली वाहनें सूरजगढ़, पड़िगांव, मचिदा, ओड़ेकेरा, पुसौर, तड़ोला, झारमुड़ा होकर ग्राम हुए ग्राम सुर्री एवं कोड़ातराई के पार्किंग स्थल 6, 7 एवं 8 पर पार्क होंगी। इसी प्रकार सभी तरफ से आने वाली दो पहिया वाहनें कोड़ातराई के भागवत मैदान पार्किंग नं0 05 में पार्क होंगी। सभी विधानसभा क्षेत्र से आने वाले पार्टी पदाधिकारीयों की चार पहिया वाहनें कोड़ातराई कार्यक्रम स्थल पर पुसौर रोड स्थित बिजली विभाग के कालोनी की ओर बनाये गये कोड़ातराई पार्किंग नं. पी 4 में पार्क होंगी। इन डायवर्सन पॉइंट, प्रतिबंधित मार्ग एवं पार्किंग स्थलों की जानकारी आमजन, वाहन चालकों तथा ट्रांसपोर्टर को दिये जाने हेतु ट्रेफिक पुलिस रायगढ़ द्वारा प्रेस नोट जारी कर निर्धारित किए गए रूट प्लान का पालन कर सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में यातायात पुलिस का सहयोग प्रदान करने की अपील किया गया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आयुष्मान भवः अभियान का किया शुभारंभ

■ टीएस सिंहदेव ने वर्चुअल कार्यक्रम की शुरुआत

### आयुष्मान कार्ड का किया गया वितरण, टीबी पीड़ित लोगों को गोद लेने वाले निक्षय मित्र हुए सम्मानित






### उपमुख्यमंत्री ने 10 लोगों को लिया गोद



अम्बिकापुर, 13 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम 'आयुष्मान भवः' अभियान का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम के तहत एनआईसी केंद्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने राज्य स्तर पर इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े सभी जिलों को सम्बोधित करते हुए योजना का लाभ जरूरतमंदों को दिलाए जाने कहा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच लोगों तक पहुंचाने में लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रयासरत रहें। इस दौरान कलेक्टर श्री कुंदन कुमार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्येश्वर शरण सिंहदेव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री आर एन गुप्ता उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भवः अभियान देश के हर गांव और शहर तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की अधिकतम कवरेज प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत 17 सितंबर 2023 से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 में पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया जाएगा। इसके बाद आयुष्मान मेला का आयोजन, विशेषज्ञों के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साप्ताहिक रूप में स्क्रीनिंग जांच उपलब्ध करायी जाएंगी। 2 अक्टूबर से ग्राम एवं वार्ड स्तर पर आयुष्मान सभा आयोजित कर स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया। जिसमें संतोष दास महंत तथा नामिक साहू को आयुष्मान कार्ड प्राप्त हुआ। इस दौरान टीबी पीड़ित लोगों को गोद लेने वाले निक्षय मित्रों को सम्मानित किया गया। निक्षय मित्र योजना के तहत कोई भी स्वयं-सेवी संस्था, औद्योगिक इकाई या संगठन, राजनीतिक दल या कोई भी व्यक्ति टीबी मरीज को गोद ले सकता है, जिससे वह पीड़ित व्यक्ति की इलाज में मदद कर सके। उपमुख्यमंत्री श्री टी एस सिंहदेव ने स्वयं ऐसे 10 लोगों को गोद लिया है, कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने उन्हें सर्टिफिकेट और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं राजकीर्ती जायसवाल तथा संतोष सिंह उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित हुए। इस दौरान टीबी से मुक्त होने वाले मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया गया, जिसमें केदारपुर के अनिता पटेल एवं बौरीपारा के संतोष पाठक को श्री सिंहदेव ने पोषण आहार टोकरी प्रदान की।

# शहर खुलेआम संचालित हो रहा है सट्टा बाजार

**मनेन्द्रगढ़** 13 सितंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में जिस तरह से सट्टे का बाजार गुलजार है उसे देख कर ऐसा लगता है मानो सटोरियों को खुली छूट मिल गई हो. शहर में जहां देखो वहां सटोरिया ऑनलाइन बुकिंग करते देखे जा सकते हैं. इतना होने के बावजूद भी पुलिस द्वारा किसी तरह की कोई कार्यवाही ना किया जाना कई तरह के संदेह को जन्म देता है. शहर के साथ ही साथ आसपास के समूचे कोयलांचल क्षेत्र में इन दिनों सट्टे का खेल जोरों पर है. हालांकि जिले के आला अधिकारी लगातार सट्टे पर नियंत्रण की बात कहते हैं, लेकिन अधिकारियों की बात में कितनी सच्चाई है यह शहर के चौक चौराहों में देखा जा सकता है. यहाँ सटोरिये घूम घूम कर सट्टा पट्टी काटते देखे जा सकते हैं.

सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि जिम्मेदार विभाग के साथ विपक्ष की भूमिका निभाने वाली पार्टी भी इस मामले में मौन है, ऐसे में यह आसानी से समझा जा सकता है कि यह अवैध कारोबार सभी की मिलीभगत से ही चल रहा है. ओपन क्लोज का यह कारोबार भी अब काफी हाइटेक तरीके से संचालित हो रहा है, जिसमें अधिकांश कारोबार मोबाईल पर ही संचालित है.सट्टे पर अंकुश न लग पाने की वजह से कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं इसके बाबजूद भी इस अवैध कारोबार को बंद कराने में जिम्मेदार कोई रूचि नहीं दिखा रहे. यही वजह है कि बड़े बुजुर्गों से लेकर महिलाये व बच्चे भी इस अवैध कारोबार के दलदल में फंसते ही जा रहे हैं. शहर के रेल्वे, बस स्टेण्ड, मौहार पारा, नदी पार इलाके में खाई वाल सक्रिय देखे जा सकते हैं.जनापेक्षा है कि जिम्मेदार अधिकारी शहर में चल रहे इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने कोई ठोस पहल करें जिससे यह कारोबार बंद हो सके.

## सैनिक स्कूल में वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न

**अंबिकापुर** 13 सितंबर (देशबन्धु)। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में हिन्दी पखवाड़े के अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। तीन वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग के लिए नेता जन्मजात नहीं होते बनाए जाते हैं, मध्यम वर्ग के लिए जनसंख्या वृध्दि को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए जाने चाहिए और वरिष्ठ वर्ग के लिए पारंपरिक शिक्षण पद्धति समकालीन समय की जरूरतों को पूरा नहीं करती के विषय लिया गया। प्रतियोगिता में कैडेटों ने तार्किक शक्ति के आधार पर अपने वक्तव्य को प्रस्तुत किया।

## गांजा तस्करी करने वाले दो पकड़ाए




**सूरजपुर** 13 सितंबर (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के मार्गदर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के सभी थाना-चौकी की पुलिस के द्वारा अंतरराज्जीय सीमा सहित जिले के सभी बार्डर में 24 घंटे लगातार कड़ी चौकसी बरती जा रही है और आने-जाने वाले वाहनों की बारीकी से तलाशी ली जा रही है साथ ही अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही हेतु सूचना तंत्र का जाल बिछाया गया है। इसी क्रम में को थाना जयनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि एक आल्टो कार में दो व्यक्ति गांजा लेकर ग्राम राजापुर तरफ से ग्राम कन्दरई चौक होते हुए बिक्री करने जाने वाले है।

सूचना पर थाना जयनगर की पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कन्दरई चौक के पास घेराबंदी कर आल्टो कार सहित विजय चौरसिया उम्र 40 वर्ष व अशोक चौरसिया पिता उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम कुंजनगर को पकड़ा जिनके कब्जे से 2 किलो गांजा जप्त किया गया जिसकी कीमत करीब 50 हजार रूपये है। मामले में गांजा व परिवहन में प्रयुक्त आल्टो कार क्रमांक सीजी 04 एचडी 4563 को जप्त कर धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जयनगर सरफराज फिरदौसी व उनकी टीम सक्रिय रही।

## लो वोल्टेज की समस्या से निजात

## मंत्री अमरजीत भगत ने केसला में नवीन ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**अम्बिकापुर**, 13 सितंबर (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री श्री अमरजीत भगत ने बुधवार को विकासखण्ड सीतापुर ग्राम केसला में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर जनसामान्य को विभिन्न सौगातें दीं। उन्होंने इस दौरान उन्होंने ग्राम केसला के वार्ड क्रमांक 07 में 6.50 लाख रुपए राशि की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही उन्होंने 03 लाख रुपए राशि की लागत से बनाए जाने वाले चबूतरा एवं शेड निर्माण कार्यों का भी भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्री श्री भगत ने ग्राम केसला में ही वार्ड क्रमांक 07 में 6 लाख रुपए की लागत से स्थापित नवीन अतिरिक्त ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। उन्होंने उपस्थित ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नवीन ट्रांसफार्मर लग जाने से अब लो वोल्टेज तथा अन्य बिजली सम्बन्धी अन्य समस्या से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने इस दौरान बिजली बचत करने हेतु भी लोगों को प्रोत्साहित किया। इस ट्रांसफार्मर स्थापना से 150 से भी ज्यादा उपभोक्ताओं को सहूलियत होगी। इस दौरान मैनपाट के ग्राम जजगा के निवासी मंजू खलखो की विद्युत दुर्घटना में मृत्यु उपरांत वारिस पूनम खलखो को 4 लाख रुपए की राशि का चेक मंत्री श्री भगत द्वारा प्रदाय किया गया। सीतापुर के बाद मंत्री श्री भगत विकासखंड मैनपाट के ग्राम कतकालो पहुंचे। यहां उन्होंने 25 लाख रुपए लागत से निर्माण किए जाने वाले ढकनापारा पुल का भी भूमिपूजन किया। इसके साथ ही श्री भगत विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य उर्दू अकादमी के सदस्य श्री बदरुद्दीन इराकी, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री प्रेमदान कुजूर, स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## पीड़ित 12 परिवारों को 48 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**बलरामपुर** 13 सितंबर (देशबन्धु)। 12 परिवारों को 48 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मृतक ईशा दीक्षित पानी में डूबने व विनेश यादव, मृतक बुधन सिंह आत्मज स्व.अभिलेख सिंह ग्राम इन्द्रावतीपुर, मृतक सलगू आत्मज सोहर ग्राम चौरा, मृतक विशाल आत्मज संजय रवि ग्राम नवकी, मृतक पुष्पा नगेशिया पति दववंशी नगेशिया ग्राम सोनहरा, मृतक खीजू राम आत्मज विरेन्दर ग्राम रामानुजगंज नदी के पानी में डूबने, मृतक जनेश्वर पैकरा आत्मज खसरू राम पैकरा ग्राम हर्री ढोढी के पानी में डूबने एवं मृतक आशिषन खाखा आत्मज अनिल ग्राम कवडू, मृतक कामेश आत्मज पंचुराम ग्राम कनकपुर, मृतक अजय कच्छप आत्मज सुखचरण कच्छप ग्राम नगरा जहरीले सर्प के काटने के कारण तथा मृतक अवधेश राम आत्मज स्व. बसंत राम ग्राम चाकी की मृत्यु आकाशीय बिजली गाज गिरने से हुई थी।

# दूध मुंहे बच्चे की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**सूरजपुर** 13 सितंबर (देशबन्धु)। मंगलवार की देर शाम एक दूध मुंहे बच्चे की मौत पर भड़के परिजन व ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और घंटे भर शिशु चिकित्सालय के सामने धरने पर बैठ गए।इस मौके पर प्रेमनगर व भटगांव के भाजपा प्रत्याशी भी परिजनों व ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे। प्रेमनगर भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह ने कलेक्टर से बात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया और स्वास्थ्य विभाग द्वारा बरती गई लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जिस पर प्रशासन हरकत में आया और



परिजनों को तीन दिवस के अंदर कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया है जिससे मामला शांत हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार करवां मांझापारा गांव के प्रेमलाल राजवाड़े के 2 माह के बच्चे को सर्दी खांसी की तकलीफ होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में इलाज के लिए पहुंचा था जहां चिकित्सकों की सलाह पर ऑक्सीजन देने की बात कही गई थी,इधर परिजनों ने आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने एक ही ऑक्सीजन सिलेंडर होने का बात कहकर जिला चिकित्सालय भेज दिया जिला चिकित्सालय पहुंचते ही बच्चे की मौत हो गई जिससे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर की लापरवाही बताते हुये आक्रोशित हो उठे इधर बच्चे की मां व अन्य परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा हो रहा था।इसी बीच भटगांव व प्रेमनगर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशियों के साथ भाजपा के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और ग्रामीणों के साथ शिशु चिकित्सालय के सामने घंटे भर धरने पर बैठकर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की।

इस बीच प्रेमनगर के भाजपा प्रत्याशी भूलन सिंह मरावी ने कलेक्टर से दूरभाष पर बात की और वस्तु स्थिति से अवगत कराया जिस पर उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिलाया और एसडीएम व तहसीलदार मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों से बातचीत की एसडीएम ने परिजनों को बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर के लापरवाह आरएमएस को हटा दिया गया है तीन दिवस के अंदर जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी इस आश्वासन के बाद ग्रामीण मान गए और मामला शांत हुआ।मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर एस सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में पर्याप्त ऑक्सीजन सिलेंडर मौजूद हैं फिर ऐसी लापरवाही क्यों हुई इसकी तत्काल जांच कराकर कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा।

# सार-संक्षेप

## विस अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पोला पर्व की प्रदेशवासियों को दी बधाई

**सक्ती** 13 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भाद्रपद मास की अमावस्या तिथि को मनाया जाने वाले पोला त्योहार की प्रदेशवासियों को बधाई शुभकामनाएं दी है। डॉ. महंत ने कहा कि, पारंपरिक पर्व पोला, खरीफ फसल के द्वितीय चरण का कार्य पूरा हो जाने व फसलों के बढ़ने की खुशी में मनाया जाता है । इस दिन किसानों द्वारा बैलों की पूजन कर कृतज्ञता दर्शाते हुए प्रेम भाव अर्पित किया जाता है। क्योंकि बैलों के सहयोग से ही खेती कार्य किया जाता है । वही पोला पर्व की पूर्व रात्रि को गर्भ पूजन किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसी दिन अन्न माता गर्भ धारण करती है। अर्थात धान के पौधों में दूध भरता है। इसी कारण पोला के दिन किसी को भी खेतों में जाने की अनुमति नहीं होती। प्रतिष्ठित सभी देवी-देवताओं के पास जाकर विशेष पूजा-आराधना करते हैं। किसान गौमाता और बैलों को स्नान कराकर श्रृंगार करते हैं सींग और खुर यानी पैरों में माहुर, लगाएंगे, गले में घुंघरू, घंटी, कौड़ी के आभूषण पहनाकर पूजा करते है।

डॉ. महंत ने बताया कि, परंपराओं अनुसार ग्रामीण इलाकों में युवतियां नंदी बैल, साहड़ा देव की प्रतिमा स्थल पर पोरा पटकने जाएंगी। नंदी बैल के प्रति आस्था प्रकट करने के लिए अपने-अपने घर से लाए गए मिट्टी के खिलौने को पटककर फोड़ेंगी। मान्यता है कि, कान्हा जब छोटे थे और वासुदेव-यशोदा के यहां रहते थे, तब कंस ने कई बार कई असुरों को उन्हें मारने भेजा था। एक बार कंस ने पोलासुर नामक असुर को भेजा था, जिसे भी कृष्ण ने मार दिया था। वह दिन भाद्रपद अमावस्या का था इसलिए इसे पोला कहा जाता है।

## महिला जागृति शिविर संपन्न




**खरसिया** 13 सितंबर (देशबन्धु)। एकीकृत महिला बाल विकास परियोजना खरसिया द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष राधा सुनील शर्मा जनपद अध्यक्ष मेहत्तर राम उरांव के मुख्य आतिथ्य एवं विशिष्ट अतिथि अवध राम पटेल जनपद उपाध्यक्ष कन्हैया पटेल जनपद सदस्य पूर्णिमा विजय जायसवाल नगर पालिका की महिला पार्षदों तथा खरसिया सेक्टर की परियोजना अधिकारी समस्त सुपरवाइजर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं सहित महिलाओं की उपस्थिति में महिला जागृति शिविर का आयोजन लखीराम ऑडिटोरियम खरसिया में किया गया। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित योजनाओं तथा उनके उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदत्त मोबाइल वितरित किए गए एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राधा सुनील शर्मा ने कहा कि ईश्वर द्वारा नारी को विशेष शक्ति प्रदान की गई है आज की नारी सभी क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करवा रही है। श्रीमती इंदिरा गांधी लगभग 15,16 वर्ष प्रधानमंत्री के पद पर रही और देश को नई ऊंचाइयां प्रदान की, महिला बाल विकास और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा शासन की योजनाओं को महिलाओं एवं बच्चों तक पूर्ण जिम्मेदारी के साथ धरातल पर पहुंचाया जाता है, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने मानदेय 5 हजार से बढ़कर दस हजार किया। मुख्यमंत्री विवाह योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि को पच्चीस हजार से बढ़कर पचास हजार कर दिया है जिसमें ईक्कीस हजार का चेक विवाहिता महिला को प्रदान किया जाता है ।

## ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन 115 चालकों से वसूला जुर्माना



**जांजगीर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। ट्रैफिक नियमों को उल्लंघन करने वाले 115 वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने कार्रवाई कर उनसे 34 हजार 700 रुपए का जुर्माना वसूल किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नो पार्किंग में खड़े 10 वाहन के चालकों से 3 हजार रुपए, बिना रिफ्लेक्टर के वाहन चलाते पाए जाने पर 37 वाहन चालक से 11 हजार 100 रुपए, नंबर प्लेट प्लेट आड़ा तिरछा लिखे 11 वाहन चालक से 33 सौ रुपए, बाइक में तीन सवारी चलने वाले 14 वाहन चालकों से 42 सौ रुपए, मौके पर कागजात नहीं मिलने 22 वाहन चालकों से 66 सौ रुपए, मालवाहक पर सवारी बैठाते पाए जाने पर 6 वाहन चालकों पर 18 सौ रुपए, वाहन का हेड लाइट आधा काला नहीं होना पाए जाने पर 4 वाहन चालकों से 12 सौ रुपए , बिना सीट बेल्ट के वाहन चालकों से 5 सौ रुपए, वाहन में पार्किंग लाइट नहीं मिलने पर 9 वाहन चालकों से 27 सौ रुपए व मोटरयान अधिनियम के अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला।

# राष्ट्रपति ने 'आयुष्मान भवः अभियान' का वर्चुअल रूप से किया शुभारंभ

### जनप्रतिनिधि व अधिकारी-कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुए शामिल







**जांजगीर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य सभी लोगों को व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। राष्ट्रपति ने गांधी नगर में राजभवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इस अभियान की शुरुआत की। आयुष्मान भवः अभियान देशभर में व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की पहल है। इसका उद्देश्य प्रत्येक गांव और शहर में हर किसी को संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जिला चिकित्सालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष भगवानदास गढेवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत एवं चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहें।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि 'आयुष्मान भवः अभियान' का लक्ष्य- प्रत्येक व्यक्ति और प्रत्येक गांव को इसमें शामिल करना है। उन्होंने कहा कि यह हमारे देश में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफलता हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक परिवार स्वस्थ रहेगा तभी स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा।

उन्हें यह जानकर प्रसन्नता का अनुभव हुआ है कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बहु-मंत्रालयी दृष्टिकोण अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि सभी का सहयोग इतने विशाल लक्ष्यों को हासिल करने में सहायक होगा राष्ट्रपति ने कहा कि सभी लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना; ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए आयुष्मान बैठकें आयोजित करना; आयुष्मान मेलों का आयोजन; और आयुष्मान आपके द्वार पहल के अंतर्गत सप्ताह में एक बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के दौरे की व्यवस्था करना सराहनीय कदम हैं।

# कांग्रेस का रेल रोको आन्दोलन, पुलिस से झूमाझपटी




**70 कांग्रेसियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज**

**जांजगीर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में केन्द्र की मोदी नेतृत्व वाली भाजपा नेतृत्व वाली सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 22 यात्री ट्रेनों को रद्द करने एवं रेल्वे को खत्म कर निजी हाथों में सौंपने की साजिश के विरोध में सैकड़ों की तादात में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी द्वय जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया व रफीक सिद्दिकी के संयोजकत्व में जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन के सामने जमकर केन्द्र सरकार के विरोध में नारे बाजी करते हुए रेल्वे ट्रेक तक पहुंचने की कोशिश के बीच भारी संख्या में उपस्थित पुलिस बल के साथ जमकर झूमा झपटी हुई । इस दौरान पुलिस द्वारा 70 कांग्रेसियों के विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज कर स्टेशन के पास बनाये गये अस्थायी जेल में रखा तथा बाद में छोड़ा गया।

इसके पूर्व जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के सामने उपस्थित कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार द्वारा रेल्वे को खत्म कर निजी हाथों में सौपने की साजिश की जमकर निंदा करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी की सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेल्वे को समाप्त करने की साजिश रच रही है। सालों से भारतीय रेल्वे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ यात्रा का जरिया है। मोदी राज में रेल्वे की विश्वसनीयता को खत्म कर निजी हाथों में बेचने का षड़यंत्र रचा जा रहा है । बिना कोई कोई ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। जबसे केन्द्र में मोदी की सरकार आयी है तबसे पिछले तीन वर्षों में 67382 यात्री ट्रेनों को केन्सिल किया जा चुका है वहीं वर्ष 2023 में अप्रैल माह तक 208 ट्रेने निरस्त की गयी हैं जिनमें से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 22 महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनें रद्द की जा चुकी हैं । यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को चलाया जा रहा है ।

सभा को एआईसीसी प्रतिनिधि श्रीमती मंजू सिंह, प्रदेश कांग्रेस संयुक्त महामंत्री इंजी रवि पाण्डेय, अजा आयोग सदस्य रमेश पैगवार, मंडी अध्यक्ष व्यास कश्यप, प्रदेश कांग्रेस सचिवगण गिरधारी यादव, राघवेन्द्र पाण्डेय, उपाध्यक्ष रफीक सिद्दिकी, प्रवक्ता द्वय शिशिर द्विवेदी व नागेन्द्र गुप्ता, जनपद उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, महामंत्री आभास बोस, नगर कांग्रेस अध्यक्ष चांपा सुनील साधवानी ने संबोधित किया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से देवेश सिंह, लोचन साव, डॉ. परस शर्मा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष संतोष (पप्पू) शर्मा, ठाकुर कमलेश सिंह, हीरा उपाध्याय, अजीत सिंह राणा, सुखराम गरेवाल, जिला संयोजक सेवादल देव कुमार पाण्डेय, मुस्कान परबीन, संदीप यादव, पार्षदगण रामविलास राठौर, श्रीमती सीमा राजू शर्मा, विष्णु यादव, श्रीमती भगवंतीन यादव, श्रीमती दुलौरीन चौरसिया, प्रीतम कश्यप, आबेदा अशरफ खान, एल्डरमेन कालू अग्रवाल, राकेश दिनकर, संतोष भोपालपुरिया, बसंत अग्रवाल, अनिल राठौर, गोपाल गुलशन सोनी, आकाश तिवारी, बजरंग शर्मा, अतिक कुरैशी, अशरफ खान, खलील मोहम्मद, राजा सिद्दिकी, राजा खान, पवन कश्यप, श्रीमती गीता प्रधान, किशोर साव, राकेश कहरा, पूर्व पार्षद मुन्ना सिंह, दिनेश महंत, मिडिया प्रभारी परमेश्वर निर्मले, रवि शर्मा, सहित सैकड़ों की तादात में कांग्रेस जन उपस्थित थे ।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

**रेल रोको आंदोलन के जरिए कांग्रेस केन्द्र की मोदी सरकार को जवाब देगी । ट्रेने शुरु नहीं करने पर आने वाले दिनों में उग्र आन्दोलन किया जायेगा । कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने व आभार प्रदर्शन नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़ेवाल ने किया ।**

## 52 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। जिले में अवैध महुआ शराब के बिक्री पर अंकुश लगाने हेत पुलिस कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये थे। 10 सितम्बर को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि ग्राम सुन्दरेली का ब्रिज कुमार पाटले अपने कोला बाडी में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु छिपा कर रखा है कि सूचना तस्दीक पर ग्राम सुन्दरेली हमराह स्टाफ व गवाहों के रवाना होकर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी के कब्जे से 04 नग 15-15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक की तेल डिब्बा में 13-13 लीटर भरा हाथ भट्टी से बनी कच्ची महुआ शराब कुल 52 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 10,400 रू का मिला। जिस पर आरोपी ब्रिज कुमार पाटले को शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में धारा 91 जाफौ. का नोटिस देकर तामील कराया जो शराब रखने एवं बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज नहीं होने देने पर मौके पर गवाहों के समक्ष उक्त महुआ शराब को जप्त कर शीलबंद कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी ब्रिज कुमार पाटले पिता धनश्याम पाटले उम्र 30 वर्ष साकिन सुन्दरेली थाना नगरदा, जिला सक्ती (छग) का कृत्य अपराध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से थाना नगरदा में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशनों की सघन चेंकिंग

**जांजगीर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। आगामी व्हीव्हीआईपी विजिट एवं चुनाव ब्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशनों की सघन चेंकिंग की जा रही है। आज रेलवे स्टेशन नैला का, संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग की गई। आज जिला पुलिस, रेलवे पुलिस, जीआरपी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन नैला जांजगीर की सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान स्टेशन तथा सभी प्लेटफार्म में उपस्थित व ट्रेन से आने वाले सभी यात्रियों की सघन जाँच की गई। उपरोक्त अभियान में श्रीमती अर्चना झा अति. पुलिस अधीक्षक, बजरंग साहू तहसीलदार जांजगीर, प्रशांत पटेल नायब तहसीलदार जाँजगीर, निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी जांजगीर, उप निरीक्षक कमलेश शेंडे चौकी प्रभारी नैला, निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल,एएसआई पाणिग्रही जीआरपी प्रभारी एवं ज़िला पुलिस, आरपीएफ़, जीआरपी टीम उपस्थित रहें।

## 100 निजी स्कूल संचालकों की बैठक संपन्न



**जांजगीर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। आज जिले के निजी विद्यालय संचालकों की बैठक संपन्न हुई जिसमें जांजगीर चांपा जिले के करीब 100 स्कूल संचालक उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अपनी जायज मांग के लिए कल 14 सितंबर को धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

जिले के प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि मांगों की पूर्ति न होने के कारण 14 सितंबर गुरुवार को जांजगीर चांपा जिले के सभी निजी विद्यालय अपने स्कूलों को बंद कर कचहरी चौक में शहीद स्मारक के सामने धरना प्रदर्शन देंगे। इनकी प्रमुख मांगों के संबंध में निजी विद्यालय संचालकों ने बताया कि पिछले 12 वर्षों से आर.टी.ई. की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। आर.टी.ई. की राशि प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 15000 ,माध्यमिक की 11,500 से बढ़ाकर 18,000 एवम हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक किया जाय। बसों की अवधि जो छत्तीसगढ़ में 12 वर्ष है और देश के अधिकांश राज्यों में यह अवधि 15 वर्ष है, बसों की अवधि छत्तीसगढ़ में भी 15 वर्ष किया जाना चाहिए। निजी स्कूलों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी सरस्वती साइकिल योजना का लाभ दिया जाए।

आर.टी.ई. की रुकी हुई प्रतिपूर्ति राशि को अविलंभ स्कूलों के खाते में हस्तांतरित किया जाय। निजी स्कूलों के सभी खातों को पीएफ़एमएस के अंतर्गत पंजीकृत किया जाए। गणवेश की राशि 541 रुपए से बढ़ाकर 2000 की जाए। निजी स्कूलों के अध्यापकों को स्कूली शिक्षा में भर्ती पर बोनस अंक प्रदान किया जाये,जैसे आत्मानंद के शिक्षकों को किया जाता है। आन्दोलन के कारण आज 14 सितम्बर को प्रदेश के सभी स्कूल बंद रखे जायेंगे। मांग पूरी ना होने की स्थिति में 21 सितंबर को राजधानी में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

## मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**जांजगीर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशन में जिला प्रशासन व यूनिसेफ़ का संयुक्त पहल हसदेव के हीरो के लिए ऑडिटोरियम में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ योगेश पुरोहित समन्वयक एग्रीकोन समिति द्वारा युवोदय हसदेव के हीरो को मानसिक स्वास्थ्य संबंधी टिप्स दी गई। कार्यक्रम में कॉफी विथ कलेक्टर सेशन का आयोजन भी किया गया।

जिसमें युवोदय के युवाओं ने कलेक्टर से मानसिक स्वास्थ्य एवं कैरियर से संबंधी सवाल पूछे। इस सेशन में युवाओं द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, मतदान,नशामुक्ति, सामाजिक व्यवहार परिवर्तन व कैरियर से जुड़े कई अहम सवाल कलेक्टर से पूछा। जिसका कलेक्टर ने सभी सवालों का जवाब देकर उन्हें मोटीवेट करते हुए शिक्षा,स्वास्थ्य के कार्य अपने घर से शुरुआत करते हुए अपने समाज व समुदाय के लिये करने हेतु प्रेरित किया।

हसदेव के हीरो के नोडल अधिकारी सुनील कुमार साहू और यूनिसेफ़ के जिला कोऑर्डिनेटर सुश्री दिव्या राजपूत ने बताया की अभी तक इस मुहिम में 800 से अधिक वॉलंटियर्स युवोदय से जुड़ चुके हैं, जो अपने समाज के लिए नि:स्वार्थ भावना से कुछ करना चाहते हैं। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी प्रमोद बैस, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग टीपी भावे, डीएमसी राजकुमार तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनीता अग्रवाल, हसदेव के हीरो के नोडल अधिकारी व ईडीएम सुनील कुमार साहू ,एनसीसी अधिकारी दिनेश चतुर्वेदी, बीआरसी श्रीमती ऋषिकांता राठौर, प्रेमलाल पांडेय एवं विभिन्न कॉलेज के प्रोफेसर एनसीसी, एनवाईकेएस, भारत स्काउट एवं गाइड,एनसीसी, आत्मानद स्कूल, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज,कोणार्क कॉलेज, हरिशंकर कॉलेज,टीसीएल कालेज,चांपा कॉलेज, शासकीय स्कूल लगरा एवम पूरे जिले के ब्लॉक और ग्राम से आए लगभग 300 वॉलंटियर्स उपस्थित रहे।

# सारंगढ़ में सीजेएम कोर्ट स्थापित, हाईकोर्ट ने लगाई मुहर



**सारंगढ** 13 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े के प्रयास से जिला मुख्यालय को लेकर हो रही दुष्प्रचार पर विराम लगाते हुए पहले तो हाईकोर्ट बिलासपुर द्वारा कार्यवाहक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का पदभार सारंगढ में पहले से पदस्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक शीलु सिंह को दिया गया बाद में उच्च न्यायालय छत्तीसगढ बिलासपुर के आदेश के तहत कु पारुल श्रीवास्तव का पदस्थापना प्रथम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप मे करके हाईकोर्ट बिलासपुर ने सरकार के जिला निर्माण पर मुहर लगा दिया है।

अधिवक्ता संघ सारंगढ मे खुशी का महौल देखते ही बन रहा था ,एक दुसरे को बधाई देते हुए मुख्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट कर रहें थे । इसी कड़ी में जिला अधिवक्ता संघ सारंगढ बिलाईगढ के सचिव कुलदीप राज पटेल ने बताया की जिला निर्माण स्थापना दिवस को सारंगढ सौर्य दिवस जिला स्थापना दिवस के रूप मे अधिवक्ता संघ द्वारा धुम धाम से आतिश बाजी कर 3 सितम्बर को मनाया गया और प्रति वर्ष मनाने हेतू सर्व सम्मति से संघ मे प्रस्ताव भी पारित किया गया है ।

सारंगढ बिलाईगढ जिला के प्रथम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कुं पारुल श्रीवास्तव द्वारा पदभार ग्रहण करने के बाद न्यायिक दृष्टिकोण से सारंगढ बिलाईगढ जिले का प्रथम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के रूप मे कु पारुल श्रीवास्तव का नाम स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाएगा जिसका गौरव कु पारुल श्रीवास्तव को प्राप्त हुआ है । जिला अधिवक्ता संघ सारंगढ़ मे दिनांक 11-9-2023 को एक परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। मुख्य अतिथि के रूप में कुज़ राधिका सैनी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सारंगढ रहीं ,तथा विशिष्ट अतिथि कु पारुल श्रीवास्तव प्रथम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ,व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक शीलु सिंह ,व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो अभिनव डहरिया ,तथा नव पदस्थ व्यवहार न्यायाधीश वर्ग दो ग्वाल साहब रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विजय कुमार तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुलदीप राज पटेल ,चन्द्र शेखर जाटवर, आशीष मिश्रा, प्रकाश कुमार चौधरी , धनेश लहरे,दीपक तिवारी आदि उपस्थित थे।

## गौठान से समय सीमा में करें वर्मी कम्पोस्ट का उठाव - जिपं सीईओ




**जांजगीर,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक, प्रभारी समिति प्रबंधक समिति की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने समय सीमा में वर्मी कम्पोस्ट का उठाव करने, स्व सहायता समूह एवं गौठान समिति के लाभांश की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ ने समीक्षा बैठक में कहा कि गोधन न्याय योजना के माध्यम से गोबर की खरीदी गौठानों में की जा रही है। इस गोबर से स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा है। वर्मी कम्पोस्ट तैयार होने के बाद उसे सोसायटी के माध्यम से किसानों को उपलब्ध कराया जाना है, ताकि वह इस खाद का उपयोग अपने खेतों में लगाई गई फसल में डालने के लिए समय पर कर सकें। उन्होंने सेवा सहकारी समिति शाखा प्रबंधक, पर्यवेक्षक, प्रभारी समिति प्रबंधक समिति के सदस्यों को निर्देश दिए कि वर्मी कम्पोस्ट किसानों के अलावा कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, रेशम विभाग के अलावा वन विभाग को भी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जरूरी है कि सभी विभागीय अधिकारी, ग्राम पंचायत का अमला, स्व सहायता समूह, गौठान समिति के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने जिले की गौठानों में तैयार खाद को सोसायटी के माध्यम से उठवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोबर विक्रेताओं की राशि का भुगतान समय पर किया जाना है, अगर विक्रेताओं के खाते में राशि भुगतान होने में दिक्कत आ रही है तो उनकी समस्या का समाधान किया जाए। इसके अलावा स्व सहायता समूह, गौठान समिति को नियमित रूप से भुगतान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. नोडल अधिकारी अश्विनी कुमार पांडेय सहित जिला अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

# देश विदेश

## बागले होंगे ऑस्ट्रेलिया में नए भारतीय उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले को ऑस्टेलिया में नया भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी श्री बागले इससे पूर्व विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता और प्रधानमंत्री कार्यालय में तैनात रह चुके हैं। वह पाकिस्तान में भारत के उप उच्चायुक्त भी रह चुके हैं। श्री बागले को जुलाई 2020 में श्रीलंका में उच्चायुक्त बनाया गया था। उनकी नयी नियुक्ति कार्यभार संभालने के समय से प्रभावी होगी।

# किम ने रूस के साथ संबंधों को बताया उ. कोरिया की पहली प्राथमिकता

- किम, पुतिन की रूस के वोस्तोचन स्पेसपोर्ट पर हुई मुलाकात
- उत्तर कोरियाई नेता ने निमंत्रण देने के लिए रूसी राष्ट्रपति को दिया धन्यवाद




**प्योंगयांग,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने बुधवार को रूस के साथ प्योंगयांग के संबंधों को अपने देश की पहली प्राथमिकता बताया। श्री किम ने रूस के वोस्तोचन स्पेसपोर्ट पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में कहा, हमारी दोस्ती की जड़ें गहरी हैं, और हमारे देश के लिए अब पहली प्राथमिकता रूस के साथ संबंध हैं। उत्तर कोरियाई नेता ने उन्हें निमंत्रण देने के लिए रूसी राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया और कहा, यह यात्रा बहुत महत्वपूर्ण समय में हो रही है। श्री किम ने कहा, हम (रूस के साथ) संबंधों को और विकसित करना चाहते हैं। हमने हमेशा राष्ट्रपति पुतिन के सभी फैसलों और रूसी सरकार के फैसलों का समर्थन किया है। श्री किम ने यह भी विश्वास जताया कि यह बैठक रुस और उत्तर कोरिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक नए स्तर पर ले जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया 'साम्राज्यवाद' के खिलाफ लड़ाई में हमेशा रूस के साथ रहेगा।

## पश्चिमी देश अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संबंध प्रणाली को नष्ट कर रहे : पुतिन

**मॉस्को।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था बड़े पैमाने पर इस तथ्य के कारण बदलाव के दौर से गुजर रही है कि कुछ पश्चिमी देश वित्तीय संबंध प्रणाली को नष्ट कर रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने 8वें ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम (ईईएफ) के पूर्ण सत्र में अपने भाषण के दौरान कहा, हम जानते हैं और देख सकते हैं कि हाल के वर्षों में वैश्विक अर्थव्यवस्था कैसे बदल गई है और लगातार बदल रही है – इस तथ्य के कारण कि कुछ देश, मुख्य रूप से पश्चिमी देश, वित्तीय, व्यापार और आर्थिक संबंधों की प्रणाली को नष्ट कर रहे हैं जो उन्होंने खुद बनाई थी। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में, उन राज्यों के बीच वास्तविक व्यापारिक सहयोग बढ़ रहा है जिन्होंने बाहरी दबाव के आगे नहीं झुकने का विकल्प चुना है। ऐसे राज्य अपने हितों का पालन करना पसंद करते हैं। रूस के सुदूर पूर्व शहर व्लादिवोस्तोक में एशिया-प्रशांत के क्षेत्रों के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए रविवार को 8वें ईईएफ में हजारों प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। चार दिवसीय ईईएफ का आयोजन रोसकॉन्ग्रेस फाउंडेशन द्वारा किया जाता है।

## उत्तर कोरिया ने दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल की लॉन्च : जापान



**टोक्यो।** उत्तर कोरिया ने दूसरी बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। जापान तट रक्षक ने रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए बुधवार तड़के यह जानकारी दी। तट रक्षक ने कहा, रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर कोरिया ने एक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है। तट रक्षक ने सभी समुद्री और हवाई जहाजों से भी आग्रह किया गया है कि अगर मिसाइलों के गिरे हुए टुकड़े मिलते हैं तो वे जापान की समुद्री सुरक्षा सेवाओं को इसकी रिपोर्ट करें और मलबे के पास न जाने की चेतावनी दी। जापानी प्रसारक एनएचके ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि माना जाता है कि दोनों मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरीं। उत्तर कोरिया ने बुधवार को जापान सागर की ओर एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसके बारे में माना जाता है कि वह पहले ही गिर चुकी थी।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : गुरूवार 14 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 15**

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर अंकुश रखने की आवश्यकता है। आप परिश्रम करेंगे, लेकिन उसका उचित फल नहीं मिलने से निराशा का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

वृषभ - आज आपको बहुत से काम में सफलता मिलेगी। आपका आत्मविश्वास बहुत ज्यादा रहेगा। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में बनी रहेगी। सरकारी कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। संतान के पीछे अधिक पैसे खर्च होगा।

मिथुन - दिन का आरंभ ताजगी से भरा होगा। आपकी किस्मत आपका साथ देगी। सतत बदलते विचार से निर्णय लेने में अस्वस्थता महसूस कर सकते हैं। नए काम शुरू कर सकेंगे।

कर्क - आज आपको मानसिक भय परेशान करेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव हो सकता है। आपका अभिमान किसी के दिल को चोट पहुंचा सकता है। विद्यार्थी पढ़ाई में ध्यान केंद्रित नहीं कर सकेंगे।

सिंह - आत्मविश्वास में वृद्धि होने से आप तेजी से निर्णय लेकर प्रगति की ओर बढ़ेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आपके उग्र व्यवहार और वाणी के कारण किसी के साथ मतभेद हो सकता है। पिता या बुजुर्ग से कोई लाभ होगा।

कन्या - शारीरिक तथा मानसिक रुप से आपको बेचैनी रहेगी। आपके इगो के कारण किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अचानक गलत जगह धन खर्च हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मतभेद होने की आशंका बनी रहेगी।

तुला - आपके वैवाहिक जीवन में सुख- शांति रहेगी और आय में वृद्धि होगी। नौकरी और व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल रहेगी। नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। परिजनों और मित्रों के साथ खुशी के पल गुजार सकेंगे।

वृश्चिक - आपका सभी काम सफलतापूर्वक पूरा होंगे। वैवाहिक जीवन में संतोष और खुशी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बड़े अधिकारी और बुजुर्गों के आशीर्वाद आपके साथ रहेगा।

धनु - कोई भी कदम आपको खतरे में डाल सकता है, इसलिए सावधान रहने की जरूरत है। आज किसी भी काम को करने में उत्साह नहीं रहेगा। तन-मन में चिंता और डर रहेगा। नौकरी और व्यवसाय में कठिनाई आ सकती है।

मकर - आज आपको नकारात्मकता से दूर रहने की सलाह दी जाती है। अचानक खर्च आ सकता है या बीमारी के उपचार के पीछे खर्च हो सकता है। व्यापार में भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है।

कुंभ - आज का दिन आप घूमने-फिरने और मनोरंजन में व्यतीत करेंगे। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ कहीं भोजन करेंगे। आपको अच्छे वस्त्राभूषण और वाहन की प्राप्ति हो सकती है।

मीन - आपके दैनिक कार्य निर्विघ्न रूप से पूरे हो जाएंगे। आपके घर का माहौल सुख-शांतिवाला रहेगा। आपको अपने क्रोधी स्वभाव पर अंकुश रखना पड़ेगा। आप अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त करेंगे।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## वियतनाम की आवासीय इमारत में लगी आग, 10 की मौत

**हनोई,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। वियतनाम की राजधानी हनोई में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से करीब 10 लोगों की मौत हो गई। देश के समाचार पोर्टल वियतनाम एक्सप्रेस ने बुधवार को यह जानकारी दी। हनोई के थान जुआन जिले में 10 मंजिला आवासीय इमारत में स्थानीय समयानुसार, मंगलवार रात करीब 11 बजे आग लगी। उस दौरान, अधिकांश लोग अपने घरों में सो रहे थे। सूचना मिलते ही, दमकल कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक करीब 10 लोगों की मौत हो गयी और 70 लोगों को बचाया गया। इसमें से 54 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार, खोज एवं बचाव अभियान अभी भी जारी है और अधिक पीड़ितों तथा बचे लोगों का पता लगाया जा सकता है। मीडिया आउटलेट ने बताया कि आवासीय इमारत कुल 150 परिवार रहते हैं। संकरी गलियों और तंग निर्माण घनत्व के कारण अग्निशमन सेवाओं का आगमन जटिल था। आपातकालीन सेवाओं को अभी यह नहीं पता है कि आवासीय इमारत में कितने लोग फंसे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और अग्निशामकों ने कहा कि करीब कई निवासी पड़ोसी इमारतों की छत पर कूदकर आग से बच गए। मीडिया के मुताबिक, प्रारंभिक जांच के अनुसार, आग इमारत के भूतल पर स्थित एक बाइक पार्किंग स्थल में लगी थी।

## मोरक्को में भूकंप से मरने वालों की संख्या 2,900 से अधिक हुई

- मलबे को हटाने के लिए उत्खननकर्ताओं का उपयोग कर रहे बचाव दल



**मराकेश,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। मोरक्को में आए विनाशकारी भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,901 हो गई है और घायलों की संख्या 5,530 हो गई है। मोरक्को सरकार द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम बयान में यह जानकारी दी गई।

पहाड़ी इलाकों में सबसे ज्यादा प्रभावित गांवों में से एक, उइर्गेन में, शिन्हुआ के संवाददाताओं ने देखा कि सभी घर जमींदोज हो गए हैं और बचाव दल मलबे को हटाने के लिए उत्खननकर्ताओं का उपयोग कर रहे हैं।

मोरक्को ने स्पेन, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात और कतर से सहायता की पेशकश स्वीकार कर ली है, जबकि अन्य देशों से सहायता की पेशकश को मंजूरी मिलनी बाकी है। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज़ (आईएफआरसी) ने मंगलवार को मोरक्को में भूकंप के पीड़ितों के समर्थन के लिए 11 करोड़ 20 लाख अमेरिकी डॉलर की आपातकालीन अपील शुरू की। आईएफआरसी के संचालन के वैश्विक निदेशक कैरोलिन होल्ट ने जिनेवा में संवाददाताओं से कहा, इस समय सबसे बड़ी जरूरतें पानी, स्वच्छता और आश्रय हैं। उन्होंने कहा, हमें यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत है कि हम आपदा की दूसरी लहर से बचें। मोरक्को में चीनी मेडिकल टीम की अगाडिर इकाई के प्रमुख झांग फीगॉन्ग ने शिन्हुआ को बताया कि मेडिकल टीम ने स्थानीय अस्पतालों को फिंगर पल्स ऑक्सीमीटर, इलेक्ट्रॉनिक स्फिग्मोमैनोमीटर और जीवाणुरोधी हैंड सैनिटाइज़र जैसी तत्काल आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति दान की है।

संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने कहा कि उत्तरी अफ्रीकी देश में शुक्रवार को स्थानीय समय रात 11:11 बजे 6.8 तीव्रता का भूकंप आया और इसका केन्द्र 18.5 किमी की गहराई पर था।

## ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक के माता पिता ने आंध्र मंदिर में की पूजा अर्चना



- ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने भी रविवार को अक्षरधाम मंदिर में किए थे दर्शन

**कुरनूल,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के माता-पिता ने बुधवार को आंध्र प्रदेश के कुरनूल जिले में श्री राघवेंद्र स्वामी मठ मंदिर का दौरा किया।

यशवीर और उषा सुनक ने ऋषि सुनक की सास सुधा मूर्ति के साथ मंत्रालयम स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की। श्री राघवेंद्र स्वामी मठ ने बुधवार को अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर इसकी जानकारी दी। यह पोस्ट लिखा, आज ब्रिटेन के प्रधानमंत्री श्री ऋषि सुनक के माता-पिता, सर यशवीर सुनक और उषा सुनक ने इन्फोसिस की श्रीमती सुधा नारायण मूर्ति के साथ श्री क्षेत्रम मंत्रालयम का दौरा किया। उन्होंने श्री रायारू के दर्शन किए। कैप्शन में लिखा, उनकी यात्रा के दौरान परम पावन श्री स्वामीजी ने उन्हें वस्त्रम फल मंत्रक्षते और एक स्मृति चिन्ह देकर अपना आशीर्वाद दिया। इसके अतिरिक्त परम पावन श्री स्वामीजी ने कृपापूर्वक श्री रायरू का पवित्र प्रसाद ब्रिटेन के प्रधान मंत्री श्री ऋषि सुनक को देने के लिए उनके माता-पिता को सौंपा। मठ ने ब्रिटिश पीएम के माता-पिता और सास की कुछ तस्वीरें भी पोस्ट कीं। ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ने रविवार को नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया था। ब्रिटिश प्रधानमंत्री जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में थे। उन्होंने हाल ही में कहा था कि उन्हें अपनी भारतीय जड़ों और अपनी पहचान पर बेहद गर्व है। सुनक ने खुद को और अपनी पत्नी को गौरवान्वित हिंदू बताया था जिनका भारत और भारत के लोगों से हमेशा जुड़ाव रहेगा।



## सोमालिया में अल-शबाब के 120 आतंकवादी मारे गए

**मोगादिशु,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। सोमालिया में स्थानीय बलों द्वारा समर्थित सोमाली राष्ट्रीय सेना (एसएनए) ने पिछले दो दिनों में मध्य सोमालिया के गैल्मुदुग राज्य में अभियान चलाकर 120 अल-शबाब आतंकवादियों को मार गिराया। एक अधिकारी ने मंगलवार को इस खबर की पुष्टि की। देश के सूचना, संस्कृति और पर्यटन उप मंत्री अब्दीरहमान यूसुफ अल-अदाला ने सोमाली राष्ट्रीय समाचार एजेंसी को बताया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादी समूह के खिलाफ 17 अभियान चलाए। सांसदों और अन्य अधिकारियों के साथ अग्रिम मोर्चे पर तैनात अल-अदाला ने कहा कि इस अभियान के दौरान मारे गए 120 लड़ाकों में अल-शबाब का वरिष्ठ कमांडर भी शामिल है।

## आज का इतिहास

1770 – डेनमार्क में प्रेस की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
1833 – विलियम वेंटिक, भारत में पहला गवर्नर जनरल बनकर आया।
1901 – अमेरिकी राष्ट्रपति विलियम मैकेंजी की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई।
1917 – रूस आधिकारिक तौर पर एक गणतंत्र घोषित हुआ।
1959 – लूना- 2 चंद्रमा की सतह पर उतरा। यह चंद्रमा की सतह तक पहुँचने वाली मानव निर्मित पहली वस्तु थी। इसने सोवियत संघ और अमेरिका में अंतरिक्ष स्पर्धा की शुरुआत की।
1960 – खनिज तेल उत्पादक देशों ने मिलकर ओपेक की स्थापना की।
1999 – किरीबाती, नाउरू और टोंगा संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
2000 – माइक्रोसॉफ्ट ने विंडोज एम.ई. की लांचिंग की।
2000 – प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अमेरिकी सीनेट के दोनों सदनों की सुयंक्त बैठक को सम्बोधित किया, ओलम्पिक मशाल सिडनी पहुँची।
2003 – गुयाना-बिसाउ में सेना ने राष्ट्रपति कुंबा माला सरकार का तख्ता पलटा।
2003 – एस्टोनिया यूरोपीय संघ में शामिल हुआ।
2006 – परमाणु ऊर्जा में सहयोग बढ़ाने पर इब्सा में सहमति। तिब्बत के आध्यात्मिक निर्वासित नेता दलाई लामा को संयुक्त राज्य अमरीका के सर्वोच्च न्यायालय सम्मान से सम्मानित करने की घोषणा। विश्व के सबसे बुजुर्ग जयपुर के निवासी 137 वर्षीय हबीब मियां अस्पताल में भर्ती।

**दौरा** 29 सितम्बर को आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे दरवाजे

## चर्चिल का 'पुराना युद्ध कार्यालय' बनेगा हिंदुजा का लग्जरी होटल

- हिंदुजा समूह द्वारा किया गया है जीर्णोद्धार

**लंदन,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। द्वितीय विश्व युद्ध के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के प्रतिष्ठित पुराने युद्ध कार्यालय (ओडब्ल्यूओ) का सन् 196 में स्थापना के बाद पहली बार के हिंदुजा समूह द्वारा जीर्णोद्धार कर एक लग्जरी होटल के रूप में 29 सितंबर को एक बार फिर इसके दरवाजे आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे। रैफल्स लंदन के नाम से खुलने वाले इस लग्जरी होटल में 12 कमरे और लक्जरी आवासों, रेस्तरां और स्पा के साथ सुइट्स भी होंगे।

ब्रिटेन के सबसे अमीर भारतीय मूल के समूह ने डाउनिंग स्ट्रीट के सामने स्थिति इस इमारत का आठ साल पहले अधिग्रहण किया था। हिंदुजा समूह के संजय हिंदुजा ने कहा, जब हम व्हाइटहॉल आए, तो टीम इस राजसी इमारत के आकार और सुंदरता से दंग रह गई। इसे इसके पूर्व गौरव में वापस लाने और इसमें नई जान फूंकते हुए इसकी विरासत को श्रद्धांजलि देने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है।

उन्होंने कहा, ओडब्ल्यूओ में रैफल्स लंदन के साथ, हम एक ऐसी विरासत बनाने की उम्मीद करते हैं जो कालातीत और नायाब दोनों हो। असाधारण बदलाव सैकड़ों कारीगरों की मदद से किया



गया है, जिसमें ऐतिहासिक आंतरिक तत्वों को बहाल किया गया है। इनमें हाथ लगाये गये मोज़ेक फर्श, ओक पैनलिंग, चमकदार झूमर और एक संगमरमर की सीढ़ी शामिल है।

इमारत के सबसे ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र हेरिटेज सुइट्स, विंस्टन चर्चिल, डेविड लॉयड जॉर्ज और सर रिचर्ड हाल्डेन सहित प्रभावशाली राजनीतिक और सैन्य नेताओं के पूर्व कार्यालय हैं।

इनमें से कई 'द व्हाइटहॉल विंग' के रूप में विशेष आरक्षण के लिए उपलब्ध होंगे। यह छह-बेडरूम वाला सुइट इमारत के पश्चिमी विंग पर स्थित होगा और इसमें अधिकतम 12 मेहमान रह सकते हैं, जो लंदन में उपलब्ध सबसे बड़े लक्जरी होटल विंग में से एक है। ओडब्ल्यूओ में रैफल्स लंदन के प्रबंध निदेशक फिलिप लेबोउफ ने कहा, रैफल्स लंदन में पुराने युद्ध कार्यालय का इतिहास अपनी शानदार वास्तुकला, सावधानीपूर्वक चुने गए इंटीरियर डिजाइन और विशाल हेरिटेज सुइट्स के माध्यम से जीवित है। हम मेहमानों को अत्यधिक व्यक्तिगत और सहज सेवा प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं जिसके लिए रैफल्स को दुनिया भर में जाना जाता है। एक बेजोड़ स्थान पर विश्व स्तरीय रेस्तरां और बार की विविध श्रृंखला के साथ आगंतुकों को पसंद के लिए तैयार किया जाएगा।

## सुडोकू 6316

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | | 9 | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| | | | 5 | 2 | | 4 | | |
| 6 | 2 | | | | | | | 3 |
| 7 | | | 9 | 5 | 6 | | | 2 |
| 8 | | | | | | | 4 | 6 |
| | | 5 | | 4 | 3 | | | |
| | | | 2 | | | | | |
| | 1 | 4 | | | 5 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6316

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. छत्तीसगढ़ राज्य का एक जिला
३. गणेश
४. पूर्ति करने की क्रिया
६. वह व्यक्ति या संस्थाा जिसे राजकीय पत्र प्रदान किया गया हो
७.एक तरह का फूल जिसमें रात में सुगंध होती है
९. व्यापार
१०. रविवार
१२. नेपाली पहाड़ी मजदूर
१३. मुख्य, प्रधान, मुखिया
१४. संदर्भ, प्रसंग, प्रतिपादन, निर्माण
१६. एक प्रकार का ज्योतिष विद्या
१८. रोकने वाला, रुकावट डालने वाला
२०. अतिरिक्त (उर्दू)
२१. गणेश
२३. दीपक, सूर्य, तिमिरहर

**ऊपर से नीचे:-**

१. यात्रियों, पथिकों के निशुल्क ठहरने-रुकने के लिए जगह, सराय
२. तदुपरांत
३. वह शासन व्यवस्था जिसमें चुने हुए प्रतिनिधि शासन संचालित करते हैं
४. दृश्य (उर्दू)
५. नाव खेने की डांडी
८. अर्धविक्षिप्त ( उर्दू)
१०. तलबगार, इच्छा रखने वाला
११. हाथी, निवारण
१२. किरीट, मुकुट, शिरोभूषण
१३. इंतजाम, व्यवस्था
१४. सराहा गया
१५. कहावत, कहानी (उर्दू)
१७. सहायता (उर्दू)
१८. बंद करना, मना करना, रुकावट डालना१९. १९. दाग, धब्बा
२२. बचाव करने की क्रिया

### वर्ग पहेली-6315

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वै | ज | २ यं | ती | ■ | ■ | ३ र | स | ४ प | ति |
| त | ■ | त्रि | ■ | ५ नि | र्मा | ण | ■ | श्चि | ■ |
| ६ र | वि | त | न | या | ■ | ७ ना | स | म | ८ झ |
| णी | ■ | ■ | ■ | ९ म | द | द | ■ | ■ | ख |
| ■ | १० अ | व | ११ न | त | ■ | ■ | १२ हा | ज | मा |
| ■ | शु | ■ | लि | ■ | १३ मृ | दु | ल | ■ | र |
| १४ वृ | द्ध | १५ ज | न | ■ | ग | ■ | १६ त | १७ क | ना |
| ष्टि | ■ | हा | ■ | १८ ब | या | १९ र | ■ | ट | ■ |
| २० क | पि | ल | ■ | ढ़ा | ■ | २१ च | तु | रा | २२ ई |
| र | ■ | २३ त | म | ना | श | क | ■ | ■ | ख |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6316 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 3 | 8 | 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 1 | 9 | 6 | 5 | 2 | 8 | 4 | 3 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 3 | 1 | 7 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 2 | 8 |

## दुनिया को जानें


### भारत में जन्मे राज सुब्रमण्यम पिनेकल अवॉर्ड से होंगे सम्मानित

**न्यूयॉर्क,** 13 सितम्बर (एजेसियां)। फेडएक्स कॉरपोरेशन के भारत में जन्मे अध्यक्ष और सीईओ राज सुब्रमण्यम को 2023 पिनेकल अवार्ड मिलेगा, जो 2023 आउटस्टैंडिंग 50 एशियन अमेरिकन्स इन बिजनेस अवार्ड में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। एशियन अमेरिकन बिजनेस डेवलपमेंट सेंटर (एएबीडीसी) द्वारा स्थापित पुरस्कारों में, सुब्रमण्यम को 21 सितंबर को सिप्रियानी वॉल स्ट्रीट में एक भव्य रात्रिभोज में 50 एशियाई अमेरिकी अधिकारियों के साथ सम्मानित किया जाएगा। पिनेकल पुरस्कार उन लोगों को प्रदान किया जाता है जो पेशेवर करियर के शिखर पर पहुंच चुके हैं और अपने उद्योग में अग्रणी के रूप में व्यापक रूप से स्वीकार किए जाते हैं। एएबीडीसी के अध्यक्ष और संस्थापक जॉन वांग ने कहा, हमारी 50 बिजनेस कमेटी सावधानीपूर्वक इस बात पर विचार करती है कि प्रतिष्ठित पिनेकल पुरस्कार विजेताओं की हमारी सूची में किसे शामिल किया जाए, जो एशियन अमेरिकन प्रोफेशनल कम्युनिटी को जीवित रोल मॉडल और नेतृत्व में उत्कृष्टता के उदाहरण के रूप में प्रेरित करने का काम करते हैं।

# खेल जगत

## कोविड ने मेरा अंतराष्ट्रीय करियर खत्म होने से बचाया : डेविड विली

**लंदन,** 13 सितंबर (एजेंसियां)। इंग्लिश ऑलराउंडर डेविड विली ने खुलासा किया कि अगर कोविड-19 महामारी नहीं होती तो 2019 विश्व कप विजेता टीम से बाहर किए जाने के बाद उनका अंतरराष्ट्रीय करियर लगभग खत्म हो गया था। जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किए जाने के लिए डेविड विली को आखिरी मिनट में इंग्लैंड की टीम से बाहर कर दिया गया। क्रिकबज के साथ बातचीत में विली ने कहा, अगर यह कोविड नहीं होता, तो शायद मेरा अंतराष्ट्रीय करियर खत्म हो गया होता। उन्होंने मैनचेस्टर में टेस्ट मैचों और साउथम्प्टन में वनडे मैचों के लिए बायो-बबल में रहने के लिए दो अलग-अलग टीमें चुनी जिसका लाभ मुझे मिला। तब से विली ने टीम में वापसी की और 2023 विश्व कप से पहले अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन के साथ 22.19 की औसत से 36 विकेट लिए हैं। इस परफॉर्मेंस के दम पर उन्हें भारत में खेले जाने वाले विश्व कप के 15 सदस्यीय टीम का सदस्य चुना गया है।



# आईसीसी वनडे रैंकिंग में बाबर के करीब गिल, टॉप-10 में कोहली-रोहित शामिल

**कोलंबो,** 13 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (759 अंक) ने करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल कर लिया है और अब वह आईसीसी पुरुष वनडे रैंकिंग में केवल पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (863 अंक) से पीछे हैं। गिल, जिन्होंने मौजूदा एशिया कप में 154 रन बनाते हुए दो अर्धशतक लगाए हैं। अब आईसीसी वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

साथ ही वो भारत के तीन खिलाड़ियों में सर्वोच्च रैंक पर हैं, जो अब वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप-10 में हैं और जनवरी 2019 के बाद ऐसा पहली बार हुआ। कप्तान रोहित शर्मा और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली को दो-दो स्थान का फायदा हुआ है और वे क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर हैं।



शर्मा, कोहली और अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन चार साल से अधिक पहले उस उदाहरण में शीर्ष 10 में तीन बल्लेबाज थे, जबकि ये तीन सितंबर 2018 में बल्लेबाजी तालिका के शीर्ष छह में भी थे। शर्मा ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ अर्धशतक भी बनाया, जबकि कोहली पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 122 रन की बदौलत रैंकिंग में आगे बढ़े हैं।

केएल राहुल (10 पायदान ऊपर 37वें) और ईशान किशन (दो पायदान ऊपर 22वें) की भारतीय बल्लेबाजी जोड़ी ने भी रैंकिंग में महत्वपूर्ण सुधार किया है। एशिया कप के दो मैचों में नौ विकेट लेने के बाद वनडे गेंदबाज़ रैंकिंग में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव पांच पायदान ऊपर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारत के तेज़ गेंदबाज़ी के अगुआ जसप्रीत बुमराह भी वनडे में वापसी करते हुए आठ स्थान ऊपर 27वें स्थान पर हैं जबकि गेंदबाज़ों की रैंकिंग में ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या (21 स्थान ऊपर 56वें) और ऑलराउंडरों में भी चार स्थान ऊपर छठे स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग के शीर्ष 10 में पाकिस्तान के भी तीन बल्लेबाज हैं। जिसमें बाबर आजम शीर्ष पर हैं और गिल पर 100 से अधिक रेटिंग अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं।

इमाम-उल-हक और फखर जमान क्रमशः पांचवें और दसवें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका में कप्तान तेम्बा बावुमा अपने पिछले आठ वनडे मैचों में तीन शतक और दो अर्धशतक लगाकर शीर्ष 10 के करीब पहुंच गए हैं। वह 21 स्थान आगे बढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ 25वां था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी डेविस वार्नर (एक स्थान ऊपर चौथे स्थान पर), ट्रेविस हेड (छह स्थान ऊपर 20वें) और मार्नस लाबुशेन (24 स्थान ऊपर 45वें) ने भी बल्लेबाजों की रैंकिंग में महत्वपूर्ण प्रगति की है। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट गेंदबाजों में दूसरे स्थान पर हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम ज़म्पा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे मैच में चार विकेट लेने के बाद पहली बार गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में हैं।

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ आठ स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर हैं और उनके साथी तेज गेंदबाज नसीम शाह (11 स्थान ऊपर 51वें स्थान पर) हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज (10 स्थान ऊपर 25वें) और तबरेज शम्सी (10 स्थान ऊपर 25वें स्थान पर) हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड (15 पायदान ऊपर चढ़कर 29वें) रैंकिंग में आगे बढ़ने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

# मेरा फोकस विकेट नहीं, सही लेंथ पर गेंदबाजी करना है : कुलदीप

**कोलंबो,** 13 सितंबर (एजेंसियां)। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव का इस साल वनडे में शानदार प्रदर्शन एशिया कप-2023 में भी कायम है। बारिश से प्रभावित सुपर 4 मैच में पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ कुलदीप ने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई।

सुपर-4 मैच में पहले पाकिस्तान के खिलाफ (5-25) और फिर श्रीलंका के खिलाफ (4-43) के आंकड़े कुलदीप यादव की शानदार फॉर्म की गवाही दे रहे हैं। पिछले साल घुटने की चोट से वापसी करने के बाद कुलदीप ने अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय विकेट हासिल करने से लेकर सही लेंथ पर गेंदबाजी करने के बारे में सोचने की मानसिकता को बदलने को दिया।

कुलदीप ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत के दौरान बताया कि सर्जरी के बाद फिजियो ने उनसे कहा था कि चाहे कुछ भी हो जाए, मेरे घुटने पर भार नहीं पड़ना चाहिए। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि आगे चीजें कैसी रहेगी। लेकिन अब सब ठीक है। कुलदीप ने कहा, 6-7 महीनों के बाद मुझे अपनी उचित लय मिल गई और अब गेंदबाजी करना आसान हो गया है। एक स्पिनर जितनी अधिक गेंदबाजी करेगा, उसे उतना अधिक अनुभव मिलेगा। इसलिए मुझे नहीं लगता कि अब विकेट लेने के बारे में बहुत कुछ है। मैं इस बारे में अधिक सोचता हूं कि मेरी गेंदबाजी की लेंथ सही होनी चाहिए। कुलदीप ने यह भी बताया कि बाएं हाथ या दाएं हाथ के बल्लेबाज के खिलाफ उनका गेम प्लान क्या रहता है।



उन्होंने कहा, मैं अच्छी लेंथ की गेंदों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, चाहे वह लेफ्टी हो या राइटी और इसके साथ ही लाइन भी मायने रखती है। इसलिए मैं हमेशा बल्लेबाज को लॉक करने, स्टंप्स पर गेंदबाजी करने के बारे में सोचता हूं, चाहे वह लेफ्टी हो या राइटी, उसे लॉक्ड रखने और स्टंप्स पर गेंदबाजी करने के बारे में सोचता हूं। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की टीम में ऑफ स्पिनर न होने पर भी अपनी बात रखी।

कुलदीप ने कहा, मैं खुद को एक ऑफ स्पिनर के रूप में नहीं सोचता। मैं खुद को एक लेग स्पिनर के रूप में सोचता हूं। एकमात्र चीज यह है कि मैं बाएं हाथ से गेंदबाजी करता हूं। मेरे पास वेरिएशन हैं और गुगली भी है। तो मुझे नहीं लगता कि आपको एक ऑफ स्पिनर रखने की जरूरत है। अगर आपकी टीम का संयोजन अच्छा है, तो आपको 3-4 स्पिनरों को खिलाने की जरूरत नहीं है। अगर आपके पास दो अच्छे स्पिनर हैं, तो यह काम कर सकता है।

# सुब्रतो कप में बेंगलुरू को मेजबान शहर के रूप में शामिल किया

**नई दिल्ल,** 13 सितंबर (देशबन्धु)। प्रतिष्ठित सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण 19 सितंबर से 23 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष दिल्ली और गुरुग्राम के अलावा बेंगलुरु को मेजबान शहर के रूप में जोड़ा गया है और इसी तरह सबसे पुराने राष्ट्रीय अंतर-स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट को पहली बार दक्षिण भारत में ले जाया जा रहा है। इस आशय की आधिकारिक घोषणा, एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन, सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्ट्स एजुकेशन सोसायटी (एसएमएसईएस) की उपस्थिति में की गई। एसएमएसईएस के तत्वावधान में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा आयोजित सुब्रतो कप पहली बार 1960 में आयोजित किया गया था और इसका नाम एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी के नाम पर रखा गया था, जिन्होंने जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए इस विचार की कल्पना की थी। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए एयर मार्शल आर.के. आनंद वीएसएम, एयर ऑफिसर-इन-चार्ज एडमिनिस्ट्रेशन और वाइस चेयरमैन एसएमएसईएस ने कहा, 62वां सुब्रतो कप वास्तव में ऐतिहासिक होगा क्योंकि यह पहली बार भारत के दक्षिण, बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की पहुंच देश के अधिक से अधिक कोनों तक फैलाने की हमारी लंबे समय से इच्छा रही है और इस साल बेंगलुरु में मुख्य सब जूनियर बॉयज टूर्नामेंट की मेजबानी उस दिशा में पहला कदम है। मैं टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली सभी टीमों को बधाई देता हूं और उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। वे खेल को खेल भावना की सच्ची भावना से खेलें।

# दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी क्लो ट्रायॉन की टीम में वापसी

**जोहान्सबर्ग,** 13 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी ऑलराउंडर क्लो ट्रायॉन 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली सफेद गेंद श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल होने के लिए छुट्टी से लौट आई हैं। क्लो छुट्टी के कारण दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा पाकिस्तान दौरे से हट गई थीं, लेकिन अब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला से लौरा वोल्वार्ड्ट की अगुवाई वाली टीम में शामिल होने के लिए उपलब्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान से टी20 सीरीज 3-0 से हार गया, लेकिन वनडे सीरीज जीतने में कामयाब रहा, जिसका आखिरी मैच गुरुवार को कराची में होगा।



खिलाड़ियों को वातावरण के भीतर विकसित होने की अनुमति देने के लिए टीम की निरंतरता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। हम क्लो ट्रायॉन को वापस क्षेत्र में पाकर बहुत खुश हैं और यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि वह अपने हरफनमौला गुणों के साथ टीम को और कैसे बेहतर बनाएगी। हम आगे बढ़ते हैं। न्यूज़ीलैंड सीरीज़ अपने चरम पर है और हम इस लय को घरेलू दौरे पर भी बरकरार रखना चाहते हैं। क्लिंटन डु प्रीज़, चयनकर्ताओं की प्रोटियाज़ महिला संयोजक ने कहा, पाकिस्तान की परिस्थितियों के अनुकूल ढलना हमेशा बहुत कठिन रहा है। हालाँकि, मैं इस बात से खुश हूँ कि टीम ने टी20 में कैसे प्रतिस्पर्धा की, जहाँ वे गेम जीतने से चूक गए। यह छोटे अंतर से बना रहा और कोई भी देख सकता है कि कैसे खिलाड़ियों ने अपनी कमियों से सीखा है और इसे एकदिवसीय प्रारूप में लाया है। इसमें कई सकारात्मक बातें हैं, और एक जो मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण है वह है खिलाड़ियों का साझा व्यक्तिगत प्रदर्शन।

न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला में प्रोटियाज महिलाएं वनडे श्रृंखला के लिए पोचेफस्ट्रूम, पीटरमैरिट्जबर्ग और डरबन में मैदान में उतरेंगी, जो 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2022-25 अभियान का हिस्सा है। तीसरा 50 ओवर का मुकाबला ब्लैक डे वनडे के नवीनतम संस्करण के रूप में 1 अक्टूबर को डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां दक्षिण अफ्रीका लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ लड़ाई के समर्थन में अपने कस्टम ब्लैक किट और आर्मबैंड पहनेंगे।

# सायना बनी हार्वेस्ट गोल्ड की रेस एंबेसडर





नई दिल्ली, 13 सितंबर (देशबन्धु)। हार्वेस्ट गोल्ड ने हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस 2023 के लॉन्च की घोषणा की है। ब्रांड ने पूर्व बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन साइना नेहवाल को रेस एंबेसेडर के रूप में अपने साथ जोड़ा है। 24 सितंबर 2023 को साइबर सिटी गुरुग्राम में आयोजित होने वाली इस रेस का यह आठवां संस्करण होगा। इस रेस का उद्देश्य सभी के लिए पोषण प्रदान करना है। इस वर्ष ब्रांड ने अपनी थीम -रन द डिस्टेंस, टू मेक ए डिफरेंस के तहत एक अग्रणी एनजीओ रॉबिन हुड आर्मी के साथ हाथ मिलाया है, जो समाज के वंचितों और कम भाग्यशाली वर्गों के लिए पोषण सुनिश्चित करने का प्रयास करता है।

इस अवसर पर ग्रुपो बिम्बो, इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राज कंवर सिंह ने कहा, एक बेहतर दुनिया बनाने के लक्ष्य से प्रेरित, हार्वेस्ट गोल्ड स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस एक उद्देश्यपूर्ण प्रयास है, जहां प्रतिभागी न केवल अपने भले के लिए दौड़ रहे होंगे, बल्कि वंचितों के समर्थन में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे होंगे। मैं सभी से एकजुट होने और सामूहिक रूप से भूख मिटाने की दिशा में कदम उठाने का आग्रह करता हूं।

# लक्ष्य सेन ने नाम वापस लिया, अश्विनी-तनिषा की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में

**कॉव्लून (हांगकांग),** 13 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय शटलर लक्ष्य सेन हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को अपने पुरुष एकल के शुरुआती दौर के मैच से दो घंटे पहले हट गए, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे के सु ली यांग को वॉकओवर मिल गया। वर्ल्ड नंबर 7 एचएस प्रणय की अनुपस्थिति में आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य टूर्नामेंट में पुरुष एकल में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय शटलर थे।



चाइना ओपन के पहले दौर में हारने के बाद, लक्ष्य को प्रणय, किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधु की अनुपस्थिति में खिताब के लिए सबसे बड़ा दांव माना जा रहा था। यह तिकड़ी एशियाई खेल 2022 के लिए राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा होगी।

टूर्नामेंट के पहले दौर में लगातार बाहर होने के बाद, लक्ष्य को बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में अपना 8वां स्थान खोने की संभावना है। उन्होंने आखिरी बार जुलाई में कनाडा ओपन सुपर 500 में टूर्नामेंट जीता था। इस बीच, अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो (50वीं रैंकिंग) की महिला युगल जोड़ी दुनिया की नंबर 21 चीनी ताइपे ली चिया सीन और टेंग चुन हसुन की जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। ।

मिश्रित युगल में, अश्विनी, बी सुमेथ रेड्डी के साथ, तीन गेमों में मलेशियाई जोड़ी चेंग तांग जी और तोह ई वेई से 16-21, 21-16, 18-21 से हार गईं।

# युवा दुनिथ वेल्लालागे के पास हुनर के साथ-साथ समझ भी है : मलिंगा

**कोलम्बो,** 13 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप सुपर 4 मैच में भारत के खिलाफ शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए दुनिथ वेल्लालागे की प्रशंसा करते हुए श्रीलंका के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने कहा है कि इस युवा स्पिनर का भविष्य उज्ज्वल है। एशिया कप के सुपर 4 मैच में श्रीलंका के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया के लिए 20 साल का श्रीलंकाई गेंदबाज बड़ी मुसीबत बन गया।

दुनिथ वेल्लालागे ने अपनी मिस्ट्री गेंद के दम पर 10 ओवर में 40 रन देकर 5 विकेट लिए, साथ ही एक मेडन ओवर भी डाला। या यूं कह लीजिए इस युवा खिलाड़ी ने भारत के शानदार बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। हालांकि, अंत में जीत भारत की हुई लेकिन इस युवा खिलाड़ी ने अपने ऑलराउंडर प्रदर्शन से भारतीय टीम के नाम में दम कर दिया था। भारत के 213 रन के लक्ष्य का पीछा करने में श्रीलंका की टीम सफल नहीं हुई।

दुनिथ वेल्लालागे ने नाबाद 42 रन का योगदान देकर और 5/40 के दमदार गेंदबाजी आंकड़े के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। इस शानदार प्रदर्शन के बाद श्रीलंकाई दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने एक्स (पहले ट्विटर) पर इस युवा खिलाड़ी के प्रयास की सराहना की और कहा कि इस युवा स्पिनर का



भविष्य उज्ज्वल है।

मलिंगा ने आगे लिखा, यह कहना गलत नहीं होगा कि श्रीलंका ने आज 12 खिलाड़ियों के साथ खेला। दुनिथ कितना शानदार था। उसके पास अपने हरफनमौला कौशल सेट के साथ अपने युवा कंधों पर एक शानदार दिमाग है। उन्होंने आगे लिखा, मेरा मानना है कि वह अगले दशक में वनडे में श्रीलंका के लिए सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनने की राह पर हैं। मलिंगा इस युवा खिलाड़ी के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की सराहना करने वाले एकमात्र क्रिकेटर नहीं थे।

अनुभवी भारत के स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने भी दुनिथ के ऑलराउंडर प्रदर्शन के लिए उनकी तारीफ की। दुनिथ वेल्लालागे ने अब तक अपने देश के लिए केवल 13 वनडे मैच खेले हैं। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगले महीने भारत में शुरू होने वाले श्रीलंका के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। पिछले साल दुनिथ वेल्लालागे अंडर-19 विश्व कप में 13.58 की औसत से 17 विकेट लेकर अग्रणी विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में लाइमलाइट में आए।

20 वर्षीय खिलाड़ी ने एशिया कप में भारत के खिलाफ अपने स्पैल के दौरान शुभमन गिल, विराट कोहली, रोहित शर्मा, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या के विकेट लेकर अपना हुनर एक बार फिर साबित किया।

## सार संक्षेप

### भारत-बांग्लादेश मुकाबले से पहले मुशिफकुर रहीम टीम से बाहर

**कोलंबो।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बताया कि अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम शुक्रवार को भारत के खिलाफ होने वाले एशिया कप में बांग्लादेश के सुपर फोर मैच में नहीं खेल पाएंगे। 9 सितंबर को कोलंबो में सुपर फोर मैच में श्रीलंका से बांग्लादेश की 21 रनों से हार के बाद मुशिफकुर रहीम श्रीलंका से अपने देश लौट गए हैं क्योंकि उनके घर में नन्ही परी ने जन्म लिया है। जिसके चलते मुशिफकुर रहीम अब आगे एशिया कप में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, पहले उन्हें 15 सितंबर को भारत के खिलाफ मैच के लिए वापस आना था। लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बताया कि मुशिफकुर ने ढाका में अपनी पत्नी जन्नतुल केफायत मोंडी और नवजात बच्चे के साथ रहने के लिए छुट्टी को बढ़ा दिया है। बीसीबी क्रिकेट संचालन अध्यक्ष मोहम्मद जलाल यूनुस ने कहा, मुशफिकुर ने हमें सूचित किया है कि उनकी पत्नी अभी भी रिकवर कर रही हैं। इसलिए, उन्हें इस समय उनके और अपने बच्चों के साथ रहने की जरूरत है। हम उनकी स्थिति को पूरी तरह से समझते हैं और हमने उन्हें भारत-बांग्लादेश मैच छोड़ने की अनुमति देने का फैसला किया है। मुशिफकुर बांग्लादेश टीम में काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने 255 वनडे मैचों में 37.12 के औसत से 7,388 रन बनाए हैं, जिसमें 9 शतक और 45 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने इस प्रारूप में 222 कैच भी लिए हैं और 55 स्टंपिंग भी की है।

### 2̀23 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप टिकट बुक करने का कठिन कार्य

**नई दिल्ली।** कोलकाता के कट्टर क्रिकेट प्रशंसक सप्तक भट्टाचार्य ने 8 सितंबर को रात 8 बजे बुकमायशो वेबसाइट पर लॉग इन किया, जहां भारत में विश्व कप 2̀23 पुरुष वनडे के सभी मैचों के लिए 4̀, सामान्य टिकटों की बिक्री होनी थी। सप्तक ने टिकट बिक्री के अन्य दिनों में ईडन गार्डन्स में भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच के लिए कम से कम एक टिकट पाने की कोशिश की थी, लेकिन लगभग दो घंटे तक कतार में इंतजार करने और सीट चयन में त्रुटि संदेश आने के बावजूद उसे कोई टिकट नहीं मिल सका। एक राहत भरी सांस के साथ सप्तक ने आईएएनएस को बताया, मैंने ठीक 8 बजे वेबसाइट पर लॉग इन किया, और कतार में लग गया, जिसमें 9 मिनट का प्रतीक्षा समय दिखाया गया था। स्टेडियम लेआउट में ब्लॉक चयन पृष्ठ तक पहुंचने में मुझे लगभग दो घंटे लग गए, लेकिन फिर मैं अपना पसंदीदा ब्लॉक नहीं चुन सका। अलग-अलग त्रुटि संदेशों को प्रदर्शित करने के साथ कई बार प्रयास करने के बाद, अंततः उस मैच के लिए ब्लॉक टिकट मिल गया। मुझे लगता है कि केवल भाग्य ने (टिकट प्राप्त करने में एक भूमिका निभाई)।

# देश

**उवाच** बिहार में नीतीश कुमार का राजनीतिक पाला बार-बार पलटने से गांव-गांव में लोग उनकी हंसी उड़ा रहे हैं। नीतीश कुमार और जदयू की चिंता ये होनी चाहिए कि लोकसभा के चुनाव के बाद उनका दल बचेगा भी या नहीं।

–प्रशांत किशोर, चुनावी रणनीतिकार



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35° | 28° |
| मुंबई | 28° | 27° |
| कोलकाता | 32° | 27° |
| चेन्नई | 28° | 27° |

# नई तकनीक को पूरे उत्साह के साथ अपनाने में आगे बढ़ रहा भारत : मुर्मू

## गुजरात के राजभवन से आयुष्मान भव अभियान का किया शुभारंभ



अगर हर व्यक्ति व परिवार स्वस्थ रहेगा तो स्वस्थ भारत बनाने का संकल्प पूरा हो जाएगा : द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत स्वास्थ्य क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में नई तकनीक और कामकाज के तरीकों को अपनाने में बड़े उत्साह के साथ आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में गुजरात के राजभवन से आयुष्मान भव अभियान का शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। सितम्बर 2021 में लॉन्च किए गए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) का हवाला देते हुए राष्ट्रपति ने विश्वास जताया, भारत अन्य क्षेत्रों की तरह स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी डिजिटल समावेशन का उदाहरण स्थापित करेगा। आयुष्मान भव अभियान के बारे में बात करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह हमारे देश को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज (यूएचसी) के उद्देश्य को हासिल करने में सफल बनाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि अगर हर व्यक्ति और हर परिवार स्वस्थ रहेगा, तो स्वस्थ भारत बनाने का संकल्प पूरा हो जाएगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बहु-मंत्रालयी दृष्टिकोण अपनाया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि आयुष्मान भव स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी पहल बनकर उभरेगा। इस अभियान के साथ, भारत स्वास्थ्य सेवा को सस्ता और सुलभ बनाने में एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। आयुष्मान भव अभियान स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य देश के हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति कवरेज प्रदान करना है।

### राजनीति में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए : राष्ट्रपति

**गांधीनगर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि महिलाएं विज्ञान, प्रौद्योगिकी, रक्षा या खेल हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और इसे देखते हुए राजनीति में भी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। मुर्मु ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) का उद्घाटन किया और गुजरात विधान सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, चाहे वह विज्ञान और प्रौद्योगिकी हो, रक्षा या खेल हो, तो राजनीति में भी उनका प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश भर के शैक्षणिक संस्थानों के दौरे के समय उन्होंने लड़कियों में जीवन में आगे बढ़ने और देश और समाज के लिए कुछ करने की आकांक्षा देखी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उचित अवसर मिले तो वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती हैं।

## मोदी बीना में देंगे 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक की सौगातें

**भोपाल,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 सितम्बर को एक बार फिर मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब सवा ग्यारह बजे मध्य प्रदेश के बीना पहुंचेंगे, जहां वे बीना रिफाइनरी में पेट्रोकैमिकल कॉम्प्लेक्स और राज्य भर में दस नई औद्योगिक परियोजनाओं सहित 50,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।



इसके बाद वे यहां से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के लिए रवाना होंगे। पीएम के इस दौरे को विधानसभा चुनाव के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

बता दें कि इसके पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के कई दौरे कर चुके हैं। इस महीने में ही पीएम के कल के दौरे के साथ ही 18 और 25 सितम्बर को दो अन्य दौरे प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश में 50,700 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे प्रधानमंत्री बीना रिफाइनरी में पेट्रोकैमिकल परिसर का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री नर्मदापुरम में विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विनिर्माण क्षेत्र और रतलाम में मेगा औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखेंगे।

## जी-20 का आयोजन वैश्विक शक्ति के रूप में भारत की मान्यता : धनखड़

**नई दिल्ली,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित और अपमानित करने की साजिशों को बेअसर करने का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि जी-20 का भव्य आयोजन एक वैश्विक शक्ति के रूप में भारत की मान्यता थी। धनखड़ ने बुधवार को यहां सप्रू हाउस में विश्व मामलों की भारतीय परिषद (आईसीडब्ल्यूए) के अनुसंधान संकाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की जी-20 की अध्यक्षता एक बड़ी उपलब्धि थी। एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरते हुए भारत की सभी पक्षों में वैध और उचित मान्यता थी और इससे वैश्विक सहमति बनी। उन्होंने ने जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत की भूमिका की व्यापक सराहना की और जी- 20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की सफलता का उल्लेख किया। भारत में हो रही कुछ उपलब्धियां एक समय दुनिया के लिए कल्पना से परे लगती थीं। उन्होंने कहा कि दुनिया कभी सोच भी नहीं सकती कि धर्म, जाति, पंथ और भाषा की विविधता वाले देश में ऐसा हो सकता है। धनखड़ ने कहा कि भारत के बारे में समय-समय पर फैलाई जाने वाली खतरनाक, भयावह कहानियों का मुकाबला करने में सबसे आगे रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल हमारे संवैधानिक संस्थानों को कलंकित करने, धूमिल करने, अपमानित करने और नष्ट करने के लिए बनाई गई ऐसी रणनीति को बेअसर करने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है।



- उपराष्ट्रपति ने संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित करने की साजिशों को बेअसर करने का किया आह्वान
- भारत की जी-20 की अध्यक्षता को बताया बड़ी उपलब्धि

### भारत इतिहास के एक निर्णायक क्षण में है : धनखड़

उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर देते हुए कि भारत इतिहास के एक निर्णायक क्षण में है, धनखड़ ने शोधकर्ताओं से लोगों को राष्ट्र की उपलब्धियों से अवगत कराने का आग्रह किया। वैश्विक मंच पर भारत के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने 'फ्रैजाइल फाइव' का हिस्सा बनने से लेकर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने तक की भारत की यात्रा का वर्णन किया।

## सार संक्षेप

### दतिया में दो पक्षों के बीच गोलीबारी में पांच की मौत

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया जिले के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बुधवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के रेंडा गांव में सुबह दो पक्षों के बीच विवाद के बाद हुई गोलीबारी में दोनों पक्षों के पांच लोगों की मृत्यु हो गई और तीन घायल हो गए, जिन्हें दतिया के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### ईडी के सामने पेश हुए अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी राज्य भर के सरकारी प्रायोजित स्कूलों में शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में केंद्रीय एजेंसी के समन का जवाब देते हुए बुधवार को शहर के सीजीओ कॉम्प्लेक्स में ईडी के अधिकारियों के सामने पेश हुए। निर्देश के अनुसार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे बनर्जी सुबह 11 बजे के बाद साल्ट लेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि वहां से वह सीधे छठी मंजिल पर ईडी अधिकारियों के पास गए। तृणमूल कांग्रेस महासचिव को समन की तारीख नई दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की समन्वय समिति की बैठक के साथ मेल खाती है।

### कावेरी नदी में तीस वर्षों में सबसे कम प्रवाह : शिवकुमार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके.शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि कावेरी नदी का प्रवाह 3 वर्षों में सबसे कम है। तीन दशकों में औसतन 54 प्रतिशत की कमी है। डिप्टी सीएम ने विधानसभा में सर्वदलीय बैठक में कहा कि राज्य को सितम्बर से जुलाई 224 तक खड़ी फसलों के लिए 7.2 टीएमसी और पीने के लिए 33 टीएमसी पानी की जरूरत है। उद्योगों के उपयोग के लिए 3 टीएमसी पानी की आवश्यकता है। कुल मिलाकर कर्नाटक को 16.2 टीएमसी पानी की जरूरत है। लेकिन, कावेरी घाटी में राज्य के चार जलाशयों में उपलब्ध स्टोरेज 53.287 टीएमसी है।

### तमिलनाडु में कानून व्यवस्था ध्वस्त : अन्नाद्रमुक

**चेन्नई।** अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के.पलानीस्वामी (ईपीएस) ने तमिलनाडु में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताते हुए कहा कि सितम्बर में अब तक 4 हत्याएं दर्ज की गई हैं, जिससे साबित होता है कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। हाल ही में चेन्नई में एक कॉन्सर्ट के दौरान राज्य पुलिस, संगीतकार ए.आर. रहमान की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने में भी बुरी तरह विफल रही है। एम.के.स्टालिन का काफिला भी ईस्ट कोस्ट रोड पर रहमान के संगीत कार्यक्रम के दौरान ट्रैफिक ब्लॉक में फंस गया था।

## इंडिया गठबंधन से घबरा गई है भाजपा : श्रवण कुमार

**पटना,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। बुधवार को जदयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार, लघु एवं जल संसाधन मंत्री जयंत राज एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री सुनील कुमार ने सभी जिलों से आए आमलोगों की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित अधिकारी को त्वरित निष्पादन हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि भाजपा के खिलाफ समूचे देशभर में एक उम्मीदवार उतारने को लेकर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। भाजपा इस बात से अब घबराहट में है लेकिन 2024 में इंडिया गठबंधन भाजपा को सत्ता से बेदखल कर उनकी घबराहट को दूर कर देगी। मंत्री ने कहा कि सीट शेयरिंग को लेकर इंडिया गठबंधन का शीर्ष नेतृत्व उचित समय पर उचित फैसला लेगा। जो निश्चित ही सबको स्वीकार होगा। अभी इंडिया गठबंधन का एकमात्र लक्ष्य है देश में महंगाई को खत्म करना, बेरोजगारी को खत्म करना और देश की सरकारी संपत्तियों को जो लोग आने-पौने दामों में बेच रहे हैं उनसे देश को मुक्ति दिलाना। जयंत राज ने कहा कि मौजूदा सरकार को केंद्र सत्ता से अपदस्थ करने के लिए सभी दलों के लोग अपने-अपने हितों से वाजिब समझौते करने के लिए तैयार है। यह बात सच है कि कोई भी राजनीतिक दल अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता है लेकिन मौजूदा परिस्थितिया ऐसी है कि आज हम सभी को सबसे पहले देश हित में सोचने की आवश्यकता है।

भाजपा के खिलाफ देशभर में एक प्रत्याशी उतराने की योजना

कमलनाथ के पोस्टर पर भड़की कांग्रेस, कहा

# अशांति फैलाने का काम कर रही भाजपा

**भोपाल,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। कमलनाथ के पोस्टर मामले में कांग्रेस भड़क गई है। कांग्रेस ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए थाने में इसकी शिकायत की है। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल हबीबगंज थाने पहुंचा और इस पूरे मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इतना ही नहीं इस पूरे मामले में कांग्रेस ने भाजपा पर गंभीर आरोप भी लगाए।

कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने थाने में दिए गए आवेदन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में स्पष्ट तौर पर हार का आभास हो चुका है, जिससे बौखलाकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा आमजन में आपस में वैमनस्यता फैलाने का काम किया जा रहा है। राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं के बीच चिंगारी लगाकर भोपाल शहर में अशांति फैलाने का काम भाजपा कर रही है। कांग्रेस पार्टी के साथ धोखाधड़ी कर राजनीतिक हानि पहुंचाने, कूटरचना कर भय एवं आतंक का माहौल बनाने का घृणित कृत्य किया जा रहा है। कांग्रेस ने कहा कि उक्त पोस्टर पर प्रिंटर का नाम भी नहीं लिखा गया है, जिससे उक्त प्रिंटिंग प्रेस भी अपराध की श्रेणी में शामिल है। उस पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि इन पोस्टरों को पब्लिक प्रॉपर्टी पर से हटाकर उनकी जब्ती कर उक्त घृणित कृत्य में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम-1984 के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने मांग रखी कि इस तरह के कृत्य करने वालों के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, संगठन महामंत्री एवं अन्य अज्ञात नेताओं व षड्यंत्रकर्ताओं के विरुद्ध धारा 415, 417, 465, 468, 471, 153-ए, 504, 505, 55, 120-बी भारतीय दंड विधान तथा धारा-72 सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 एवं लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम-1984 की धारा-3 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जाए। हबीबगंज थाने में भाजपा नेताओं एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिए प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा के साथ कांग्रेस पदाधिकारी राजीव सिंह, पीयूष बबेले, भूपेन्द्र गुप्ता, अवनीश, अब्बास हफीज, आनंद जाट, स्वदेश शर्मा सहित अन्य कांग्रेसजन प्रतिनिधि मंडल में उपस्थित थे।



- भाजपा के वरिष्ठ नेताओं पर की एफआईआर दर्ज करने की मांग

### भाजपा करती है श्रीराम के नाम पर राजनीति : कांग्रेस

युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिव्यांशु उर्फ अंशु मिश्रा ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि कटनी की पहचान मां जालपा है जहां तक पहुंच मार्ग गड्ढों से भरा है वहां की सड़क के लिए लोगों को आंदोलन करना पड़ रहा है वही भाजपा भगवान श्रीराम जो सभी के ह्रदय में बसते है उनके नाम से राजनीति करती है भाजपा, देश के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है और आवाज उठाने पर जेल में डाला जा रहा है। कांग्रेस से ज्यादा हिस्सों में भाजपा बांटी है आलम ये है लोग भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं जिन्हें संभालना चाहिए वो खुद नाराज बैठे हैं। आने वाले वक्त में बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस में शामिल होंगे और ये भाजपा में मची भगदड़ ही बता रही है कांग्रेस पार्टी 150 सीटों के पार लाकर अपनी सरकार खड़ी कर रही है।

# सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ रही भाजपा

**पटना,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने भाजपा पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सत्ता के मोह में देश की गंगा-जमुनी तहजीब को खंडित करने का काम कर रही है। भाजपा के इस मंसूबे को मुहतोड़ जवाब देने एवं समाज में अमन-चैन स्थापित करने में कारवाने इत्तेहाद भाईचारा यात्रा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बुधवार को जनता दलयू मुख्यालय में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चैधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खां एवं पार्टी के विधानपार्षद खालिद अनवर ने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित किया। उमेश कुशवाहा ने जानकारी देते हुए कहा कि 1 अगस्त से 6 सितम्बर तक विधानपार्षद खालिद अनवर के नेतृत्व में चलाए जा रहे कारवाने इत्तेहाद भाईचारे यात्रा में न सिर्फ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की मौजूदगी रही बल्कि समाज के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की। जिस वजह से पार्टी का यह कार्यक्रम बेहद सफल रहा। यात्रा के माध्यम से विगत 18 वर्षों में मुख्यमंत्री की उपलब्धियां है उसे गांव-गांव तक पहुंचाने का काम किया गया और मौजूदा समय में चिंताजनक हालात बने हुए हैं उससे भी आम नागरिकों को आगाह किया गया। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खा ने कहा कि कारवाने इत्तेहाद भाईचारे यात्रा के दौरान प्रदेशभर में हमें आपसी सद्भाव और भाईचारा का वातावरण दिखा।



देश की गंगा-जमुनी तहजीब को खंडित करने का काम कर रही है भाजपा : उमेश कुशवाहा

### कारवाने इत्तेहाद वभाईचारा यात्रा की शुरुआत की

बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चैधरी ने अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खा एवं विधानपार्षद खालिद अनवर का आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की मूल भावना को प्रसारित करने के लिए हमारी पार्टी के दोनों नेताओं ने कारवाने इत्तेहाद एवं भाईचारा यात्रा की शुरुआत की। इस यात्रा की शुरुआत गांधी की कर्म भूमि चंपारण से हुई थी जो की 40 दिनों में 26 जिलों का भ्रमण किया गया और लगभग 120 बैठके के इस यात्रा के बैनर तले संपन्न हुई। पार्टी की यह बड़ी उपलब्धि है, इस यात्रा के माध्यम से समाज को जोड़ने का मंत्र दिया गया है एवं प्रदेश में नए माहौल को बनाने का काम किया गया है।

## मनीष सिन्हा बने एनआरआई प्रकोष्ठ के संयोजक

**पटना,** 13 सितम्बर (देशबन्धु)। बिहार भाजपा द्वारा मनीष सिन्हा को एनआरआई प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा बुधवार को पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठ के संयोजक, सह-संयोजक और प्रभारियों की नियुक्ति पत्र जारी की गई, जिसमें पार्टी की ओर से मनीष सिन्हा को यह जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस मौके पर मनीष सिन्हा ने बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष विजय सिन्हा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी जिम्मेदारी के ईमानदारी पूर्वक निर्वहन की बात कही। पार्टी ने जिस भरोसे के साथ अहम जिम्मेदारी सौंपी है, उसका मान रखते हुए अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति एवं मजबूत संकल्प के साथ संगठन की कार्य योजनाओं को मूर्त रूप देने का हर संभव प्रयत्न करेंगे। एनआर आई लोगों को प्रदेश में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## चंद्रबाबू नायडू के समर्थन में उतरे हैदराबाद के आईटी पेशेवर

### आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र बचाने का किया आह्वान

**हैदराबाद,** 13 सितम्बर (एजेंसियां)। कौशल विकास निगम घोटाले में गिरफ्तार किए गए आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू के समर्थन में हैदराबाद के कई आईटी पेशेवर उतरे।

हैदराबाद में विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले आईटी पेशेवरों ने प्रमुख आईटी क्लस्टर गाचीबोवली में विप्रो सर्कल में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। मैं सीबीएन के साथ हूं नारे वाली तख्तियां लिए प्रदर्शनकारियों ने नायडू के प्रति एकजुटता दिखाते हुए नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने चंद्रबाबू नायडू की तत्काल रिहाई की मांग की और आंध्र प्रदेश में लोकतंत्र बचाने का आह्वान किया।



हालांकि शनिवार को नायडू की गिरफ्तारी के बाद से कुछ आईटी कर्मचारियों ने व्यक्तिगत रूप से उनके प्रति अपना समर्थन दिखाया है, लेकिन यह पहली बार था कि बड़ी संख्या में लोग अपनी एकजुटता दिखाने के लिए एकत्र हुए।

हैदराबाद की विभिन्न कंपनियों में काम करने वाले पड़ोसी राज्य आंध्र प्रदेश के कई तकनीकी विशेषज्ञ विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। नायडू 1995 से 2004 तक अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।

**परेशानी** *पछले कई सालों से मौसम की आंख मिचोली से कश्मीरी परेशान*

# सितम्बर माह में रिकार्ड तोड़ गर्मी सुखा रही कश्मीरियों के कंठ

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 13 सितम्बर (देशबन्धु)। अनंतनाग का रहने वाला निदा फाजिली अपनी दुआ में खुदा से उस भीषण सूखे और गर्मी से निजाते पाने की दुआ को कबूल करने की फरियाद कर रहा है जो कश्मीर में कई दशकों के बाद दिखा है। हालांकि कश्मीरियों की यह बदकिस्मती ही कही जा सकती है कि कभी उन्हें कम बर्फबारी के दौर से गुजरना पड़ रहा है।**

तो कभी भयानक बर्फबारी के दौर से निजात पाने को विशेष नमाज अता करनी पड़ रही है। वर्ष 2018 के नवम्बर महीने में समय से पूर्व होने वाली भयानक बर्फबारी के दौर में निदा फाजिली ने अपने खेतों और घरों को बचाने की खातिर विशेष नमाज में हिस्सा लिया था।


अब सितम्बर महीने में रिकार्ड तोड़ गर्मी और सूखे के कारण अब उनके भी कंठ सूखने लगे हैं। हालांकि मौसम विभाग कहता है कि अगले चार दिनों के बाद कश्मीर को सूखे से निजात मिल सकती है। पर वह भी आशंकित है क्योंकि कोई पश्चिमी विक्षोभ नजर नहीं आने के कारण इस बार मौसम की भविष्यवाणी सच साबित हो पाएगी इसके प्रति शंका का माहौल है। मौसम विशेषज्ञ डा. इरफान रशीद कहते थे कि यह सब क्लाइमेट चेंज का नतीजा है कि जिस कश्मीर की ओर सारी दुनिया गर्मी से छुटकारा पाने को दौड़ पड़ती थी अब वे ही कश्मीरी बार-बार गर्मी से छुटकारा पाने को ठंडे स्थानों की ओर दौड़ लगाए हुए हैं। उनके बकौल, कश्मीर में पिछले कई सालों से मौसम की आंख मिचौनी कश्मीरियों को परेशान किए हुए है। इसमें कभी भारी बर्फबारी, कभी सूखा और कभी बर्फ न गिरने की सजा भी उन्हें भुगतनी पड़ रही है।



- सूखे के चलते धान व सेब की फसल पर मंडराया सकट

वर्ष 2000 की शुरुआत में भी सालभर कश्मीर में बारिश नहीं हुई तो भयानक सूखे के दौर से गुजरने वाले कश्मीर के कई गांवों में फसलें तक नहीं बोई जा सकी थीं। केसर की फल पर भी मौसम की मार पड़ी थी। हालांकि मौसम विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डा. मुखर अहमद कहते थे कि फिलहाल कश्मीर में बरसात की कमी के कारण भी ऐसे हालात पैदा हुए हैं जो आने वाले दिनों में भी पानी के संकट को बढ़ाएंगे। अभी यह धान और सेब की फसल को चौपट कर रहे हैं।

जानकारी के लिए इस बार पूरे प्रदेश में बहुत कम पानी बरसा है और सितम्बर में भी ऐसी ही स्थिति के बने रहने की आशंका जताई जा रही है। श्रीनगर में गत मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस ने 53 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। स्थानीय मौसम विभाग के निदेशक सोनम लोटस ने बताया कि कश्मीर में वर्तमान भीषण गर्मी ने श्रीनगर में 53 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जहां मंगलवार को अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6 डिग्री अधिक है।




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188